**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 24 – 32 |
| आर्द्रता | 81% |
| सूर्योदय: 5:31 | सूर्यास्त: 17:14 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
# समाज्ञा



गिल के शतक से भारत का विशाल स्कोर
पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**सुविचार :** अपनी परिस्थितियों पर विचार न करनेवाला व्यक्ति मूर्ख होता है।

## जम्मू-कश्मीर में बंगाल के पैरा कमांडो की मौत पर ममता ने जताया शोक

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के दो पैरा कमांडो की जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान हुई मौसम खराब होने से मौत पर शनिवार को दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सैनिकों के परिवारों के प्रति भी संवेदना व्यक्त की। बनर्जी ने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे बंगाल के दो बहादुर पैरा कमांडो के बलिदान होने से दुखी हूं, जिनकी जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकवाद रोधी मिशन के दौरान खराब मौसम के कारण मौत हो गई। बीरभूम जिले के लांस नायक सुजय घोष और मुर्शिदाबाद के लांस हवलदार पलाश घोष, दोनों सैनिक एक विशिष्ट पैरा इकाई का हिस्सा थे जो दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग क्षेत्र में एक उच्च ऊंचाई वाले अभियान में शामिल थे। दोनों सैनिक क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाए जाने के दौरान खराब मौसम का शिकार हो गए। सुश्री बनर्जी ने कहा कि देश की सुरक्षा करने के लिए बीरभूम जिले के लांस नायक सुजय घोष और मुर्शिदाबाद के लांस हवलदार पलाश घोष को उनकी अनुकरणीय वीरता, समर्पणता और सर्वोच्च बलिदान के लिए हमारा सलाम। उन्होंने कहा कि उनके परिवारों और दोस्तों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। हमारी सरकार दुख की इस घड़ी में हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

## अमेरिका ने चीन पर ठोका 100% अतिरिक्त टैरिफ

### सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट पर भी बैन की धमकी- 1 नवंबर से लागू होंगी नई दरें

**वाशिंगटन :** अमेरिका और चीन के बीच एक बार फिर टैरिफ वॉर छिड़ता हुआ नजर आ रहा है। चीन द्वारा अमेरिकी इंडस्ट्री के लिए आवश्यक दुर्लभ खनिजों के एक्सपोर्ट को बैन करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को चीन के खिलाफ नए सिरे से ट्रेड पेनल्टी की घोषणाएं की, जिसमें कहा गया कि अमेरिका चीन की सभी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। ये 100 प्रतिशत टैरिफ, चीन पर लगाए जा रहे मौजूदा टैरिफ के साथ अलग से लगाया जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीन पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ 1 नवंबर, 2025 से लागू होगा।

# ओडिशा की मेडिकल छात्रा से दुर्गापुर में सामूहिक बलात्कार



**कोलकाता :** ओडिशा की एक मेडिकल छात्रा से श्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। छात्रा के परिवार के सदस्यों ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात दुर्गापुर स्थित निजी मेडिकल कॉलेज परिसर के बाहर हुई। उन्होंने बताया कि द्वितीय वर्ष की छात्रा अपने एक दोस्त के साथ रात का भोजन करने के लिए बाहर गई थी, तभी यह वारदात हुई। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली पीड़िता का कॉलेज अस्पताल में इलाज हो रहा है और उसने पुलिस को अपना बयान दे दिया है। पिछले साल आरजी कर अस्पताल में बलात्कार-हत्या मामले के बाद हुई इस घटना के बाद, विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दावा किया कि ममता बनर्जी के शासन में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि ऐसे मामलों का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। अधिकारी ने कहा, छात्रा के परिजनों की शिकायत के आधार पर हमने जांच शुरू कर दी है। बाद में, दुर्गापुर कमिश्नरेट के उपायुक्त (पूर्वी) अभिषेक गुप्ता ने कहा, मामला संवेदनशील है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। जैसे ही और जानकारी मिलेगी, उसे साझा किया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत में छात्रा के माता-पिता ने कहा कि वे बेटी के दोस्तों का फोन आने के बाद आज सुबह दुर्गापुर पहुंचे। छात्रा की मां ने आरोप लगाया कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे उनकी बेटी के साथ उस वक्त सामूहिक बलात्कार किया गया जब वह अपने एक दोस्त के साथ रात का भोजन करने के लिए कॉलेज परिसर से बाहर गई थी। छात्रा के पिता ने कहा, हम आज सुबह यहां आए और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मैंने सुना था कि कॉलेज में अच्छी पढ़ाई होती है, इसलिए हमने अपनी बेटी को यहां मेडिकल की पढ़ाई के लिए भेजा था।'' दुर्गापुर के न्यू टाउनशिप थाने के पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि छात्रा शुक्रवार रात करीब आठ-साढ़े आठ बजे अपने दोस्त के साथ परिसर से बाहर गई थी। अधिकारी ने कहा, जब तीन अज्ञात लोग वहां पहुंचे, तो उसका दोस्त उसे अकेला छोड़कर चला गया। उन लोगों ने उसका फोन छीन लिया और कैंपस के बाहर जंगल में ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। उसे धमकी दी गई कि अगर उसने घटना के बारे में किसी को बताया, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने बताया कि आरोपी ने छात्रा से पीड़िता का मोबाइल फोन लौटाने के लिए पैसे की भी मांग की। अधिकारी ने कहा, हमने कल रात पीड़िता के दोस्त से बात की। हम सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल कर रहे हैं। सबूत जुटाने के लिए एक फॉरेंसिक टीम घटनास्थल का दौरा करेगी।

### माझी ने बंगाल में ओडिशा की छात्रा से सामूहिक बलात्कार मामले में ममता से कार्रवाई की मांग की

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में ओडिशा की एक छात्रा से सामूहिक बलात्कार पर चिंता व्यक्त की और अपराधी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पड़ोसी राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से हस्तक्षेप की मांग की। पीड़िता के परिवार के सदस्यों ने कहा कि यह घटना शुक्रवार रात को पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में निजी मेडिकल कॉलेज परिसर के बाहर हुई जब ओडिशा के बालासोर जिले के जलेश्वर की रहने वाली द्वितीय वर्ष की छात्रा अपने एक दोस्त के साथ रात के खाने के लिए बाहर गई थी। छात्रा का नजदीकी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

### मित्र हिरासत में, स्वास्थ्य विभाग ने मांगी रिपोर्ट, कॉलेज में छात्रों का विरोध प्रदर्शन

दुर्गापुर स्थित निजी मेडिकल कॉलेज के बाहर ओडिशा की एक मेडिकल छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने शनिवार को छात्रा के एक मित्र को हिरासत में लिया है। वहीं, राज्य स्वास्थ्य विभाग ने कॉलेज प्रशासन से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने 35,440 करोड़ रुपये की दो बड़ी कृषि योजनाओं का शुभारंभ किया



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को 35,440 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय वाली दो प्रमुख कृषि योजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें आयात पर निर्भरता कम करने के लिए एक दलहन आत्मनिर्भरता मिशन शामिल है। मोदी ने किसानों से घरेलू और वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाने का आह्वान भी किया। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के पूसा परिसर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मोदी ने कहा कि दो बड़ी योजनाएं - 24,000 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएम-डीडीकेवाई) और 11,440 करोड़ रुपये का दलहन आत्मनिर्भरता मिशन - लाखों किसानों का भाग्य बदल देंगी। प्रधानमंत्री ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में 5,450 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और लगभग 815 करोड़ रुपये की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला रखी। पीएम-डीडीकेवाई का मकसद आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) मॉडल के आधार पर 100 कम प्रदर्शन वाले कृषि जिलों का कायाकल्प करना है। यह योजना फसल उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने, सिंचाई और भंडारण सुविधाओं में सुधार और चयनित जिलों में ऋण पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित होगी। उन्होंने कहा, 'आपने (किसानों ने) आजादी के बाद भारत को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाया है। अब, भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में आपकी अहम भूमिका है। एक ओर, हमें खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनना है, वहीं दूसरी ओर हमें वैश्विक बाज़ार के लिए उत्पादन करना होगा। मित्रों, हमें अंतरराष्ट्रीय बाजार की संभावनाएं तलाशनी होंगी।' मोदी ने किसानों से उन फसलों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया जिनकी वैश्विक मांग है। उन्होंने कहा, 'हमें अपने आयात कम करने होंगे, जबकि निर्यात बढ़ाने में पीछे नहीं रहना चाहिए।' उन्होंने कहा कि ये दोनों नई योजनाएं इन दोनों उद्देश्यों को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएंगी। मोदी ने किसानों से गेहूं और चावल के अलावा, दालों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा, ताकि प्रोटीन सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## चीन सीमा पर चौकन्ना और सावधान रहने की जरूरत : प्रमुख रक्षा अध्यक्ष



**देहरादून :** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि सीमावर्ती होने के कारण उत्तराखंड सामरिक रूप से बहुत संवेदनशील और महत्वपूर्ण राज्य है और चीन सीमा पर चौकन्ना और सावधान रहने की जरूरत है। यहां पूर्व सैनिकों की एक रैली को संबोधित करते हुए जनरल चौहान ने कहा कि उत्तराखंड की चीन के साथ 350 किलोमीटर तथा नेपाल के साथ 275 किलोमीटर सीमा लगती है जो राज्य को सुरक्षा के दृष्टिकोण से संवेदनशील और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बनाती हैं । उन्होंने कहा, उत्तराखंड का चीन के साथ बॉर्डर बहुत शांत है और इसलिए कभी-कभी हम यह भूल जाते हैं कि उत्तराखंड एक सीमावर्ती राज्य है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि एलसी (नियंत्रण रेखा) और सीमा को लेकर चीन के साथ हमारे थोड़े मतभेद हैं और कभी-कभी ये उजागर हो जाते हैं, जैसे बाराहोती के इलाके में। इस कारण हम सबको चौकन्ना और सावधान रहना पड़ेगा। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने सीमावर्ती इलाकों के लोगों से सीमा की सुरक्षा में सक्रिय भागीदारी की अपील की और कहा कि सीमाओं की निगरानी केवल सेना की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों की सजगता भी उतनी ही अहम है। सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों खासतौर से पूर्व सैनिकों को आंखें बताते हुए सीडीएस ने कहा कि यदि वे सतर्क रहेंगे तो सीमाएं और भी मजबूत रहेंगी। उन्होंने इस मौके पर फिल्म आंखें का मशहूर डायलॉग भी सुनाया, उस मुल्क की सरहद को कोई छू नहीं सकता जिस मुल्क की निगहबान हो आंखें। जनरल चौहान ने यह भी कहा कि जिस तरह सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में कोऑपरेटिव सोसायटीज सेना को खाद्य आपूर्ति करती हैं, उसी तर्ज पर अब उत्तराखंड में भी यह व्यवस्था शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल डेयरी और पशुपालन से जुड़े उत्पाद कोऑपरेटिव सोसायटियों से लिए जा रहे हैं, और आने वाले समय में ताजा राशन भी इन्हीं से लिया जाएगा।

## स्तन कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं; 'जंक फूड' और व्यायाम की कमी इसके लिए जिम्मेदार : डॉक्टर

**मुंबई :** भारत में महिलाओं में होने वाले सभी कैंसरों में स्तन कैंसर का हिस्सा 30 प्रतिशत है और 2030 तक यह संख्या बढ़कर प्रति वर्ष लगभग दो लाख हो सकती है। विशेषज्ञों ने शनिवार को यहां एक सम्मेलन में यह बात कही। टाटा मेमोरियल अस्पताल की स्तन कैंसर सर्जन डॉ. श्लाका जोशी ने कहा कि व्यायाम या शारीरिक गतिविधि की कमी स्तन कैंसर के खतरे को लगभग दोगुना कर देती है। वह 'वीमेन्स कैंसर इनिशिएटिव और टाटा मेमोरियल अस्पताल' द्वारा स्तन कैंसर प्रबंधन पर आयोजित वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। डॉ. जोशी ने संवाददाताओं से कहा, ''स्तन कैंसर महिलाओं में सबसे आम कैंसर माना जाता है। भारत में 20 में से एक या चार प्रतिशत महिलाओं को अपने जीवनकाल में स्तन कैंसर होने का खतरा रहता है। अनुमान है कि 2030 तक, स्तन कैंसर के प्रति वर्ष लगभग दो लाख मामले सामने आ सकते हैं।''

## अध्यात्म, आस्था और राष्ट्रीयता ही भारत की असली पहचान : योगी आदित्यनाथ



**गाजीपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि अध्यात्म, आस्था और राष्ट्रीयता ही भारत की असली पहचान है। योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गाजीपुर स्थित सिद्धपीठ श्री हथियाराम मठ परिसर में आयोजित 'राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता विषयक प्रबुद्धजन संवाद संगम' को संबोधित करते हुए कहा, भारत की पहचान उसकी आध्यात्मिक चेतना में है और जब तक भारत का नागरिक अपनी आध्यात्मिकता और राष्ट्रीयता के भाव से कार्य करेगा, तब तक देश को विश्वगुरु के रूप में स्थापित होने से कोई नहीं रोक सकता। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें भगवती मां परम्बा बुढ़िया देवी के दर्शन और 900 वर्ष पुरानी संन्यासी परंपरा के इस सिद्ध पीठ में पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नंदन यति जी महाराज के सानिध्य में उपस्थित होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि यह पीठ न केवल अध्यात्म का केंद्र है, बल्कि लोकमंगल और राष्ट्रीय एकता का भी सशक्त माध्यम है। योगी ने कहा कि राम मंदिर निर्माण केवल एक धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि भारत की आत्मा के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब करोड़ों रामभक्तों ने संकल्प लिया था 'राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे', तब लोगों ने इसे असंभव माना था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और पूज्य संतों के आशीर्वाद से यह संकल्प अब साकार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2020 में राम मंदिर की आधारशिला रखे जाने से लेकर 2024 में भगवान श्रीराम के अपने गर्भगृह में विराजमान होने तक की यात्रा भारत की आस्था, एकता और संकल्प शक्ति की मिसाल है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में चारों द्वारों का नाम चार प्रमुख आचार्यों शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, रामानंदाचार्य और माधवाचार्य के नाम पर रखा गया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के मठ और मंदिर केवल उपासना के स्थान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता के आधार स्तंभ भी हैं। उन्होंने कहा कि जब समाज में जाति या संप्रदाय के नाम पर वैमनस्य फैलाने की कोशिश होती है, तब यही मठ और संत समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। योगी ने मंच से वीर अब्दुल हमीद और महावीर चक्र विजेता राम उग्रह पांडेय के परिवारों का सम्मान करते हुए कहा कि गाजीपुर की धरती ने देश को असंख्य वीर सपूत दिए हैं।

## शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों से स्कूल फीस प्रक्रिया को आधुनिक बनाने और यूपीआई का उपयोग करने को कहा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों से पारदर्शिता में सुधार और अभिभावकों के वास्ते सुविधा बढ़ाने के लिए यूपीआई का उपयोग कर विद्यालयों में शुल्क संग्रह प्रक्रियाओं को आधुनिक बनाने को कहा है। मंत्रालय का स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग अपनी तरह के पहले कदम के तहत, यूपीआई, मोबाइल वॉलेट और नेट बैंकिंग जैसे डिजिटल भुगतान मंच की बढ़ती पहुंच का लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। इसने राज्यों और अन्य हितधारकों को पत्र लिखकर उनसे प्रशासनिक प्रक्रियाओं, विशेष रूप से विद्यालयों में वित्तीय लेनदेन से संबंधित प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण कर स्कूली शिक्षा को आसान बनाने के लिए एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) को अपनाने को प्रोत्साहित करने को कहा है। विभाग ने राज्यों और मंत्रालय के अधीन स्वायत्त निकायों, जैसे कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) और नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) को ऐसे तंत्रों का पता लगाने और उन्हें लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया, जो विद्यालयों को सुरक्षित और पारदर्शी डिजिटल तरीकों से प्रवेश और परीक्षा शुल्क एकत्र करने में सक्षम बनाते हैं। इस संबंध में जारी एक बयान के अनुसार, पत्र में उल्लेख किया गया है कि नकद भुगतान से डिजिटल भुगतान में बदलाव के कई फायदे हैं। अभिभावकों और छात्रों के लिए, यह सुविधा, पारदर्शिता और स्कूल जाए बिना घर बैठे भुगतान करने की सुविधा सुनिश्चित करती है। विभाग ने कहा है कि विद्यालयों में डिजिटल भुगतान की दिशा में कदम उठाना, शैक्षिक प्रशासन को सरकार के डिजिटल परिवर्तन के व्यापक लक्ष्य के साथ जोड़ने में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।







## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 12 अक्टूबर, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक कृष्णपक्ष षष्ठी, 14:21 तक, नक्षत्र : मृगशीर्षा, 13:39 तक, योग : वरीघा, 10:52 तक, सूर्योदय: 5:31, सूर्यास्त: 17:14, चन्द्रोदय : 21:45, चन्द्रास्त: 11:00, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 15:43 से 17:10

## साप्ताहिक : राशिफल
## 12-10-25 से 18-10-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** यह सप्ताह आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह अपने रिश्तों में नोंकझोक से बचना होगा। वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह कुछ कंफ्यूजन रहेगी, जो दोनों के बीच के प्यार को कमजोर करेगी। धन को लेकर इस सप्ताह आप अच्छा खर्चा करेंगे। आप कुछ महंगे कपड़े गाड़ियां आदि की खरीदारी भी करेंगे। आपको शेयर मार्केट आदि में निवेश करने के लिए प्लानिंग करनी होगी। व्यवसाय में अपने कामों पर ध्यान देना होगा।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** यह सप्ताह आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। प्रेमी जीवन जी रहे लोगों के लिए नया सप्ताह रिश्ते में मिठास लेकर आ रहा है। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी को अहमियत देनी होगी। उनके साथ भरपूर समय बताएं। धन को लेकर आपको इस सप्ताह थोड़ा सतर्क रहने की जरुरत है। किसी के कहने में मत आएं, वरना नुकसान होगा। किसी निवेश से पहले अच्छी तरह से सलाह-मशविरा कर लें। बिजनेस कर रहे लोग इस सप्ताह कुछ योजनाओं को लेकर आगे बढ़ेंगे। नौकरी में आपको किसी पॉलिटिक्स का हिस्सा बनने से बचना होगा।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** यह सप्ताह आपके लिए मिले-जुले परिणाम लेकर आएगा। इस सब प्रेमी जीवन जी रहे लोगों को अपने रिश्ते में किसी बाहरी व्यक्ति को आने से रोकना होगा। वैवाहिक जीवन में भी स्थितियां संतोषजनक नहीं हैं। इस सप्ताह आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपका डूबा हुआ धन भी मिलेगा। इनकम के नए सोर्स में यदि हाथ आजमाएंगो तो वह भी साथ देगा। आपको अपने खर्चों पर थोड़ा कंट्रोल करना होगा। व्यवसाय में किसी बड़े जोखिम से बचना होगा। आप किसी काम में पार्टनरशिप ना करें।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह आपको सोच समझ कर कामों को करना होगा। वैवाहिक जीवन में अभी संयम बरतने की जरुरत है। प्रेम जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह साथी को खुश रखने की पूरी कोशिश करेंगे। आर्थिक स्थिति को लेकर आपको थोड़ी टेंशन हो सकती है। बिजनेस कर रहे लोग इस सप्ताह अपने व्यवसाय में कुछ नया जोड़ने की कोशिश करेंगे। नौकरी में इस सप्ताह आपको कोई भी ऐसी बात नहीं करनी है, जिससे आपको नुकसान हो। विद्यार्थी अपनी मेहनत से पीछे ना हटें। इस सप्ताह आपको यात्रा करने से बचना होगा।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम लोगों को इस सप्ताह अपने रिश्ते में थोड़ा ध्यान देना होगा। गृहस्थ जीवन में इस सप्ताह आपको बेवजह का तनाव परेशान करेगा इसलिए संभलकर रहें। इस सप्ताह आपके इनकम बेहतर रहेगी। सेविंग को लेकर नए प्लान बनाएंगे। किसी से किए हुए वादे को भी पूरा करेंगे। बिजनेस में इस सप्ताह आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपका कोई पुराना रुका हुआ बिल फाइनल हो सकता है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** यह सप्ताह आपके लिए सामान्य रहेगा। प्रेम जीवन में नए सप्ताह में कुछ नए कामों की शुरुआत होगी। वैवाहिक जीवन में आपको किसी भी बात को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है और यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो तो भी धैर्य बनाएं रखें। आप किसी सरकारी योजना में भी धन लगाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपको अपने कामों को लेकर सतर्क रहना होगा। किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। बिजनेस में आपको थोड़ा सावधान रहकर अपने पेंडिंग बिलों को फाइनल करना होगा।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ उलझन भरा रहने वाला है। इस सप्ताह आपको अपने साथी से थोड़ी दूरी बनाकर रखनी होगा। गृहस्थ जीवन में आप अपने दोस्तों से मन की बात कहने की कोशिश करेंगे। आपको इस सप्ताह किसी मुद्दे को लेकर सतर्क रहना होगा। किसी प्रॉपर्टी से अच्छा धन कमाएंगे। किसी सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट के प्रयास बेहतर रहेंगे। करियर को लेकर नए सप्ताह में थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। अपनी योजनाओं को लेकर भी थोड़ा सतर्क रहें। विद्यार्थी अपनी मेहनत पर भरोसा रखें।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह आपको सोच समझ कर आगे बढ़ना होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी को पूरी इंपॉर्टेंस देंगे और उनसे रिश्ते में आगे बढ़ाने की बात करने की प्लानिंग करेंगे। वैवाहिक जीवन में सप्ताह आपको तनाव देने वाला दिख रहा है, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएगा। धन को लेकर इस सप्ताह आपको कोई बड़ा थोड़ा सोच विचार करना होगा। धन उधार ना लें। बिजनेस कर रहे लोग इस सप्ताह अपने काम को लेकर सतर्क रहें। नौकरी में आपको कुछ तनाव रहेगा। अपने कामों पर फोकस बनाएं रखें।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** यह सप्ताह आपको सोच समझ कर आगे बढ़ना होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अंडरस्टैंडिंग बनाए रखनी है। वैवाहिक जीवन में सोच-समझ कर बोलें। इस सप्ताह आपका धन अधिक खर्च हो सकता है। आपको कोई भी काम जल्दबाजी में नहीं करना है। आपको धन को लेकर ज्यादा समस्या नहीं आएगी। बिजनेस कर रहे लोग इस सप्ताह सावधान रहें। आंख बंद कर किसी पर भरोसा आपको नुकसान पहुंचा सकता है। इस सप्ताह नौकरी में भी सावधानी बरतनी होगी। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर ध्याना देना होगा।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** यह सप्ताह आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आ रहा है। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह अपनी सारी कंफ्यूजन दूर करनी होगी। इस सप्ताह अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़ा टेंशन में रहेंगे। आपको निवेश करने से पहले किसी अनुभव व्यक्ति की सलाह जरूर लेनी चाहिए। इस समय आप किसी पुराने वादे को पूरा करेंगे, जिसमें धन खर्च होगा। इस सप्ताह आपके करियर में कुछ समस्याएं आने की संभावना है इसलिए आप कोई भी कदम फूंक-फूंक कर रखें।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** यह सप्ताह आपके लिए आनंद में रहने वाला है। प्रेम जीवन में इस सप्ताह दोनों साथी मिलजुल कर रहें। अहम की कोई भावना ना आए। आप किसी काम को लेकर परेशान रहेंगे, लेकिन आपको अपने कामों की टेंशन परिवार पर नहीं उतारनी है। गृहस्थ जीवन में आपको किसी बात से समस्या है तो उसे शांति से सुलझाएं। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी लेकिन फिर भी आप अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। धन को लेकर यदि कोई कार्य पेंडिंग पड़ा हुआ था तो उसे भी आप इस सप्ताह पूरा कर सकते हैं।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** यह सप्ताह आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को नए सप्ताह में अपने रिश्ते को समय देना होगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां बनी रहेंगी क्योंकि आप एक दूसरे के साथ समय बिताएंगे।आर्थिक स्थिति को लेकर इस सप्ताह आपको कोई महत्वपूर्ण कदम उठाना पड़ सकता है। इस सप्ताह जरूरी चीजों पर ही धन खर्च करें तो बेहतर रहेगा। करियर में इस सप्ताह आपको सफलता मिलेगी। अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। आपको नए सप्ताह में बिना सोचे-समझे निवेश नहीं करना है।

# अयोध्या के 56 घाटों पर 28 लाख दीप जलाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश में भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में 56 घाटों पर इस वर्ष 28 लाख दीप जलाकर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने की तैयारी चल रही है। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि अयोध्या इस वर्ष एक बार फिर विश्व मंच पर अपनी आस्था, संस्कृति और गौरव का प्रकाश फैलाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में इस बार नौवां दीप-ोत्सव-2025 अब तक का सबसे भव्य और ऐतिहासिक आयोजन बनने जा रहा है। सरयू नदी के तट के 56



घाटों पर लगभग 28 लाख दीपों के प्रज्वलन के लिए 28 लाख दिए बिछाए जाएंगे, जो एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित करेगा। इस वर्ष आयोजन की विशेषता यह है कि पहली बार लक्ष्मण किला घाट को दीपोत्सव में शामिल किया गया है। यह दीपोत्सव केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति, आध्यात्मिकता और विश्वबंधुत्व का सशक्त प्रतीक है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में यह आयोजन न केवल अयोध्या के विकास और राम मंदिर निर्माण के विजन को आगे बढ़ा रहा है, बल्कि उत्तर प्रदेश को धार्मिक पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम भी है। इस अवसर पर लाखों श्रद्धालु और देश-विदेश से आए पर्यटक रामनगरी की इस दिव्य आभा के साक्षी बनेंगे। बयान के अनुसार लक्ष्मण किला घाट पर पहली बार सवा चार लाख दीप प्रज्वलित होंगे। राम की पैड़ी और चौधरी चरण सिंह घाट पर करीब साढ़े चार लाख दीप जलाए जाएंगे।

## 'इंडिया' 14 अक्टूबर तक बिहार चुनाव के लिये सीट बंटवारे पर निर्णय ले: झामुमो

**रांची :** विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' द्वारा अगर 14 अक्टूबर तक आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिये झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को सम्मानजनक सीटें नहीं दी गईं तो पार्टी अपना फैसला खुद लेगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि झामुमो बिहार चुनाव में 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के सहयोगी के रूप में कम से कम 12 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''हम महागठबंधन के साथ हैं और गठबंधन में चुनाव लड़ेंगे। हम बिहार में महागठबंधन के नेताओं से आग्रह करते हैं कि वे गठबंधन में झामुमो के हिस्से की घोषणा जल्द से जल्द करें, क्योंकि नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।'' उन्होंने कहा कि पार्टी ने बिहार चुनाव की तैयारी भी पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि झारखंड चुनाव में झामुमो ने अपने गठबंधन सहयोगियों - कांग्रेस, राजद, भाकपा (माले) एल - को सम्मानजनक हिस्सा दिया था। भट्टाचार्य ने कहा, ''इसलिए, हम बिहार चुनाव में झामुमो के लिए भी सम्मानजनक सीट मिलने की उम्मीद करते हैं।'' उन्होंने कहा कि 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को सात सीट दी गई थीं, लेकिन वह केवल एक चतरा सीट ही जीत पाई थी। झामुमो प्रवक्ता ने कहा, ''लेकिन, हमने झारखंड में गठबंधन सरकार में राजद के एकमात्र विधायक को पांच साल के लिए मंत्री बनाया। 2024 के चुनाव में, हमने झारखंड की पांच प्रतिशत सीट, यानी छह, राजद को दीं। चुनाव जीतने वाले चार सदस्यों में से एक को गठबंधन धर्म के तहत मंत्री बनाया गया।'' उन्होंने कहा कि झामुमो की केंद्रीय समिति की बैठक 15 अक्टूबर को होने वाली है।

## झारखंड: आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ जवान की मौत

**रांची :** झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में घायल हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अर्धसैनिक बल ने शुक्रवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले में जराइकेला थाना क्षेत्र के नक्सल हिंसा प्रभावित बाबूडेरा-समता क्षेत्र में यह अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान आईईडी की चपेट में आने से हेड कांस्टेबल महेंद्र लस्कर (45)



घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि लस्कर को राउरकेला के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां शनिवार तड़के उनकी मौत हो गई। लस्कर असम के रहने वाले थे और सीआरपीएफ की 60वीं बटालियन से जुड़े थे।

## ओवैसी ने बिहार में तीसरे मोर्चे की कोशिश तेज की, 100 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और महागठबंधन से इतर एक तीसरे मोर्चे की पहल ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की ओर से की जा रही है, जिसकी कमान पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने खुद संभाली है। हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने हाल के दिनों में सीमांचल का व्यापक दौरा किया है, जिसे पार्टी का पारंपरिक गढ़ माना जाता है। उन्होंने वहां कई जनसभाएं कीं और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर उनसे नए राजनीतिक समीकरण पर बात की। किशनगंज में पत्रकारों से बातचीत में ओवैसी ने कहा था, ''मैं बिहार में कई साथियों से मिलने और नई मित्रता करने के लिए उत्सुक हूं। राज्य की जनता को एक नया विकल्प चाहिए और हम वही बनने की कोशिश कर रहे हैं।'' उल्लेखनीय है कि सीमांचल बिहार के पूर्वोत्तर हिस्से को कहा जाता है। इसमें चार जिले कटिहार,किशनगंज, अररिया और पूर्णिया शामिल है। यह क्षेत्र मुस्लिम बहुल आबादी, गरीबी और विकास की कमी जैसे मुद्दों के कारण लंबे समय से राजनीतिक दलों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। एआईएमआईएम ने 2015 में पहली बार बिहार विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाई थी। पार्टी ने सीमांचल की छह सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन उसे कोई सफलता नहीं मिली।

## अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट बहाल, वैष्णव ने कहा: 'निलंबन' में कोई भूमिका नहीं

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव का आधिकारिक फेसबुक अकाउंट बहाल कर दिया गया है। पार्टी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सपा प्रमुख के फेसबुक अकाउंट को कथित तौर पर पहले निलंबित कर दिया गया था। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अकाउंट ब्लॉक करने में सरकार की कोई भूमिका नहीं थी। वैष्णव ने कहा, अखिलेश यादव के अकाउंट से एक अपमानजनक पोस्ट किया गया था और फेसबुक ने अपनी नीतियों के अनुसार उसे ब्लॉक कर दिया। यादव ने शनिवार सुबह समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण की जयंती के उपलक्ष्य में अपने अकाउंट पर उनका एक उद्धरण साझा किया। उनके पोस्ट में लिखा था, ''संपूर्ण क्रांति से मेरा तात्पर्य समाज के सबसे उत्पीड़ित व्यक्ति को सत्ता के शिखर पर देखना है।'' सपा प्रवक्ता दीपक रंजन ने सोशल मीडिया पेज के निलंबन और बाद में उसके बहाल होने की पुष्टि की। वहीं पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा, ''मुझे अभी तक पता नहीं है कि इसे बहाल किया गया है या नहीं, लेकिन मुख्य मुद्दा यह है कि इस निलंबन के पीछे कौन था? यह कृत्य लोकतांत्रिक राय और सच्चाई को अवरुद्ध करने का एक स्पष्ट प्रयास था।'' सपा नेताओं ने इससे पहले आरोप लगाया था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार 80 लाख से अधिक फॉलोअर्स वाले अकाउंट को निलंबित कर हर विरोधी आवाज को दबाने के लिए अघोषित आपातकाल लगाने की कोशिश कर रही है। सूत्रों ने बताया कि सपा प्रमुख के आधिकारिक फेसबुक अकाउंट को शुक्रवार शाम करीब छह बजे निलंबित किया गया।

## पूरण कुमार की 'आत्महत्या' की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है: मायावती

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने शनिवार को कहा कि हरियाणा के पुलिस अधिकारी वाई. पूरण कुमार की ''आत्महत्या'' की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है और इससे खासकर दलित एवं बहुजन समाज के लोग काफी उद्वेलित हैं। बसपा प्रमुख ने 'एक्स' पर लिखा, ''हरियाणा राज्य में आईजी (महानिरीक्षक) रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरण कुमार, जिनकी पत्नी भी हरियाणा की वरिष्ठ आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी हैं, द्वारा जातिवादी शोषण एवं प्रताड़ना के कारण की गयी आत्महत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। ख़ासकर दलित एवं बहुजन समाज



के लोग काफी उद्वेलित हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह अति-दुखद एवं अति-गंभीर घटना खासकर एक सभ्य सरकार के लिये शर्मनाक है और यह साबित करती है कि लाख दावों के बावजूद जातिवाद का दंश विशेषकर शासन-प्रशासन में कितना अधिक हावी है तथा सरकारें इसे रोक पाने में विफल साबित हो रही हैं। वैसे यह सब सरकार की नीयत व नीति की बात ज्यादा है।'' मायावती ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की समयबद्ध तरीके से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि सभ्य समाज को शर्मिंदा करने वाली ऐसी दर्दनाक घटनाएं दोबारा कहीं ना हो सकें। बसपा नेता ने कहा, ''हरियाणा सरकार इस घटना को पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता से ले तथा इसकी भी लीपापोती करने का प्रयास ना करे तो यह उचित होगा। जांच के नाम पर खानापूर्ति नहीं होनी चाहिए, जैसे कि आरोप लगने शुरू हो गए हैं।'' उन्होंने उच्चतम न्यायालय एवं केंद्र सरकार से इस घटना का ''उचित संज्ञान लेने'' का आग्रह किया।

## नए आपराधिक कानूनों का एक साल, जयपुर में प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे शाह

जयपुर : देश में तीन नयी आपराधिक संहिताओं के कार्यान्वयन की पहली वर्षगांठ पर जयपुर में एक प्रदर्शनी का आयोजन होगा जिसका उद्घाटन 13 अक्टूबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली तीन नवीन आपराधिक संहिताओं को लागू हुए एक वर्ष पूरा हो चुका है। एक जुलाई 2024 से लागू हुए इन ऐतिहासिक कानूनों की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दंड के स्थान पर न्याय की अपनी अवधारणा को प्रदर्शित करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से यहां सीतापुरा में 13 से 18 अक्टूबर तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

## पूर्व सांसद अरुण कुमार जद(यू) में शामिल, ललन सिंह ने कराई 'घर वापसी'

**पटना :** बिहार के जहानाबाद के पूर्व सांसद और मगध क्षेत्र के प्रभावशाली नेता डॉ. अरुण कुमार शनिवार को अपने बेटे ऋतुराज के साथ जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हो गए। जद(यू) में उनकी यह दूसरी पारी है। पटना स्थित जद(यू) के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने दोनों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर बिहार सरकार में मंत्री विजय चौधरी और अशोक चौधरी भी मौजूद थे। संजय झा ने इस मौके पर कहा, ''अरुण कुमार और ऋतुराज के शामिल होने से जद(यू) को जहानाबाद के साथ-साथ पूरे मगध क्षेत्र में नयी ऊर्जा मिलेगी। जनता अब विकास की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काम पर भरोसा जता रही है।''

## नयी तकनीक और नवाचारों में अग्रणी राष्ट्र ही करते हैं दुनिया का नेतृत्व : भजनलाल शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि नयी तकनीक और नवाचारों में अग्रणी बनने वाले देश ही दुनिया का नेतृत्व करते हैं। शर्मा ने यहां मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमें अपनी कर्मशीलता को प्रयोगशालाओं, स्टार्टअप, उद्योगों और कक्षाओं तक लेकर जाना है तथा भविष्य सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटर, नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियां तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता का है और वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीविद्, रणनीतिकार और नवप्रवर्तक भविष्य के नायक होंगे।

## बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहता : भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह

**पटना :** भोजपुरी फिल्मों के मशहूर अभिनेता पवन सिंह ने शनिवार को घोषणा की कि वह बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, बल्कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक ''सिपाही'' के रूप में पार्टी के साथ जुड़े रहेंगे। सिंह का यह बयान ऐसे समय आया है जब ऐसी अटकलें थीं कि पवन सिंह भोजपुर जिले की सात विधानसभा सीटों में से किसी एक विशेषकर आरा या बड़हरा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। हाल ही में उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के प्रमुख तथा राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा से मुलाकात की थी जिसके बाद ही अटकलों को बल मिला था। पवन



सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं, पवन सिंह, अपने भोजपुरी समाज को यह जानकारी देना चाहता हूं कि मैं विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी (भाजपा) में शामिल नहीं हुआ था और न ही मैं चुनाव लड़ना चाहता हूं। मैं पार्टी का एक सच्चा सिपाही हूं और आगे भी रहूंगा।'' उन्होंने अपने पोस्ट में अमित शाह के साथ अपनी एक तस्वीर भी साझा की।

## झारखंड में 'पर्यटन' और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही पहली साइंस सिटी बनेगी

**रांची :** जल्द ही रांची में झारखंड की पहली साइंस सिटी और जमशेदपुर व धनबाद में क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र स्थापित किए जाएंगे, ताकि राज्य में वैज्ञानिक पर्यटन और नवाचार को बढ़ावा दिया जा सके। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य के प्रत्येक जिले में विज्ञान केंद्र स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा है। झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद (जेसीएसटीआई) के कार्यकारी निदेशक डॉ. राज शेखर प्रसाद ने बताया कि वर्तमान में झारखंड का एक क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र रांची में है, सरकार ने अब इसका साइंस सिटी के तौर पर उन्नयन करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए 26 एकड़ अतिरिक्त भूमि पहले ही उपलब्ध करा दी गई है। प्रसाद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, रांची स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र 17 एकड़ भूमि पर फैला हुआ है। साइंस सिटी एक बड़ी परियोजना है, और प्रत्येक राज्य में केवल एक ही स्थापित की जाती है। इसलिए, क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र को साइंस सिटी में उन्नत करने के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता थी। रांची प्रशासन ने क्षेत्रीय केंद्र से सटी 26 एकड़ भूमि आवंटित की है। जेसीएसटीआई एक सरकारी निकाय है, जो राज्य में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। प्रसाद ने कहा कि राज्य के पहले 'साइंस सिटी' के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) द्वारा तैयार की गई है, जो केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त सोसायटी है, जिसे राज्य मंत्रिमंडल से मंजूरी का इंतजार है।

## राजस्थान: दो परिवारों के आठ लोगों ने आत्महत्या की

**जयपुर :** राजस्थान के जयपुर और सीकर जिले में दो परिवारों के आठ लोगों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जयपुर में एक बुजुर्ग व्यक्ति, उनकी पत्नी और बेटे ने किराए के मकान में कथित तौर पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह जब उनके कमरे का दरवाजा देर तक नहीं खुला तो मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दरवाजा तोड़कर शवों को बरामद किया। करणी विहार के थानाधिकारी हवा सिंह ने बताया कि रूपेंद्र शर्मा (63), उनकी पत्नी सुशीला शर्मा (58) और उनके बेटे पुलकित शर्मा (32) मृत पाए गए।

## वर्ग पहेली नं. 3231

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 | ■ | 6 |
| ■ | | ■ | | ■ | 7 | 8 | | 9 | |
| 10 | | 11 | | ■ | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | 13 | | 14 | 15 | ■ | ■ | 16 | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | | | 19 | ■ | |
| ■ | 20 | | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 21 | | ■ | ■ | 22 | | ■ | 23 | 24 | |
| ■ | 25 | | 26 | | ■ | 27 | | | ■ |
| 28 | | ■ | 29 | | | | ■ | 30 | |

*बायें से दायें :-* 1) काले रंग का एक पालतू मादा पशु, 3) कठिन, 7) कमीनगी; दुराचार, 10) सीमा, 12) चमेली, 13) भेदभावहीनता, 16) कुपोषण, 18) जोर से भिड़ना, 20) एक धातु, 21) एक पक्षी, 22) नाटक का एक भाग, 23) जिस मात्रा में, 25) बेहूदी, 27) क़िस्म; जाति, 28) एकाग्र चिंतन, 29) कारगुज़ारी, 30) प्रचलित.

*ऊपर से नीचे :-* 2) यात्रा, 3) अभियोग, 4) मुँह के बाहर का ऊपर या नीचे का भाग, 5) घूँघट, 6) प्राणप्रिय, 8) साँस की बीमारी, 9) चुटकुला, 10) गवाह, 11) लालसा, 14) अभिनेता, 15) गुप्त अवलोकन, 17) जानलेवा, 19) बुरा; अवैध, 20) हाथीवान, 22) दूरी, 24) आग्रह, 26) तिब्बती जंगली भैंसा, 27) बाद में; उपरांत.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | रा | भू | त | ■ | ज | वा | ब | दे | ह |
| रा | ■ | मि | ■ | तं | ग | ■ | ग़ | ■ | ल्ला |
| या | च | क | ■ | ■ | म | स | ल | न | ■ |
| ■ | ■ | न्या | य | सं | ग | त | ■ | ■ | को |
| बे | ड़ी | ■ | क्री | ■ | ■ | त | ह | सी | ल |
| दि | ■ | जा | न | का | र | ■ | ल | ■ | का |
| ल | व | ली | न | ■ | स | ह | का | रि | ता |
| ■ | र्ण | ■ | ■ | स | श्री | ■ | ■ | वा | ■ |
| अ | न | ब | न | ■ | ना | ते | ■ | ज़ | ख़्मी |

## सुडोकू-पहेली-3188

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | | | | |
| | 2 | | 5 | | | | | 6 |
| 9 | 7 | | | 2 | | | 5 | |
| | | | | | | | | 4 |
| | 9 | | | 7 | | | 3 | |
| | | 8 | | | | | | |
| | | | 9 | | 4 | 1 | | |
| | | | | | | | 2 | 5 |
| | | 5 | 2 | | | 7 | | 3 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3187 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 8 | 1 |
| 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 9 | 2 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 3 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 4 | 5 | 1 | 3 | 8 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 |
| 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 2 | 6 | 4 | 7 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 | 8 | 7 | 9 |
| 4 | 8 | 3 | 9 | 7 | 6 | 5 | 1 | 2 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 3 | 6 | 4 |

# सेवानिवृत्त जज से 4.49 करोड़ की ठगी के मामले में बिहार का नेता कोलकाता में गिरफ्तार

❑ **विधाननगर थाने में नेता राजीव रंजन कुमार के खिलाफ दर्ज हैं दो मामले**

❑ **इस बार फिर बिहार के विभूतिपुर में चुनाव लड़ने की तैयारी में**

**कोलकाता :** विधाननगर पुलिस ने बिहार के एक नेता राजीव रंजन कुमार को करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। कुमार ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय सबलोग पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे। हाल के महीनों में वह कोलकाता के साल्टलेक में भी रह थे आरोप है कि जहां उन्होंने कथित तौर पर धोखाधड़ी का धंधा चलाया और मोटी रकम की ठगी की है। खबर है कि इस बार भी विभूतिपुर थाना क्षेत्र



के रहने वाले राजीव रंजन कुमार ने बिहार के समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी में थे।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक विधान-नगर पुलिस कमिश्नरेट की खुफिया इकाई ने सितंबर में साल्टलेक पूर्व थाने में दर्ज दो अलग-अलग धोखाधड़ी के मामलों से उन्हें गिरफ्तार किया। इनमें से एक प्रमुख मामला कलकत्ता हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश इंद्रजीत चटर्जी से 4.49 करोड़ रुपये के कथित गबन का है। पूर्व न्यायाधीश चटर्जी पिछले सात सितंबर को अपनी शिकायत में उन्होंने नेता व प्रमोटर(बिल्डिंग निर्माण से जुडा कार्य) राजीव रंजन कुमार, निवासी एसी-127, सेक्टर-एक एवं एफई-144, सेक्टर-थ्री, साल्टलेक सिटी, कोलकाता पर 4.49 करोड़ रुपये की ठगी और धन के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि कुमार ने पूर्व न्यायाधीश को धोखा देने और झूठे बहाने बनाकर धन की हेराफेरी करने में अहम भूमिका निभाई है। आरोप है कि राजीव रंजन ने एक वित्तीय लेन-देन में भारी रकम लेकर वापस नहीं की। मामले की जांच के बाद गुरुवार को बिधाननगर थाने की पुलिस ने नामजद अभियुक्त राजीव रंजन कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

14 सितंबर को दर्ज किए गए दूसरे मामले में कुमार पर साल्टलेक के सीडी ब्लाक में एक करोड़ रुपये मूल्य का मकान बेचने के लिए जाली दस्तावेज बनाने का आरोप है। एजे ब्लाक के एक निवासी ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि कुमार ने संपत्ति के दस्तावेज में हेराफेरी की और अवैध लेनदेन किया।

❑ **24 प्रतिशत वार्षिक ब्याज का दिया था लालच**

रिटायर्ड जस्टिस इंद्रजीत चटर्जी, जो वर्तमान में बीके-169, सेक्टर-खख, साल्ट लेक में रहते हैं, ने अपनी शिकायत में कहा है कि राजीव रंजन कुमार, जो 'त्रिमूर्ति इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड' के प्रबंध निदेशक हैं, ने निवेश के नाम पर उनके साथ धोखाधड़ी की। शिकायत के अनुसार, वर्ष 2024 में संपत्ति खरीदने के दौरान जस्टिस चटर्जी की राजीव से पहचान हुई थी। संपत्ति सौदे में मदद के बाद राजीव ने विश्वास जीतकर उन्हें दो प्रोजेक्ट्स- एफई-388, सेक्टर-थ्री और सीए-124, सेक्टर-एक, साल्टलेक- में निवेश का प्रस्ताव दिया। राजीव ने दावा किया कि निवेश पर उन्हें 24 प्रतिशथ वार्षिक ब्याज मिलेगा और परियोजनाओं से होने वाले लाभ को 50-50 के अनुपात में साझा किया जाएगा। इस विश्वास के आधार पर, जस्टिस चटर्जी ने दो करोड़ रुपये चार चेकों के माध्यम से दिए। बाद में राजीव ने परियोजनाओं के बहाने और 2.29 करोड़ रुपये भी लिए। इस प्रकार ब्याज जोड़कर कुल निवेश 4.49 करोड़ तक पहुंच गया।

लेकिन शिकायत के अनुसार, यह पैसा जिन दो प्रोजेक्ट्स (एफई-388 और सीए-124) के लिए लिया गया था, उनमें निर्माण कार्य दिसंबर 2024 के बाद बिल्कुल भी नहीं हुआ। इसके बजाय, राजीव ने उक्त राशि का उपयोग एजे-13, सेक्टर-दो और ईएफ-144, सेक्टर-थ्री में स्थित दो अन्य चार मंजिला इमारतों के निर्माण में किया। जस्टिस चटर्जी ने आरोप लगाया कि यह सब 'सुनियोजित धोखाधड़ी' थी। राजीव ने जानबूझकर उनकी गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग किया और अपने लाभ के लिए निवेश की राशि को दूसरी परियोजनाओं में लगा दिया।

❑ **कुमार पर धोखाधड़ी, विश्वासघात का आरोप**

पूर्व न्यायाधीश का कहना है कि लगातार अनुरोध और संपर्क के बावजूद राजीव ने पैसे लौटाने से इन्कार कर दिया और संपर्क से बचने लगे। जब शिकायतकर्ता ने निर्माण स्थलों का दौरा किया, तो पाया कि उनके निवेश से संबंधित परियोजनाएं अधर में पड़ी हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि इस आर्थिक धोखाधड़ी ने जस्टिस चटर्जी और उनके परिवार को मानसिक व आर्थिक रूप से तोड़ दिया है। उनकी पत्नी को तनाव के कारण मानसिक अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जबकि वे स्वयं अपने मानसिक रूप से विकलांग बेटे के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने पुलिस से राजीव रंजन कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी, विश्वासघात और आपराधिक दुरुपयोग के आरोपों के तहत कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## बंगाल के राज्यपाल स्वदेशी जोहो मेल अपनाने वाले पहले राज्यपाल बने

❑ **गृह मंत्री द्वारा भारत में निर्मित जोहो मेल अपनाने के आह्वान के बाद उठाया कदम**

**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी के आह्वान और गृह मंत्री अमित शाह के सरकारी अधिकारियों से भारत में निर्मित जोहो अपनाने की अपील के बाद बंगाल के राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस ने जोहो मेल को अपना लिया है। राजभवन के एक अधिकारी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अब से राजभवन से आनलाइन पत्राचार जोहो मेल पर किया जा सकता है। अधिकारी के अनुसार, बोस देश में पहले राज्यपाल हैं, जिन्होंने गृह मंत्री के आह्वान कि बाद सर्वप्रथम स्वदेशी जोहो मेल को अपनाया है। राजभवन ने अपने नए ईमेल आईडी- bengalgovernorzohomail.in की घोषणा करते हुए सभी से इसी पर मेल भेजने का आग्रह किया है। मालूम हो कि इससे पहले बीते आठ अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह ने खुद को जीमेल से स्वदेशी जोहो मेल पर शिफ्ट होने की घोषणा की थी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में अपना नया ईमेल आईडी साझा करते हुए लोगों से भविष्य में सभी मेल जोहो पर ही भेजने की अपील की थी। पीएम द्वारा स्वदेशी अपनाने के आह्वान के बाद से जीमेल और माइक्रोसाफ्ट आउटलुक जैसे विदेशी ईमेल सेवाओं के इस भारतीय विकल्प यानी जोहो मेल केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच तेजी से लोकप्रियता हासिल कर रहा है। जोहो मेल पूरी तरह भारतीय है। इसे जोहो के फाउंडर श्रीधर वेंबु ने बनाया है।

# शुभेंदु ने यूपी माडल पर बंगाल में दुष्कर्म के आरोपितों के एनकाउंटर की वकालत की

❑ **कहा- बंगाल में योगी आदित्यनाथ की तरह सरकार की जरूरत**

❑ **दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर ममता सरकार को घेरा**

**कोलकाता :** दुर्गापुर में निजी मेडिकल कालेज के बाहर ओडिशा की द्वितीय वर्ष की मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में दुष्कर्म के लगातार बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार की भूमिका पर सवाल उठाए। शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शुभेंदु ने मांग की कि बंगाल में भी अपराधियों को उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के माडल पर सजा



मिलनी चाहिए। उनके शब्दों में, दुष्कर्म जैसे मामलों में आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद ही एनकाउंटर कर देना चाहिए। वह चाहते हैं कि बंगाल पुलिस उत्तर प्रदेश का अनुसरण करे। उन्होंने जोर दिया कि बंगाल में भी योगी आदित्यनाथ की तरह सरकार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोलकाता के कस्बा ला कालेज में दुष्कर्म का मामला हो या दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का - राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी मामलों में आरोपित बच न सके।

ममता सरकार को घेरते हुए भाजपा नेता ने कहा कि इस राज्य में निजी कालेज से लेकर सरकारी अस्पताल तक कोई सुरक्षित नहीं है। राज्य में नान स्टाप घटनाएं घट रही है। कोई सुरक्षित नहीं है। गंभीर से गंभीर मामलों में अपराधियों को सख्त सजा नहीं हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता की पुलिस वसूली में लगी है।

उन्होंने राज्य में दुष्कर्म की घटनाओं पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कथित चुप्पी को लेकर भी सवाल उठाया और उनसे इसपर बयान देने की मांग की। शुभेंदु ने कहा- ऐसी घटनाएं राज्य में लगातार हो रही हैं। मुख्यमंत्री हर चीज के बारे में बात करती हैं। लेकिन दुष्कर्म की घटनाओं पर वह कुछ नहीं कहती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में बाढ़ के लिए बार-बार डीवीसी को दोष दिए जाने को लेकर भी आलोचना की। शुभेंदु ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जब कहीं बारिश का जल भी जमा हो जाता है, तब भी वह डीवीसी पर बांधों से पानी छोड़ने का आरोप लगाते हुए उसपर दोष मढ़ देती हैं। लेकिन कस्बा की घटना के बाद से मुख्यमंत्री ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा है।

उन्होंने कहा कि बंगाल में सबसे बड़ी समस्या महिलाओं के खिलाफ हिंसा है। कस्बा की घटना के बाद हमने राज्य में 14 कन्या सुरक्षा यात्राएं की हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गापुर घटना के खिलाफ भी राज्य सरकार के विरुद्ध विभिन्न प्रकार के विरोध प्रदर्शन व आंदोलन भाजपा द्वारा आयोजित किए जाएंगे।

## दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामले की जांच में पुलिस को गड़बड़ी नहीं करनी चाहिए : भाजपा

❑ **मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर ममता सरकार पर हमलावर हुई भाजपा**

❑ **अमित मालवीय ने कहा- ममता के शासन में बंगाल महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं**

**कोलकाता :** भाजपा ने शनिवार को मांग की कि बंगाल पुलिस को पश्चिम बद्र्धमान जिले के दुर्गापुर स्थित निजी मेडिकल कालेज के बाहर ओडिशा की द्वितीय वर्ष की मेडिकल छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले की जांच में गड़बड़ी नहीं करनी चाहिए, जैसा कि कोलकाता पुलिस ने पिछले साल अगस्त में आरजी कर दुष्कर्म और हत्या मामले में किया था। भाजपा के आइटी सेल के प्रमुख और बंगाल में पार्टी के केंद्रीय सह- पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट के जरिए इस घटना को लेकर बंगाल सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए निशाना साधा। मालवीय ने कोलकाता पुलिस पर राज्य सरकार के निर्देश पर आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सा के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले की जांच में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उन्हें उम्मीद है कि बंगाल पुलिस दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामले में भी यही पैटर्न नहीं दोहराएगी और पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से जांच करेगी।

भाजपा नेता ने एक पोस्ट में कहा कि कानून-व्यवस्था की यह बार-बार की विफलता ममता बनर्जी के प्रशासन के तहत एक परेशान करने वाले पैटर्न को उजागर करती है।

दुर्गापुर मामले में वासिफ अली नामक व्यक्ति और उसके सहयोगियों के खिलाफ शिकायत दर्ज होने की जानकारी देते हुए मालवीय ने कहा कि बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार को घटना के लिए जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बंगाल महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं है। जब तक तृणमूल कांग्रेस सरकार को जवाबदेह नहीं ठहराया जाता, तब तक राज्य भर की महिलाएं डर के साये में जीती रहेंगी। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को 2026 में सत्ता से जाना ही होगा।

### बंगाल में महिलाएं हर जगह असुरक्षित : सुकांत



वहीं, केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री व पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने भी ममता सरकार पर हमला बोलते हुए दावा किया कि दुर्गापुर घटना साबित करती है कि बंगाल में महिलाएं हर जगह असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के असफल और अराजक शासन में बंगाल महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक बुरे सपने में बदल गया है। राज्य भर में, गांवों से लेकर शहरों तक, अस्पतालों से लेकर घरों तक, महिलाएं हर जगह असुरक्षित हैं। प्रशासन की जानबूझकर की गई तुष्टीकरण की नीति ने पुलिस जांच को पंगु बना दिया है, जिससे हिंसक अपराधियों को खुली छूट मिल गई है। ममता बनर्जी ने बंगाल को दुष्कर्मियों और अपराधियों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह बना दिया है।

## कालीपूजा से पहले पटाखा निर्माण के दौरान जोरदार विस्फोट, युवक घायल

**हावड़ा, समाज्ञा :** कालीपूजा के मौके से पहले हावड़ा के रामराजतला इलाके में शनिवार शाम एक पटाखा बनाने के दौरान जोरदार विस्फोट की घटना घटी। इस हादसे में आकाश हेला नामक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, युवक पटाखे तैयार कर रहा था कि अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से पास रखे सभी पटाखों में तेजी से विस्फोट हुआ। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। चटर्जीहाट थाना की पुलिस और दमकल की एक इंजन मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घायल युवक को एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग कैसे लगी, इसका पता लगाया जा रहा है। स्थानीय लोग और प्रशासन इस घटना से चिंतित हैं, क्योंकि त्योहारों के समय इस तरह की दुर्घटनाएं सुरक्षा के लिहाज से गंभीर मानी जाती हैं।

## कोलकाता में मूकबधिर महिला से दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

❑ **नदियाल थाना इलाके की घटना, पुलिस का दावा**

❑ **घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद की गई गिरफ्तारी**

**कोलकाता :** कोलकाता के नदियाल इलाके में एक 20 वर्षीय मूकबधिर महिला के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपित व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कथित घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज होने के तुरंत बाद गिरफ्तारी की गई। उन्होंने बताया कि यह घटना शहर के दक्षिण-पश्चिम हिस्से के नदियाल इलाके में रात करीब 12.30 बजे हुई। विशेष सूचना के आधार पर नदियाल थाने के अधिकारियों ने छापेमारी की और



शनिवार सुबह करीब 6.35 बजे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारी ने बताया कि मूकबधिर महिला को एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी मेडिकल जांच की जा रही है। आरोपित से पूछताछ की जा रही है और उसे बाद में स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा।

## चुनाव अधिकारी के खिलाफ सीएम के बयान के समय मौजूद थे मुख्य सचिव! कार्रवाई के मूड में आयोग

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद अब यह मामला और गहराता जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया था कि सीईओ भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और अति सक्रियता दिखा रहे हैं। इस बयान के समय राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत भी बैठक में मौजूद थे, जिसे लेकर निर्वाचन आयोग ने असंतोष जताया है। आयोग का मानना है कि मुख्यमंत्री के इस तरह के बयान के दौरान मुख्य सचिव की बैठक में मौजूदगी अनुचित थी और उन्हें तत्काल उस बैठक से बाहर चले जाना चाहिए था। चुनाव आयोग




से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, आयोग ने इस पर गंभीर आपत्ति जताई है और इसे सेवा शिष्टाचार के विरुद्ध बताया है।

सीईओ कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि इस स्तर के अधिकारी के खिलाफ बिना प्रमाण सार्वजनिक रूप से भ्रष्टाचार का आरोप लगाना उचित नहीं है। लोकपाल कानून के तहत किसी सरकारी अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप तभी लगाया जा सकता है जब उसके समर्थन में लिखित साक्ष्य मौजूद हों। यदि आरोप झूठा पाया गया तो आरोप लगाने वाले को जेल और जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। अधिकारी के मुताबिक, मुख्य सचिव को इस प्रावधान की जानकारी होनी चाहिए थी और ऐसे में उन्हें बैठक छोड़ देनी चाहिए थी।

उक्त अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि मुख्य सचिव से निश्चित तौर पर इस मामले में जवाब तलब किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर कार्रवाई भी होगी।

### एसआईआर से पहले चुनाव आयोग का सख्त संदेशः

## ईआरओ और बीएलओ चयन में नियमों से कोई समझौता नहीं

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया 15 अक्टूबर के बाद शुरू होने की संभावना है। इसी बीच भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि राज्य में निर्वाचन अधिकारियों, विशेषकर बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) और निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के चयन में तय मानकों से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत को एक नया पत्र भेजकर इन पदों के चयन से जुड़ी विस्तृत दिशानिर्देशों को दोहराया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के सूत्रों ने शनिवार को इसकी पुष्टि की है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार, बीएलओ के चयन में प्राथमिकता स्थायी राज्य सरकारी कर्मचारियों को दी जानी चाहिए, जिनमें सरकारी स्कूलों के शिक्षक भी शामिल हैं। केवल उन्हीं परिस्थितियों में संविदा (ठेका) कर्मचारियों को बीएलओ नियुक्त करने की अनुमति दी जा सकती है, जब किसी जिले या क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में स्थायी कर्मचारी उपलब्ध न हों।

हालांकि, इस विकल्प को अपनाने से पहले संबंधित जिले के जिलाधिकारी - जो जिला निर्वाचन अधिकारी भी होते हैं - को यह स्पष्ट कारण बताना होगा कि संविदा कर्मचारी की नियुक्ति क्यों आवश्यक है और इस पर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा।

इसी तरह, ईआरओ का चयन केवल पश्चिम बंगाल सिविल सर्विस (कार्यकारी) के अधिकारियों में से किया जा सकेगा। ये अधिकारी कम से कम उपमंडलाधिकारी (एसडीएम), उपमंडल अधिकारी या ग्रामीण विकास अधिकारी के पद से नीचे के नहीं होने चाहिए।

## आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने पर जारी हुए स्मारक सिक्के और डाक टिकट अब ऑनलाइन उपलब्ध

**कोलकाता :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारत सरकार ने विशेष स्मारक सिक्के और डाक टिकट जारी किए हैं। कोलकाता टकसाल द्वारा निर्मित ये स्मारक सिक्के अब आधिकारिक वेबसाइट https://indiagovt-mint.in/hi/product-category/kolkata-mint/ पर ऑनलाइन खरीद के लिए उपलब्ध हैं। कोलकाता टकसाल से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि वित्त मंत्रालय के आदेश पर इसे ऑनलाइन उपलब्ध करवाया गया है।

उन्होंने कहा कि यह




आरएसएस की सौ वर्षीय सेवा, एकता और समर्पण को सम्मानित करने का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इन स्मारक सिक्कों और डाक टिकटों के माध्यम से सरकार ने उस संगठन की ऐतिहासिक यात्रा को नमन किया है, जिसने भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया है।

इन सिक्कों को खासतौर पर आरएसएस की विरासत और योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। वहीं, इसके साथ जारी विशेष डाक टिकट देशभर के फिलेटली ब्यूरो से प्राप्त किए जा सकते हैं।

सरकार की इस पहल को देशभर में सराहना मिल रही है। कई लोगों ने इसे आरएसएस के राष्ट्र निर्माण में योगदान के प्रति एक उपयुक्त श्रद्धांजलि बताया है।

पश्चिम बंगाल में संघ से जुड़े एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि इस पहल का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था, क्योंकि जब से डाक टिकट और सिक्के जारी हुए हैं, इसे संग्रहीत करने के लिए पूरे देश के स्वयंसेवक और आम लोग उत्सुक हैं। अब लोग इसे आसानी से खरीद सकेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। पिछले एक शताब्दी में संगठन ने समाज सेवा, शिक्षा, आपदा राहत और राष्ट्रीय एकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

विजयादशमी से एक दिन पहले आरएसएस के शताब्दी समारोह के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ था, जिसमें संघ के शीर्षस्त पदाधिकारी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए थे। इस दौरान इन सिक्कों और डाक टिकट को जारी किया गया था। संग्रहकर्ताओं और आम नागरिकों के बीच इन सीमित संस्करण वाले सिक्कों और टिकटों की मांग तेजी से बढ़ रही है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निम्नलिखित कार्य के लिए 'खली' ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:-

**निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: 12-2025-कालोनी, कार्य का नाम:** गोरखपुर-उप मुख्य विद्युत अभियंता/कॉलोनी क्षेत्राधिकार में विभिन्न उपकेंद्रों के जीर्ण-शीर्ण, क्षतिग्रस्त, पुराने एच.टी. पैनलों और संबद्ध उपकरणों के प्रतिस्थापन/नए प्रावधान द्वारा विद्युत आपूर्ति से संबन्धित कार्य। अनुमानित लागत ₹ 1,34,56,049.00, बयाने की राशि: ₹ 2,17,300.00, ई-निविदा फार्म का मूल्य-शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से - 9 माह। ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 31.10.2025 समय 15.00 बजे तक, इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नही किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी**
**मुजाधि/विद्युत-159 गोरखपुर**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

# बंगाल सरकार ने ई-रिक्शा पंजीकरण किया अनिवार्य, मालिकों के लिए 30 नवंबर तक की समयसीमा तय

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में ई-रिक्शा, जिन्हें आमतौर पर 'टोटो' कहा जाता है, के संचालन को नियमित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। परिवहन विभाग ने सभी ई-रिक्शाओं का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए वाहन मालिकों को 30 नवंबर तक अनिवार्य रूप से प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

परिवहन विभाग की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि सभी ई-रिक्शाओं को 'डिजिटल अस्थायी टोटो एनरोलमेंट नंबर' (टीटीईएन) लेना होगा। यह प्रक्रिया 13 अक्टूबर से शुरू होगी।

विभाग के अनुसार, एक नया ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से सभी पंजीकृत



ई-रिक्शाओं को क्यूआर कोड से ट्रैक किया जाएगा। इससे अवैध टोटो संचालन पर रोक लगेगी और वाहनों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सकेगी।

परिवहन सचिव सौमित्र मोहन ने कहा कि राज्य सरकार बिना पंजीकरण वाले और असुरक्षित ई-रिक्शाओं पर सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि स्थानीय गैराजों में तैयार किए गए गैर-पंजीकृत बैटरी चालित रिक्शाओं की पहचान कर उन्हें जब्त किया जाए।

उन्होंने कहा, कई ई-रिक्शा केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम 1989 के मानकों का पालन नहीं करते। ऐसे वाहनों को बनाने या जोड़ने वाले यूनिटों को नोटिस जारी कर सील किया जाएगा। केवल वही यूनिट संचालन कर सकेंगे जिनके पास निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप लाइसेंस होगा।

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि जो ई-रिक्शा निर्धारित प्रोटोटाइप के अनुरूप नहीं बनाए गए हैं, उन्हें राज्य या राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

स्थानीय प्रशासन को अपने क्षेत्र में चलने वाले सभी ई-रिक्शाओं की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें मालिकों के नाम और निर्धारित रूट का विवरण शामिल होगा। वहीं, जिन ई-रिक्शाओं को मान्यता नहीं मिली है, उनके मालिकों को दो वर्ष का समय दिया जाएगा ताकि वे अपने वाहन बदल सकें।

विभाग ने यह भी कहा कि स्थानीय स्तर पर निर्मित या डीलर्स एसोसिएशन अथवा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की मंजूरी प्राप्त ई-रिक्शा भी तब तक नहीं चल सकेंगे, जब तक उन्हें मोटर वाहन प्राधिकरण की स्वीकृति और एचएसआरपी फिटमेंट नहीं मिल जाता।

बिना पंजीकरण वाले ई-रिक्शा मालिकों को छह महीने के अस्थायी प्राधिकरण नंबर के लिए हजार रुपये का शुल्क देना होगा, जबकि आगे के नवीनीकरण के लिए 100 का शुल्क तय किया गया है।

❑ **बंगाल में हैं करीब 10 लाख ई-रिक्शा**

परिवहन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में राज्य में 10 लाख से अधिक ई-रिक्शा चल रहे हैं। उन्होंने कहा, टोटो स्थानीय परिवहन का अहम हिस्सा हैं और लाखों लोगों की आजीविका का माध्यम भी हैं, लेकिन इनके कारण कई बार सड़कों पर जाम और सुरक्षा संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसी वजह से इनके संचालन को व्यवस्थित ढांचे में लाने की आवश्यकता महसूस हुई।

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने शुभेंदु के माध्यम से सरकारी स्कूलों में कार्यरत प्राथमिक शिक्षकों को भेजा संदेश

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से किसी कठिनाई का सामना नहीं करने के बारे में किया आश्वस्त

**कोलकाता :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी के जरिए बंगाल के सरकारी प्राथमिक स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को संदेश भेजकर आश्वस्त किया है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मद्देनजर उन्हें किसी भी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए केंद्र ने आवश्यक पहल करने का निर्णय लिया है। जल्द ही कानूनी रास्ता अपना जाएगा। शुभेंदु ने शनिवार को भाजपा कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में शिक्षा मंत्री के संदेश की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर उनकी केंद्रीय शिक्षा मंत्री के साथ-साथ बालुरघाट के सांसद और केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सुकांत मजूमदार से लंबी चर्चा हुई।



शुभेंदु ने कहा कि कल केंद्रीय शिक्षा मंत्री बिहार में थे। वहां से मेरी उनसे लंबी बातचीत हुई। उन्होंने मुझसे भारत सरकार की ओर से बंगाल के प्राथमिक शिक्षकों को आश्वस्त करने को कहा। शुभेंदु ने भी कहा कि वह शिक्षा मंत्री की अनुमति से संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

विपक्षी नेता के अनुसार, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और राज्यमंत्री इस मामले को देख रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने मुझे आश्वासन दिया है कि वे कानूनी रास्ता अपनाएंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि मैं आपको वह कानूनी शब्द नहीं बताऊंगा जो उन्होंने मुझे बताया है। उन्होंने मुझे शिक्षकों को आश्वस्त करने के लिए कहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सभी कार्यरत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षक जो टीईटी पास नहीं हैं, उन्हें फिर से परीक्षा देनी होगी। नौकरी बनाए रखने के लिए उन्हें टीईटी पास करना होगा। बंगाल सरकार सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर पुनर्विचार के लिए याचिका दायर करने की तैयारी में है। केंद्र सरकार ने भी उन सभी शिक्षकों को आश्वस्त किया है।

# मुर्शिदाबाद से तीन रोहिंग्या गिरफ्तार, कुछ साल पहले अवैध तरीके से हुए थे दाखिल

## सीमा पार कर बांग्लादेश के रास्ते वापस म्यांमार जाने की फिराक में थे रोहिंग्या

**कोलकाता :** बंगाल पुलिस ने मुर्शिदाबाद जिले के लालगोला थाना क्षेत्र में भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे गांव से तीन रोहिंग्या को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, तीनों बीएसएफ जवानों की नजरों से बचकर अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके बांग्लादेश के रास्ते म्यांमार लौटने की फिराक में था। गिरफ्तार लोगों में अब्दुल हासिम, उनकी पत्नी रोजीना बेगम और बेटा बिलाल मियां है। तीनों म्यांमार के निवासी हैं। पूछताछ में पता चला है कि ये लोग कई साल पहले म्यांमार से बांग्लादेश आए थे। वहां से कुछ साल पहले फिर वे अवैध रूप से सीमा पार करके भारत में दाखिल हो गए और काम के सिलसिले में दूसरे राज्यों में चले गए। कुछ सालों से ये लोग अवैध तरीके से भारत में रह रहे थे। इस बीच पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि ये लोग बांग्लादेश के रास्ते वापस म्यांमार लौटने की फिराक में लालगोला थाना के आशिरादाहा गांव में छिपे हुए हैं। गुरुवार रात छापेमारी कर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया। जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूछताछ में तीनों ने म्यांमार के निवासी होने की बात कबूल की। ये लोग कुछ साल पहले लालगोला सीमा के ज़रिए ही देश में दाखिल हुए थे और दूसरे राज्यों में काम करने गए थे। गिरफ्तारी के बाद अदालत में पेश करने पर तीनों को 14 दिनों की जेल हिरासत में भेज दिया गया है। उन तीनों के साथ चार नाबालिग भी थे। नाबालिगों को एक सुधार गृह में भेज दिया गया है। पुलिस तीनों की गतिविधियों के बारे में जांच कर रही है।



### विद्यासागर सेतु पर सड़क दुर्घटना, स्कूटी सवार घायल

**कोलकाता :** शनिवार दोपहर करीब 1:52 बजे विद्यासागर सेतु (सिटी बाउंड) पर अबनी मॉल के पास एक सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। घायल की पहचान श्रीमंता रुइदास (33) के रूप में हुई है, जो हावड़ा जिले के कुलगाछिया थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, एक निजी कार (पंजीकरण संख्या डब्ल्यूबी-19/टी-2866) ने स्कूटी (संख्या डब्ल्यूबी-14/आर-9632) को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार के दाहिने पैर में चोट आई है। घायल को सीएमआरआई अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया कि युवक हेलमेट पहने हुए था जिससे गंभीर चोट से बच गया। घटना की सूचना हेस्टिंग्स थाना को दी गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और निजी कार चालक को थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है।

## बड़ाबाजार युवक संघ के 47वें काली पूजा की तैयारी का आगाज, खूंटी पूजन संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़ाबाजार युवक संघ द्वारा आयोजित 47वें काली पूजा के उपलक्ष्य में शनिवार को बड़तल्ला स्ट्रीट स्थित परिसर में पारंपरिक विधि-विधान से खूंटी पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के चेयरमैन मनोज चांदगोठिया सहित नवीन सराफ, महेंद्र सोनकर, निशांत सरावगी, मनजीत सोनकर, आकाश माली, विक्रम सोनकर, सुजल सोनकर, सुमित सोनकर, सुमित गुप्ता, मुकेश शर्मा, आशु तिवारी, राज सोनकर, अनिल लाखोटिया और अशोक सोनकर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के संयोजक पंकज सोनकर ने किया। इस पूजन के साथ ही बड़ाबाजार युवक संघ की ओर से काली पूजा की तैयारियों का औपचारिक शुभारंभ हो गया है।

# काली पूजा के लिए पुजारियों का प्रशिक्षण जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में शुरू

## इस वर्ष 40 पुजारियों को दिया जा रहा हैं प्रशिक्षण

**कोलकाता :** काली पूजा के लिए पुजारियों का प्रशिक्षण शनिवार से कोलकाता के जोड़ासांको स्थित कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर के पारिवारिक घर ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर तीन दिनों तक चलेगा। बताया गया कि तीन दिवसीय इस शिविर का उद्देश्य पुजारियों को तंत्र विद्या का प्रशिक्षण देना है। इस वर्ष लगभग 40 पुजारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

एक प्रमुख पुरोहित और सर्वभारतीय प्राच्यविद्या अकादमी के प्रधानाचार्य, जो 39 वर्षों से दुर्गा पूजा और एक दशक से काली पूजा से पहले प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर रहे हैं, ने कहा कि इस सत्र में पुजारियों के उचित आचरण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसमें मंत्रों को समझने और उनका सही उच्चारण करने, सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने, पूजा से पहले कपड़े बदलने और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता शामिल है। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान पुजारियों के लिए मोबाइल फोन पर बातचीत और चाय या धूम्रपान के लिए ब्रेक सख्त वर्जित हैं।

हालांकि दुर्गा पूजा में पांच से 10 दिनों तक अनुष्ठान होते हैं, पुरोहित ने कहा कि एक रात में संपन्न होने वाली काली पूजा ज़्यादा चुनौतीपूर्ण होती है क्योंकि इसमें तंत्र-मंत्र का पालन करना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि काली पूजा अनुष्ठान रात में होते हैं। काली पूजा निशा या रात नौ बजे या महा निशा लगभग आधी रात को शुरू हो सकती है। पूरी पूजा एक प्रशिक्षित पुजारी के लिए लगभग 4-5 घंटे या किसी ऐसे व्यक्ति के लिए 6-7 घंटे का समय लेती है जो अनुभवी नहीं है।

उन्होंने सूर्यास्त से पहले आध्यात्मिक विसर्जन या घोट को नदी में प्रवाहित करने की प्रक्रिया पूरी करने पर ज़ोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि कई घरों में, मूर्ति का विसर्जन रात ढलने से पहले ही कर दिया जाता है। लेकिन आजकल, मूर्ति को अगली शाम या दो दिन तक रखने का चलन हो गया है। यह सही नहीं है। अनुष्ठानों के लिए इस्तेमाल किए गए घोट को भोर से पहले विसर्जित कर देना चाहिए।

# पूर्व रेलवे विशेष ट्रेनों के साथ दीवाली और छठ पर्व पर यात्रियों को देगा सुविधा

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा का पर्व समाप्त होने के बावजूद त्योहारी सीजन जारी है और आने वाले दिनों में दीवाली और छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व मनाए जाएंगे। इस अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व रेलवे ने इस वर्ष कुल 952 विशेष ट्रेनों का संचालन करने की घोषणा की है। दीवाली के दौरान 5 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2025 तक 301 विशेष ट्रेनें, छठ पर्व के लिए 21 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2025 तक 144 ट्रेनें और छठ के बाद 28 अक्टूबर से 30 नवंबर 2025 तक 507 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। ये ट्रेनें हावड़ा, सियालदह, कोलकाता स्टेशन, आसनसोल और मालदह टाउन जैसे प्रमुख स्टेशनों से चलकर रक्सौल, पटना, गोरखपुर, न्यू जलपाईगुड़ी, दीघा, मधुबनी, लूमडिंग, मालतीपटपुर, चारलापल्ली, आनंद विहार टर्मिनल, लखनऊ, खाटीपुरा, वडोदरा और उधना सहित देश के विभिन्न हिस्सों तक यात्रियों को पहुंचाएंगी। इन ट्रेनों के माध्यम से लाखों यात्रियों के लिए अतिरिक्त सीटें और बर्थ उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि यात्रा अधिक आरामदायक और सुगम हो। त्योहारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूर्व रेलवे ने महत्वपूर्ण स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाए हैं, अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को चौबीसों घंटे तैनात किया है, कंट्रोल रूम से निगरानी रखी जा रही है और स्काउट्स, सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स तथा सुरक्षा कर्मियों को सहायता और सुरक्षा के लिए तैयार रखा गया है। यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी और भोजन की भी निरंतर निगरानी की जा रही है।

# दांतन में देर रात तृणमूल नेताओं के घरों में लगी भीषण आग, पुलिस और दमकल की तत्परता से काबू पाया गया

**पश्चिम मेदिनीपुर :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के दांतन-दो ब्लॉक के साबड़ा इलाके में शुक्रवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं के घरों में अचानक भीषण आग लग गई। घटना में दोनों घर जलकर खाक हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही खड़गपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप सेन, बेलदा थाना प्रभारी गोवर्धन साहू, जोगेड़िया फाड़ी के प्रभारी दीपक देव, एसडीपीओ रिपन बाउल और सीआई शेख रबी उद्दीन तत्काल मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक तत्परता और ग्रामीणों की मदद से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात लगभग दस बजे साबड़ा क्षेत्र में ब्लॉक तृणमूल अध्यक्ष इफ्तेखार अली और उनके पड़ोसी जिला परिषद सदस्य खैरुल बाशार खान उर्फ बाबुल के मिट्टी के घरों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के इलाके में फैलने लगी। ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और दमकल को सूचना दी।

सूचना पाकर एगरा से दमकल की एक गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने के कार्य में जुट गई। बेलदा थाना पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से देर रात करीब बारह बजे आग पूरी तरह नियंत्रित की गई।

घटना की सूचना मिलते ही दांतन-दो ब्लॉक के बीडीओ अभिरूप भट्टाचार्य भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। हालांकि, आग लगने के सटीक कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, दोनों घरों में आग लगने की घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। पुलिस हर कोण से जांच कर रही है कि यह हादसा था या किसी साजिश का नतीजा।

# हाउस ऑफ मैकडॉवेल्स सोडा ने कार्तिक आर्यन संग लॉन्च किया नया कैंपेन 'यारों वाली बात 2.0'

**कोलकाता, समाज्ञा**

हाउस ऑफ मैकडॉवेल्स सोडा ने अपने ब्रांड एंबेसडर कार्तिक आर्यन के साथ नई कैंपेन 'यारों वाली बात 2.0' लॉन्च की है। पब्लिसिस ग्रुप इंडिया की टीम स्पिरिट के सहयोग से तैयार यह अभियान दोस्ती के पहली बार वाले पलों का जश्न मनाने पर केंद्रित है।

कैंपेन का संदेश - करो कुछ पहली बार जब साथ हों यार - दोस्तों के बीच साझा की गई यादगार और प्रेरणादायक पलों को उजागर करता है। फिल्म में कार्तिक आर्यन एक झिझकते दोस्त को कुछ नया करने के लिए प्रेरित करते हैं, जो दोस्ती से मिलने वाले आत्मविश्वास और साहस का प्रतीक है।

हल्के-फुल्के और हास्यपूर्ण दृश्यों के माध्यम से यह दिखाया गया है कि जब दोस्त साथ हों, तो असंभव भी संभव हो जाता है। डियाजियो इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट वरुण कूरिच ने कहा कि यह अभियान नई पीढ़ी को सार्थक अनुभवों के लिए प्रेरित करता है।

'यारों वाली बात 2.0' सोशल मीडिया, आउट-ऑफ-होम और शॉपर प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित किया जा रहा है, जो मैकडॉवेल्स सोडा को दोस्ती का प्रतीक ब्रांड बनाता है।

# हावड़ा मंडल में स्वच्छ नीर पहल - स्वच्छ, सुरक्षित और सतत जल उपलब्धता अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा और स्पेशल कैंपेन 5.0 के अंतर्गत स्वच्छ नीर (शुद्ध जल) पहल का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य रेलवे परिसरों में यात्रियों और कर्मचारियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान जलाशयों की सफाई, जल शोधन एवं फिल्ट्रेशन संयंत्रों का निरीक्षण, तथा पेयजल नलों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाए गए। स्टेशन और डिपो क्षेत्रों में जल भराई बिंदुओं की स्वच्छता और रखरखाव के महत्व पर कर्मचारियों को जागरूक किया गया। रेलवे कॉलोनियों, अस्पतालों और विद्यालयों में भी निरीक्षण किए गए, जहां जल परीक्षण किट, स्वच्छ जल टंकियों और सुव्यवस्थित पाइपलाइनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।



यह अभियान हावड़ा, शेवड़ाफुली, श्रीरामपुर, कमारकुंडु, बंडेल, वर्दवान, कटवा, कोन्नगर, पांडुआ, मगरा, बोलपुर, रामपुरहाट और आजीमगंज जैसे प्रमुख स्टेशनों पर व्यापक रूप से संचालित किया गया। साथ ही वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण प्रणालियों को सुदृढ़ करने के प्रयास भी किए गए ताकि स्वच्छ जल की सतत आपूर्ति बनी रहे और जलभराव की समस्या से बचाव हो सके।

### कोलकाता मेट्रो रेल में स्पेशल कैंपेन 5.0 के तहत सफाई अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेल ने स्पेशल कैंपेन 5.0 के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न मेट्रो स्टेशनों पर व्यापक सफाई और सैनिटाइजेशन अभियान आयोजित किया। अभियान का उद्देश्य यात्रियों और कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और मेट्रो परिसरों को स्वच्छ बनाए रखना है। इस अभियान के तहत सभी लाइनों के स्टेशनों, मेट्रो ट्रेनों, सुरंगों, कारशेड क्षेत्रों और अन्य मेट्रो प्रतिष्ठानों में गहन सफाई और सैनिटाइजेशन किया जा रहा है। मेट्रो अधिकारी और स्टाफ सक्रिय रूप से इस कार्य में लगे हुए हैं। साथ ही यात्रियों से सहयोग की अपील की गई है ताकि मेट्रो परिसर में कचरा न फेंका जाए और सफाई बनाए रखी जा सके। जिसका उल्लंघन करने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

### आसनसोल मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के तहत 'स्वच्छ नीर' अभियान संचालित

**आसनसोल :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 और स्पेशल कैंपेन 5.0 के अंतर्गत स्वच्छता पर केंद्रित एक विशेष पहल 'स्वच्छ नीर' के रूप में आयोजित की गई। इस अभियान का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों और कार्यालयों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करना था। इस दौरान मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर वाटर बूथ, नल क्षेत्र, फिल्ट्रेशन प्लांट और ओवरहेड टैंक की सफाई और जल गुणवत्ता परीक्षण किया गया। मधुपुर स्टेशन पर स्वच्छ नल, स्वच्छ जल कार्यक्रम के तहत वाटर बूथों की सफाई की गई, जो स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान का हिस्सा है। इसी प्रकार के कार्य आसनसोल, डुमका, जसिदीह, सितारामपुर, रानीगंज, पांडाबेस्वर और चित्तरंजन स्टेशनों पर भी आयोजित हुए। सभी स्थानों पर क्लोरीनेशन, अवशिष्ट क्लोरीन मापन और बैक्टीरियोलॉजिकल परीक्षण किए गए ताकि पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। आसनसोल मंडल रेलवे अस्पताल में भी जल स्रोतों की सफाई, ओवरहेड टैंक और फिल्टर हाउस का निरीक्षण किया गया। यह अभियान रेलवे प्रशासन के उस प्रयास को दर्शाता है जिसके तहत यात्रियों और कर्मचारियों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर काम किया जा रहा है।



# लायन्स क्लब इंटरनेशनल जिला 322 बी 1 द्वारा सामूहिक विवाह सामाजिक पहल

**कोलकाता :** लायन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322बी 1 की ओर से सामूहिक विवाह पी सी चंद्रा गार्डेंस में समाज के विशिष्ट अतिथियों, लायन बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह समिति के चेयरमैन पूर्व पार्षद ओम प्रकाश पोद्दार, लायन्स हेस्टिंग्स के अध्यक्ष रामचन्द्र बड़ोपलिया ने सामूहिक विवाह आयोजन के प्रेरक सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय, विधायक नयना बंद्योपाध्याय एवम लॉयन बंधुओं के सहयोग की सराहना की। आशीर्वाद समारोह में विधायक नयना बंद्योपाध्याय एवम् लायन्स इंटरनेशनल के पधारे विदेशी प्रतिनिधियों ने नव - दम्पति के सुखी जीवन की शुभकामना दी। लायन ओ पी पोद्दार ने बताया सामूहिक विवाह में आदिवासी, विकलांग युवक - युवतियों को प्राथमिकता दी जाती है। सामूहिक विवाह को परम्परागत रीति - रिवाज से सम्पन्न कराया गया। आशीर्वाद समारोह में प्रत्येक विवाहित जोड़े को उपहार देकर विदाई करते हुए सभी अतिथि एवम् लायन बन्धु भाव - विभोर हो गये। मंजू चमड़िया (डी जी), प्रदीप नैयर, सुभाष मुरारका (पी डी जी), पार्षद महेश शर्मा, रेहाना खातून, पवन पोद्दार, सुरेश पाण्डेय, पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, शकुन्तला तिवारी, प्रमोद चांडक, रिंकू पोद्दार, बासुदेव खेतान, राजू गुप्ता, ओम प्रकाश तोदी, ओमप्रकाश सराफ, अशोक ओझा, सौरव अग्रवाल, राधे अग्रवाल, राजेश बड़ोपलिया, अनूप चौधरी, नेहा सोंथलिया, बिमल झुनझुनवाला, सर्वेश अग्रवाल, गणेश शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, विनोद पोद्दार, दिलीप गुप्ता एवम लॉयन बन्धु, लक्ष्मण लुंडिया, महेन्द्र अग्रवाल एवम् प्रायोजक लायन्स क्लब ऑफ कलकत्ता ग्रेटर तथा लायन बन्धु आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय रहे।



### मालदह टाउन स्टेशन में अमृत संवाद - स्मार्ट, स्वच्छ और यात्रियों के अनुकूल रेलवे के लिए पहल

**मालदह :** पूर्व रेलवे के मालदह मंडल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा (1 से 15 अक्टूबर 2025) और स्पेशल कैंपेन 5.0 (2 से 31 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत मालदह टाउन स्टेशन पर अमृत संवाद नामक एक विशेष संवादात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के दिशा-निर्देशन तथा वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता प्रदीप दास के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) शिवो कुमार प्रसाद ने किया, जिनके नेतृत्व में यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अपने संबोधन में एडीआरएम/मालदह ने भारतीय रेल की यात्री-केंद्रित नीतियों, पर्यावरणीय स्थिरता तथा सेवा सुधार के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए यात्रियों से निरंतर सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान श्री प्रसाद और श्री दास ने यात्रियों से सीधे संवाद स्थापित किया, उनकी राय जानी और स्टेशन सुविधाओं के उन्नयन से जुड़े सुझावों पर चर्चा की। यात्रियों ने अमृत भारत मालदह टाउन स्टेशन के नए स्वरूप, उन्नत सुविधाओं, बेहतर स्वच्छता और रोशनी की सराहना की। इस अवसर पर यात्रियों को सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।



# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 7,000 क्षमता वाले यात्री अत्याधुनिक सुविधा केंद्र का किया निरीक्षण

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश के सबसे व्यस्त रेलवे टर्मिनलों में से एक नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (एनडीएलएस) पर रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को लगभग 7,000 यात्रियों की क्षमता वाले अत्याधुनिक यात्री सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। यह केंद्र यात्रियों को अधिक सुविधा और आराम प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, विशेष रूप से त्योहारों के मौसम में जब यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।



निरीक्षण के दौरान मंत्री वैष्णव ने कहा कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए यह नया केंद्र एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि देशभर के अन्य प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भी ऐसे आधुनिक यात्री सुविधा केंद्र विकसित किए जाएंगे, ताकि यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव मिल सके। यह नया केंद्र यात्रियों की आवाजाही को सुचारू बनाने के लिए तीन भागों - प्री-टिकटिंग, टिकटिंग और पोस्ट-टिकटिंग जोन - में विभाजित किया गया है। इनमें टिकटिंग क्षेत्र 2,860 वर्गमीटर, प्री-टिकटिंग क्षेत्र 1,218 वर्गमीटर और पोस्ट-टिकटिंग क्षेत्र 1,150 वर्गमीटर में फैला हुआ है। इस तरह का क्षेत्रीय विभाजन स्टेशन परिसर में भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

उत्तरी रेलवे द्वारा निर्मित इस केंद्र में यात्रियों की सुविधा के लिए कई आधुनिक सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इसमें 22 टिकट काउंटर, 25 स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनें, और 200 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। ठंडक के लिए 18 हाई-वॉल्यूम लो-स्पीड पंखे लगाए गए हैं, जबकि स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु 652 वर्गमीटर का शौचालय ब्लॉक और आरओ आधारित पेयजल प्रणाली स्थापित की गई है। यात्रियों की सुरक्षा और सूचना के लिए 24 स्पीकर उद्घोषणा प्रणाली, 3 एलईडी ट्रेन सूचना डिस्प्ले, 7 अग्निशमन इकाइयां, 18 सीसीटीवी कैमरे, 5 सामान स्कैनर और 5 दरवाजा फ्रेम मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं।

निर्माण के दौरान एटीएम, पुलिस केबिन, होर्डिंग बोर्ड और अन्य संरचनाओं को हटाने व स्थानांतरित करने जैसी कई चुनौतियों का सामना किया गया। साथ ही, जल लाइन, ड्रेनेज सिस्टम और ऑप्टिकल फाइबर केबल जैसी सुविधाओं को बिना व्यवधान के पुनर्स्थापित किया गया। इसके अतिरिक्त, फुट ओवर ब्रिज-1 का विस्तार पूरा किया गया है, जिससे यात्री अब प्लेटफॉर्म से सीधे मेट्रो स्टेशन तक पहुंच सकेंगे। इससे स्टेशन पर भीड़ कम होगी और बहु-मॉडल कनेक्टिविटी में सुधार होगा। निरीक्षण के दौरान रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार, उत्तरी रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कांचरापाड़ा वर्कशॉप रेलवे अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वर्कशॉप रेलवे अस्पताल, कांचरापाड़ा (केपीए) में 10 अक्टूबर 2025 को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अस्पताल के ओपीडी परिसर में किया गया, जिसकी देखरेख डॉ. एस. कुंडु, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (प्रशासन) ने की तथा नेतृत्व डॉ. एस. चट्टोपाध्याय, एसीएमएस (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), कांचरापाड़ा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन समारोह से हुआ, जिसमें स्वामी दुर्गानाथानंद जी महाराज, सचिव, रामकृष्ण मिशन, कल्याणी, एवं डॉ. प्रदीप्तो धर, मनोचिकित्सक, कॉलेज ऑफ मेडिसिन एंड जेएनएम हॉस्पिटल, कल्याणी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. पी. चट्टर्जी और डॉ. पी. धर ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए विभिन्न मानसिक विकारों और उनके उपचार के तरीकों पर प्रकाश डाला। वहीं, स्वामी दुर्गानाथानंद जी महाराज ने ध्यान और साधना के माध्यम से मानसिक शांति एवं संतुलन प्राप्त करने के उपाय साझा किए।



कार्यक्रम में आयोजित संवादात्मक सत्र में प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान पर खुलकर चर्चा की। बड़ी संख्या में मरीजों, उनके परिजनों तथा अस्प-ताल कर्मियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में, सभी वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच बनाए रखने का संदेश दिया, जिससे कार्यक्रम का समापन प्रेरणादायक वातावरण में हुआ।

# श्रीरामपुर में गंगा कटाव को लेकर सियासी संग्राम, भाजपा और तृणमूल में आरोप-प्रत्यारोप

**हुगली :** दुर्गा पूजा से ठीक पहले श्रीरामपुर में गंगा नदी के किनारे बड़े कटाव और दरार के मामले ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है। दुर्गा पूजा समाप्त होते ही प्रशासन ने नदी तट पर कटाव रोकने के लिए काम शुरू कर दिया है, लेकिन इस मुद्दे पर भाजपा और तृणमूल नेताओं के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। श्रीरामपुर नगरपालिका के 18 नंबर वार्ड के नेहरू नगर कॉलोनी क्षेत्र में गंगा किनारे की कंक्रीट सड़क का हिस्सा नदी में धंस गया, जबकि पास की गार्डवॉल भी झुक गई है। इसके अलावा, क्षेत्र में स्थित जल टंकी को लेकर स्थानीय लोगों में भय का माहौल है।



स्थिति गंभीर होने पर प्रशासन ने कटाव रोकने के लिए तात्कालिक कदम उठाए हैं। फिलहाल शालबल्ला (लकड़ी के खंभों) से अस्थायी गार्डवॉल तैयार की जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि कई निवासी इसे केवल अस्थायी उपाय मान रहे हैं और स्थायी समाधान के लिए कंक्रीट बोल्डर से निर्माण की मांग कर रहे हैं। शनिवार सुबह अलीपुरद्वार के भाजपा सांसद मनोज टिग्गा ने स्थल का निरीक्षण किया और कहा, इस तरह अस्थायी काम करना उचित नहीं। यहां कंक्रीट का स्थायी निर्माण होना चाहिए। मैं केंद्र सरकार और जल संसाधन मंत्री से बात कर स्थायी समाधान की कोशिश करूंगा।

इस पर श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा ने पलटवार करते हुए कहा, हमने पोर्ट ट्रस्ट को कई बार पत्र भेजे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। राजनीति करने से कुछ नहीं होगा। मनोज टिग्गा को चाहिए कि वे केंद्र या पोर्ट ट्रस्ट से बात कर गंगा की ड्रेजिंग सुनिश्चित करें। इस प्रकार श्रीरामपुर में गंगा तट के कटाव को रोकने के प्रयास अब राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप में बदल गए हैं। प्रशासन जहां तात्कालिक राहत कार्य में जुटा है, वहीं स्थानीय लोग स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं।

## खिदिरपुर से विक्टोरिया तक मेट्रो की पर्पल लाइन के दूसरे सुरंग निर्माण कार्य की शुरुआत

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो की पर्पल लाइन के दूसरे सुरंग (टनलिंग) निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत शनिवार को खिदिरपुर में की गई। मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक शुभ्रांशु मिश्रा ने सेंट थॉमस स्कूल परिसर, खिदिरपुर में आयोजित समारोह में दूसरी टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) दिव्या के माध्यम से खुदाई कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेट्रो रेलवे, रेल विकास निगम लिमिटेड और सेंट थॉमस स्कूल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इस परियोजना के लिए सेंट थॉमस स्कूल के अंदर 37 मीटर लंबा, 22 मीटर चौड़ा और 17 मीटर गहरा लॉन्चिंग शाफ्ट बनाया गया है। 6.63 मीटर बाहरी व्यास वाली टीबीएम दिव्या, जिसे चेन्नई में असेंबल किया गया था, मार्च 2025 में कोलकाता लाई गई थी ताकि असेंबलिंग और नीचे उतारने का कार्य किया जा सके।

पर्पल लाइन के खिदिरपुर से पार्क स्ट्रीट तक 2.65 किलोमीटर लंबी जुड़वां सुरंगें (ट्विन ट्यूब टनल) बनाने के लिए दो अत्याधुनिक टनल बोरिंग मशीनें - दुर्गा और दिव्या - तैनात की गई हैं। इनमें से दुर्गा से दिसंबर 2026 तक और दिव्या से मार्च 2027 तक सुरंग कार्य पूरा होने की उम्मीद है।

ये नई पीढ़ी की मशीनें 80 मिलीमीटर प्रति मिनट की दर से खुदाई करने में सक्षम हैं। प्रत्येक मशीन की लंबाई 95 मीटर




और वजन करीब 600 टन है। स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इनमें इंफ्लेटेबल सील, प्रेशर ट्रांसड्यूसर, टेल स्किन ग्रीस लाइनें और बैकअप पंप जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधाएं दी गई हैं। सुरंग के निर्माण में 275 मिमी मोटाई वाले एम-50 ग्रेड प्रीकास्ट कंक्रीट सेगमेंट्स का उपयोग किया जा रहा है, जिससे तैयार सुरंग का आंतरिक व्यास 5.80 मीटर होगा। फिलहाल, विक्टोरिया स्टेशन का टॉप स्लैब निर्माण 66% पूरा हो चुका है, जबकि पार्क स्ट्रीट स्टेशन पर डायाफ्राम वॉल निर्माण कार्य 50% तक पूरा हुआ है।

इस परियोजना के पूरा होने के बाद कोलकाता मेट्रो नेटवर्क को एक नई दिशा मिलेगी और दक्षिणी हिस्से के यात्रियों को मेट्रो कनेक्टिविटी में बड़ा लाभ होगा।

## हर दिन ट्रेन लेट होने से यात्रियों का गुस्सा फूटा, बड़गाछिया स्टेशन पर तीन घंटे तक रेल रोको आंदोलन

**हावड़ा :** दक्षिण-पूर्व रेलवे की हावड़ा-अमता शाखा में लोकल ट्रेनों की रोजाना देरी से नाराज यात्रियों ने शनिवार सुबह बड़गाछिया स्टेशन पर रेल ट्रैक जाम कर दिया। इस प्रदर्शन के कारण करीब तीन घंटे तक रेल यातायात ठप रहा। स्थिति संभालने के लिए पुलिस और रैफ (ठ-ऋ) को मौके पर बुलाया गया। अंततः पुलिस ने बलपूर्वक प्रदर्शनकारियों को हटाया, जिसके बाद रेल सेवा बहाल हुई।



यात्रियों का कहना है कि हर दिन ट्रेनें निर्धारित समय से काफी देर से चलती हैं, जिससे नौकरीपेशा और छात्रों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ती है। उनके अनुसार, कई बार स्टेशन पर ट्रेनों को बिना कारण लंबे समय तक क्रॉसिंग के लिए रोक दिया जाता है। इससे गुस्साए यात्रियों ने शनिवार सुबह रेल लाइन पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान जगतबल्लभपुर थाना पुलिस और रैफ बल तैनात किया गया। रेल अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर यात्रियों से बातचीत की और समझाने का प्रयास किया। लेकिन जब प्रदर्शनकारियों ने रास्ता नहीं छोड़ा, तब पुलिस ने लाठी दिखाकर और ज़बरदस्ती पकड़कर हटाया।

करीब सुबह 11 बजे के आसपास रेल अवरोध हटने के बाद ट्रेनों की आवाजाही फिर से शुरू हो सकी।

दक्षिण-पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ओमप्रकाश चरण ने बताया कि ट्रेन देरी का कारण तकनीकी ब्लॉक की समस्या थी। अधिकारी मौके पर जाकर यात्रियों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस और यात्रियों के बीच हल्की झड़प हुई थी, लेकिन स्थिति अब सामान्य है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अमता शाखा की ट्रेनें लंबे समय से अनियमित चल रही हैं, और अगर समय पर संचालन नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा।

## कोन्नगर में डेढ़ सौ साल पुराना ऐतिहासिक स्तंभ गिरा, भारी वाहन से हादसा

**हुगली :** हुगली जिले के कोन्नगर में शनिवार को क्राइपर रोड पर स्थित लगभग डेढ़ सौ साल पुराना ऐतिहासिक स्तंभ एक दुर्घटना में गिर गया। जानकारी के अनुसार, यह पुराना स्तंभ ब्रिटिश काल में फ्रेंड्स ड्रामाटिक यूनियन नामक नाट्यसंस्था की स्मृति में स्थापित किया गया था। संस्था के संस्थापक अतुल चंद्र मित्रा थे और उनके दान की जमीन पर ही कोन्नगर रविंद्र भवन का निर्माण हुआ था। इस ऐतिहासिक स्तंभ में उस नाट्यसंस्था का इतिहास संरक्षित था। दुर्घटना शनिवार दोपहर हुई जब एक निर्माण सामग्री से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर स्तंभ से टकरा गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़ लिया और कोन्नगर फांड़ी पुलिस को सूचना दी। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि संकरी सड़क पर भारी वाहन चलाना खतरनाक है और



प्रशासन को इस मामले में जवाब देना चाहिए। क्राइपर रोड, जो जी.टी. रोड से कोन्नगर स्टेशन तक जाती है, बहुत संकरी है और सामान्य वाहनों के लिए भी गुजरना कठिन है।

स्थानीय पार्षद लल्टू मजूमदार ने कहा, एक व्यापारी का ट्रक वहां माल उतारने आया था, उसी दौरान यह हादसा हुआ। किसी व्यक्ति को गंभीर चोट लग सकती थी। यह सड़क भारी वाहनों के लिए उपयुक्त नहीं है। ट्रक चालक ने बताया कि उसके सामने अचानक एक टोटो आ गया था, जिसे बचाने के प्रयास में यह दुर्घटना हुई। इस हादसे से शहर की इस ऐतिहासिक धरोहर के नष्ट हो जाने पर स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है। प्रशासन ने फिलहाल स्थल का जायजा लिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### कासबा के राजडांगा में झोपड़ी से बुजुर्ग का शव बरामद

**कोलकाता :** कासबा थाना क्षेत्र के राजडांगा इण्डुपार्क इलाके में शनिवार सुबह एक झोपड़ी से 62 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान राजा पाल, पिता अशोक पाल, निवासी राजडांगा इण्डुपार्क, के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, राजा पाल को उनके घर में बिस्तर पर अचेत अवस्था में पाया गया। उन्हें तुरंत सी.एन.एम.सी. एंड हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में यह मामला अस्वाभाविक मृत्यु का प्रतीत होता है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बाल विवाह नहीं, बेटी बचाओ - अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर पुलिस का संदेश

**हावड़ा :** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भांडारगाछा ग्राम में 'स्टॉप चाइल्ड मैरिज' (बाल विवाह बंद करो) विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक संस्था 'जीविका' की ओर से किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ जनजागरण फैलाना था। कार्यक्रम में चंद्रपुर फाड़ी के प्रभारी अधिकारी स्वर्णभ रॉय, ग्राम प्रधान निपा बसु, समाजसेवी शेख सैफुल रहमान, 'जीविका' संगठन के कई पदाधिकारी और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि हर बच्ची का हक है शिक्षा, समानता और सुरक्षित भविष्य। लेकिन आज भी कई स्थानों



पर कम उम्र में शादी कर दी जाती है, जिससे उनकी शिक्षा और विकास रुक जाता है। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि बाल विवाह को रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर स्थानीय छात्राओं ने पोस्टर प्रदर्शनी और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह के दुष्प को दर्शाया। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि अगर कहीं बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया गया कि - बेटी को किताब दो, शादी नहीं; सपनों को उड़ान दो, बंधन नहीं।

### सियालदह मंडल में 'स्वच्छ नीर' अभियान के तहत पेयजल की स्वच्छता पर विशेष जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत स्वच्छ नीर थीम पर एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य रेलवे परिसरों में सुरक्षित, स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक पेयजल सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग ने विभिन्न स्टेशनों, कार्यालयों, कॉलोनियों, अस्पतालों और विद्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के दौरान



पेयजल नल क्षेत्रों की गहन सफाई, फिल्ट्रेशन प्लांट्स का निरीक्षण, तथा जल की गुणवत्ता की जांच की गई। विशेष ध्यान जल शोधन संयंत्रों के पूर्व और पश्चात फिल्ट्रेशन स्तरों की स्वच्छता और कार्यकुशलता पर दिया गया। रेलवे कर्मचारियों के लिए स्वच्छता जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए, जिनमें ट्रेन कोच में जल आपूर्ति के दौरान हाइड्रेंट पाइप के स्वच्छ उपयोग पर बल दिया गया। रेलवे कॉलोनियों, अस्पतालों और स्कूलों में जल भंडारण टैंकों की क्षमता, स्वच्छता, और पाइपलाइनों के रखरखाव की भी समीक्षा की गई। यह अभियान सियालदह, सोनारपुर, बारासात, बैरकपुर, दमदम जंक्शन, कोलकाता टर्मिनल, कैनिंग, बालीगंज, नैहाटी, दक्षिणेश्वर, बी.आर. सिंह अस्पताल, राणाघाट और बहरामपुर कोर्ट सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर चलाया गया।

## पूर्व भारत में पहली बार रवींद्रनाथ टैगोर हार्ट इंस्टीट्यूट ने किया डुअल-चेम्बर लीडलेस पेसमेकर इम्प्लांट

**कोलकाता, समाज्ञा :** हृदय रोगों के उपचार में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए रवींद्रनाथ टैगोर हार्ट इंस्टीट्यूट, कोलकाता ने पूर्वी भारत में पहली बार डुअल-चेंबर लीडलेस पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण किया। 8 अक्टूबर को एक ही दिन में दो मरीजों पर यह प्रक्रिया पूरी की गई, जिसका नेतृत्व अस्पताल के कैथलैब प्रमुख और वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. देबदत्ता भट्टाचार्य ने किया। यह तकनीक हृदय गति प्रबंधन के क्षेत्र में अत्याधुनिक और न्यूनतम इनवेसिव (बिना चीरे वाली) प्रक्रिया मानी जाती है। एवीयर लीडलेस पेसमेकर सिस्टम पारंपरिक तारयुक्त पेसमेकर की तुलना में अधिक सुरक्षित, प्रभावी और आरामदायक है। विटामिन कैप्सूल के आकार का यह उपकरण



नस के जरिए सीधे हृदय में प्रत्यारोपित किया जाता है, जिससे छाती पर चीरा लगाने या किसी बाहरी तार की आवश्यकता नहीं होती। इससे मरीज को दर्द और संक्रमण का खतरा काफी कम हो जाता है। लगभग 20 वर्षों तक कार्यक्षम यह पेसमेकर सिंगल और डुअल-चेंबर दोनों मॉडलों में उपलब्ध है, जो मरीज की आवश्यकताओं के अनुरूप हृदय गति को नियंत्रित करता है। इस उपलब्धि ने रवींद्रनाथ टैगोर हार्ट इंस्टीट्यूट को भारत में एडवांस्ड कार्डियक रिद्म मैनेजमेंट के क्षेत्र में अग्रणी बना दिया है। डॉ. भट्टाचार्य ने कहा, एवीयर सिस्टम हृदय गति प्रबंधन में एक क्रांति है, जो भारतीय मरीजों को विश्वस्तरीय सटीकता और सुरक्षा प्रदान करता है। कार्यक्रम में अमेरिका के मेडस्टार हार्ट एंड वैस्कुलर इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञ डॉ. साइरस एडल हदादी की उपस्थिति ने इस उपलब्धि को और विशेष बना दिया।

# विदेश की खबरें

## सूडान के अर्धसैनिक बल के हमले में दारफुर में 53 लोगों की मौत : डॉक्टर समूह

**काहिरा :** सूडानी अर्धसैनिक बलों द्वारा दारफुर क्षेत्र में एक आश्रय स्थल पर किए गए हमले में 14 बच्चों सहित कम से कम 53 लोग मारे गए। चिकित्सकों के एक समूह ने यह जानकारी दी। यह हमला सूडान में दो वर्ष से अधिक समय से चल रहे युद्ध में ताजा हमला है।

'सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क' ने बताया कि शुक्रवार देर रात अल-फशर शहर पर रैपिड सपोर्ट



फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा किए गए हमले में कम से कम 14 बच्चे और 15 महिलाओं की जान चली गई। इसने बताया कि हमले में पांच बच्चों और सात महिलाओं सहित 21 लोग घायल भी हुए हैं। ज़्यादातर घायलों को गंभीर चोटें आई हैं। चिकित्सकों के समूह ने बताया कि यह हमला उत्तरी दारफुर की प्रांतीय राजधानी अल-फशर में विस्थापित परिवारों के लिए बने आश्रय स्थल, अल-अरकम होम को निशाना बनाकर किया गया। यह आश्रय स्थल ओमदुरमान इस्लामी विश्वविद्यालय में स्थित है।

चिकित्सकों के समूह ने कहा, 'यह नरसंहार रैपिड सपोर्ट फोर्स द्वारा नागरिकों के ख़िलाफ़ अपनाई गई विनाशकारी नीति की निरंतरता को दर्शाता है, जो सभी अंतरराष्ट्रीय मानदंडों और क़ानूनों का घोर उल्लंघन है।'

## यूक्रेन की ऊर्जा ग्रिड पर रूसी हमले से कीव में बाधित बिजली आपूर्ति बहाल

**कीव :** यूक्रेन की ऊर्जा ग्रिड पर रूस के बड़े हमलों के कारण देश के अधिकतर हिस्सों में बिजली गुल होने के एक दिन बाद शनिवार को कीव में आठ लाख से अधिक निवासियों के लिए बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी 'डीटीईके' ने शनिवार को कहा कि बिजली आपूर्ति बहाल करने का मुख्य कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन शुक्रवार के रूसी हमलों के कारण यूक्रेनी राजधानी में मामूली स्तर पर कटौती अब भी जारी है। रूस के ड्रोन और मिसाइल हमलों में शुक्रवार तड़के कीव में कम से कम 20 लोग घायल हो गए, आवासीय इमारतों को नुकसान पहुंचा और यूक्रेन के कई हिस्सों में बिजली गुल हो गई। यूक्रेन की प्रधानमंत्री यूलिया स्विरीडेंको ने इस हमले को यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर ''सबसे बड़े केंद्रित हमलों में से एक'' बताया।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि हमलों का निशाना यूक्रेन की सेना को बिजली आपूर्ति करने वाले ऊर्जा बुनियादे ढांचे थे। इस बीच, दोनेत्स्क क्षेत्र के गवर्नर वादिम फिलास्किन ने शनिवार को कहा कि कोस्टियनटिनिव्का पर हवाई हमलों में कम से कम दो लोग मारे गए और पांच घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी फोन पर ''बेहद सकारात्मक और उपयोगी'' बातचीत हुई। जेलेंस्की ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने ट्रंप को यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर रूसी हमलों के बारे में बताया और दोनों ने यूक्रेन की वायु रक्षा को मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।

### नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल अस्पताल में भर्ती



**काठमांडू :** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को शनिवार को अचानक स्वास्थ्य समस्याएं उभरने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि उनकी हालत फिलहाल सामान्य है। राष्ट्रपति कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ने पर 80 वर्षीय पौडेल को काठमांडू के मनमोहन 'कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर ट्रांसप्लांट सेंटर' (एमसीवीटीसी) में भर्ती कराया गया। अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति ने अचानक तेज सिरदर्द और उल्टी की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें तुरंत एमसीवीटीसी ले जाया गया। उन्होंने बताया कि चिकित्सक पौडेल की स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रख रहे हैं और फिलहाल उनकी हालत सामान्य है। पौडेल को शनिवार सुबह 'जेन जेड' समूह के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करनी थी, जिनमें से लगभग 20 बातचीत के लिए राष्ट्रपति कार्यालय पहुंच चुके थे। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि पौडेल की तबीयत बिगड़ने के बाद यह बैठक सोमवार तक के लिए टाल दी गई।

## पाकिस्तान में पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर आतंकवादी हमले में सात पुलिसकर्मी मारे गए

**पेशावर :** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर हुए आतंकवादी हमले में सात पुलिसकर्मी मारे गये और 13 अन्य घायल हो गये। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह हमला शुक्रवार देर रात हुआ जब प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सात से आठ आतंकवादियों ने दक्षिण वजीरिस्तान सीमा के निकट डीआई खान जिले में डेरा इस्माइल खान पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर भारी हथियारों का इस्तेमाल करते हुए समन्वित हमला किया। सेना ने एक बयान में कहा कि 10-11 अक्टूबर की दरम्यानी रात को आतंकवादियों ने पुलिस प्रशिक्षण स्कूल के परिसर में घुसने का प्रयास किया और विस्फोटकों से लदे ट्रक को स्कूल



के मुख्य द्वार से टकरा दिया, जिससे एक बड़ा विस्फोट हुआ। इस हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, जबकि सुरक्षाकर्मियों और आतंकवादियों के बीच जवाबी गोलीबारी में छह अन्य पुलिसकर्मी मारे गए। सेना ने बताया कि पांच घंटे की गहन मुठभेड़ के बाद छह आतंकवादी भी मारे गये। सेना ने बताया कि गोलीबारी के दौरान आतंकवादियों ने हथगोले फेंकना जारी रखा।

### बांग्लादेश: सेना ने विशेष न्यायाधिकरण के आदेश के बाद 15 सेवारत अधिकारियों को हिरासत में लिया

**ढाका :** बांग्लादेश की सेना ने 15 सेवारत अधिकारियों को हिरासत में लिया है। सेना ने शनिवार को बताया कि इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल-बांग्लादेश (आईसीटी-बीडी) ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासनकाल के दौरान मानवता के खिलाफ किए गए कथित अपराधों के लिए मुकदमा चलाने के वास्ते इन अधिकारियों की गिरफ्तारी का आदेश दिया था, जिसके बाद यह कदम उठाया गया है। सेना के एडजुटेंट जनरल मेजर जनरल मोहम्मद हकीमुज्जमां ने ढाका में सैन्य मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, 16 अधिकारियों को सैन्य मुख्यालय में पेश होने के निर्देश जारी किए गए थे, जिनमें से 15 ने इस पर अमल किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री के सैन्य सचिव के रूप में काम कर चुके मेजर जनरल कबीर अहमद सैन्य मुख्यालय में पेश नहीं हुए। मेजर जनरल हकीमुज्जमां ने कहा, मेजर जनरल कबीर कहां हैं, इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्हें विदेश जाने से रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन अधिकारियों ने सैन्य मुख्यालय में रिपोर्ट किया, उन्हें सैन्य हिरासत में ले लिया गया है और उनके परिवारों से दूर रखा गया है। संवाददाता सम्मेलन में जानकारी दी गई कि जिन 16 अधिकारियों को तलब किया गया था, उनमें दो मेजर जनरल, छह ब्रिगेडियर जनरल और कई कर्नल व लेफ्टिनेंट कर्नल शामिल थे। यह घटनाक्रम सोशल मीडिया पर जारी व्यापक अटकलों के बीच सामने आया है कि क्या सेवारत सैन्य अधिकारियों पर पिछले शासन के दौरान अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय किए गए कथित अपराधों के लिए सेना अधिनियम के तहत सैन्य अदालतों के बजाय नागरिक न्यायाधिकरण में मुकदमा चलाया जाएगा।

### बांग्लादेश की अदालत गर्भवती भारतीय महिला और तीन अन्य पर घुसपैठ के आरोप तय करेगी

**ढाका :** बांग्लादेश की एक अदालत गर्भवती भारतीय महिला और तीन अन्य लोगों पर देश में अवैध रूप से प्रवेश करने के मामले में इस माह चौथे सप्ताह में आरोप तय करेगी। इस कदम से उनके स्वदेश लौटने का रास्ता साफ हो सकता है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। कुछ महीने पहले कथित तौर पर भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने इन सभी पर बांग्लादेशी नागरिक होने का संदेह जताते हुए उन्हें बांग्लादेश भेज दिया था। मुख्य लोक अभियोजक (उत्तर-पश्चिमी) चपाई नवाबगंज एम अब्दुल वदूद ने कहा, 'वरिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट अशरफुल हक ने सोनाली खातून और तीन अन्य लोगों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए 23 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। वे पिछले चार महीनों से जेल में बंद हैं।'

# केदारनाथ-मन की शांति का एक तीर्थ

सुधीर कुमार सिन्हा 'मुरली'

हिमालय की घाटियों में आप दूर तक कहीं भी चले जायें। अलौकिक, प्राकृतिक सुषमा आपका मन मोह लेगी। आप वहां जाकर इस कदर प्रकृति के अनुपम सौन्दर्य में खो जायेंगे कि फिर घर लौटने का दिल नहीं करेगा।

हिमालय की मनोरम वादियों में ऐसे कई स्थल मिल जायेंगे जो आपको शहर के शोरगुल और नीरस माहौल से बिलकुल अलग कर आपको थोड़े समय के लिये एक ऐसी दुनिया में ला देंगे कि आप अपने सारे गमों को भूल सा जायेंगे।

अनेकों स्थलों के बीच एक पवित्रा स्थल है केदारनाथ जो एक महत्त्वपूर्ण धार्मिक केन्द्र तो है ही, साथ ही पर्यटन के लिहाज से भी जिसका कम महत्त्व नहीं है।

केदारनाथ उत्तर प्रदेश के गढ़वाल मंडल में बद्रीनाथ से महज 42 किलोमीटर दूर समुद्र की सतह से 3,581 मीटर की ऊंचाई पर बसा देशी विदेशी पर्यटकों, प्रकृति प्रेमियों, वनस्पति शास्त्रियों और भक्तजनों के लिये एक खासा महत्त्वपूर्ण और रमणीय स्थान है।

यहां पर दूर-दूर तक फैले बर्फ से लदे गगनचुंबी हिमालय पर्वत के शिखर, ऊंचाई से गिरते झरनों का झर-झर करता सुमधुर स्वर, घाटियों से होकर सर्पीली चाल से बहती हुई मंदाकिनी नदी, चीड़ और देवदार के आकर्षक और मनमोहक नजारे तथा दूर तक फैली हुई खामोशी वातावरण को इतना खुशनुमा और रंगीला रूप प्रदान करते हैं कि दूर देश के रहने वाले सैलानी यहां की वादियों में मदमस्त होकर विचरण करते देखे जा सकते हैं। यहां के अलौकिक नजारे हृदय को शांति प्रदान करने के लिये काफी हैं।

केदारनाथ आप मई, जून और सितम्बर, अक्टूबर के महीने में जा सकते हैं। इन दिनों यहां का मौसम पर्यटन के लिहाज से बहुत ही खुशगवार रहता है। जुलाई-अगस्त में यहां व्यापक रूप से भारी वर्षा होती है तथा अक्टूबर से अप्रैल तक कड़ाके की सर्दी पड़ती है जिसके कारण यहां के मंदिर के कपाट बंद हो जाते हैं जो सर्दी के बाद मई के महीने में खुलते हैं, इसलिये इन दिनों तीर्थयात्रियों का आना बिलकुल ही बंद रहता है। हां, वनस्पतिशास्त्री, चिंतक और प्रकृति प्रेमी इस मौसम में भी आना नहीं भूलते जबकि यहां के रास्ते बर्फ से अवरूद्ध हो जाते हैं।

दिल्ली से केदारनाथ हरिद्वार के रास्ते से जाने पर 346 किलोमीटर दूर है। अन्य स्थानों से भी केदारनाथ जाने के लिये बस की सुविधा उपलब्ध है। बदरीनाथ, गंगोत्री, ऋषिकेश, मसूरी, कोटद्वार, काठगोदाम और नैनीताल से बसें नियमित रूप से केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को ले जाती हैं। ये बसें सोनप्रयाग तक ही जाती हैं। यहां से केदारनाथ



तक की 19 किलोमीटर की दूरी पैदल ही तय करनी पड़ती है जो सहयात्रियों के संग बतियाते हुये और राह के मनमोहक नजारों को निहारते हुए आसानी से कट जाती है।

पर्यटकों के लिये यूं तो सारा क्षेत्रा ही देखने लायक है, फिर भी कुछ ऐसे दर्शनीय स्थल अवश्य हैं जिनको देखे बिना लौट आना अधूरे पर्यटन की निशानी समझा जाता है। इन दर्शनीय स्थलों में कुछ आपकी जानकारी के लिये प्रस्तुत हैं:-

**केदारनाथ मंदिर:-** केदारनाथ मंदिर यहां का मुख्य दर्शनीय स्थल है। भक्तजनों के लिये यह मंदिर आकर्षण का मुख्य केन्द्र है। देश के कोने-कोने से हिन्दू तीर्थयात्री यहां पूजा-अर्चना के लिये आते हैं। इस मंदिर में शिवलिंग स्थापित है। केदारेश्वर व नन्दी के अतिरिक्त इस मंदिर में पार्वती, गणेश, कुन्ती व पाण्डवों की मूर्तियों के दर्शन किये जा सकते हैं जो कलात्मकता की दृष्टि से बेजोड़ हैं। ऐसा कहा जाता है कि महाभारत युद्ध के बाद पाण्डव इस स्थान पर आये थे और उन्होंने यह मंदिर बनवाया था। भीषण सर्दी के मौसम में इस मंदिर के कपाट अक्टूबर से अप्रैल तक बंद रहते हैं।

**गांधी सरोवर:-** यह तालाब बहुत बड़ा है जो केदारनाथ से महज चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। प्राचीनकाल में इसे चोरावती तालाब के नाम से जाना जाता था परन्तु 1948 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की अस्थियों को इस तालाब में विसर्जन किये जाने के फलस्वरूप बाद में इस तालाब का नाम 'गांधी सरोवर' कर दिया गया। यह सरोवर मंदाकिनी नदी का भी है।

**पंचगंगा:-** केदारनाथ मंदिर के बिलकुल पास ही पर्वतों से उतरकर चार जलधारायें, मधुगंगा, सरस्वती, स्वर्णद्वारी और क्षीरगंगा मंदाकिनी नदी से आकर मिलती है जहां नयनाभिराम दृश्य पर्यटकों की आंखों को राहत पहुंचाता है, वहीं यह कवियों का प्रेरणालोक भी साबित होता है परन्तु इन जलधाराओं के मिलने से जो भयंकर शोर उत्पन्न होता है, वह दिल दहला देने वाला साबित होता है। इन पांच जलधाराओं के मिलने के कारण ही इस स्थान को पंचगंगा का नाम दिया गया है। यहां पर एक आकर्षक मंदिर भी है।

**वासुकी ताल:-** यह एक झीलनुमा ताल है जो केदारनाथ से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर मनमोहक नजारों के बीच में होने के कारण एक स्वप्नलोक सा प्रतीत होता है। यहां का सौन्दर्य किसी का भी मन मोह लेने में सक्षम है। पिकनिक प्रेमियों के लिए यह स्थान अति उत्तम समझा जाता है।

केदारनाथ पहुंचने से 19 किलोमीटर पूर्व जिस स्थान पर बस यात्रियों को छोड़ देती है यह सोनप्रयाग कहलाता है। यहां पर सोन नदी और मंदाकिनी नदी का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यहां की खूबसूरती को कैमरे में कैद करके आप एक खूबसूरत यादगार अपने साथ ले जा सकते हैं। अगर आप यहां की यात्रा पर आयें तो अपने साथ एक अच्छा सा कैमरा अवश्य लायें। यह आपकी यात्रा के आनंद को अवश्य द्विगुणित कर देगा।

यहां से 26 किलोमीटर दूर एक रास्ता गुप्तकाशी चला जाता है जहां से हिमालय की चौखम्बा चोटी का विहंगम दृश्य देखा जा सकता है। यहां पर चन्द्र शेखर महादेव तथा अर्द्धनारीश्वर के मंदिर में पूजा अर्चना की जा सकती है।

गुप्तकाशी से एक सड़क मदमहेश्वर तक चली जाती है तो दूसरी सड़क ऊंखीमठ, चोपता और चमोली होती हुई बदरीनाथ तक चली जाती है। इसके अलावा भीमगुफा, मधुगंगा, स्नोव्यू, श्रीरगंगा, भैरोशिला, उटककुंड, हंसकुंड तथा रेत कुंड भी यहां के महत्त्वपूर्ण दर्शनीय स्थल हैं।

इन सब जानकारियों के पश्चात् अब एक महत्त्वपूर्ण सवाल जो यहां पहुंचने वाले प्रत्येक सैलानी और तीर्थयात्रियों के मन में उभरता है, वह है खाने पीने और रहने ठहरने का सवाल।

खाने पीने के लिये हम पर्यटकों को बता दें कि यहां के छोटे छोटे ढाबों या होटलों में अत्यंत सस्ती दरों पर केवल शाकाहारी भोजन ही खाने को मिल सकता है।

ठहरने के लिए यहां पर कई लॉज, धर्मशाला, होटल, बिडला अतिथिगृह, लोक निर्माण विभाग का निरीक्षण भवन तथा मंदिर समिति के अतिथि गृह बने हुये हैं जिनमें पहले से आरक्षण करके ठहरा जा सकता है।

विशेष जानकारी के लिये आप उत्तराखंड के किसी भी पर्यटन कार्यालय से संपर्क स्थापित कर सकते हैं या रीजनल टूरिस्ट ब्यूरो, हरिद्वार उत्त-राखंड टूरिस्ट ऑफिस, ऋषिकेश उत्तराखंड को लिख सकते हैं। (उर्वशी)

# खुशबू बताती है स्वभाव

नरेंद्र देवांगन



प्रकृति से भी हर किसी को अपनी एक खास महक मिलती है हालांकि इस महक का रोजमर्रा के जीवन में अहसास बहुत कम होता है। बहुत नजदीकी लोग ही वास्तविक शारीरिक महक का एहसास कर पाते हैं। शारीरिक महक बहुत मंद होने के कारण ही परफ्यूम का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन हर किसी के द्वारा अलग-अलग तरह की इस्तेमाल की जाने वाली खुशबू यानी परफ्यूम महज ताजगी के एहसास का जरिया ही नहीं होती। यह खुशबू व्यक्तित्व को भी अच्छी तरह से बयान करती है इसलिए किसी के बदन से निकलने वाली खुशबू से उसके व्यक्तित्व का आंकलन आसानी से किया जा सकता है।

स्टाइल गुरू कहते हैं कि हमेशा ऐसे परफ्यूम इस्तेमाल किए जाने चाहिए जो आपकी पसनैलिटी और स्टाइल को सूट करें। अब हर तरह के परफ्यूम बाजार में उपलब्ध हैं जो आपको स्वीटर एंड मस्की, फ्रेश एंड फ्लोरल, फेमिनाइल एंड फ्लोरल, फेमिनाइल एंड फ्लावरी जैसे तमाम अंदाज देते हैं। इसलिए आप उसी अंदाज को अपना अंदाज बनाएं जो आप पर सूट करे और जिसे आप पसंद करते हों, खासतौर पर महिलाओं के लिए।

**फ्लोरल महक:-** विशेषज्ञों के मुताबिक, खुशबू से किसी के व्यक्तित्व को आसानी से पहचाना जा सकता है। अगर किसी के बदन से फ्लोरल महक आ रही है तो इसका मतलब इस खुशबू को इस्तेमाल करने वाला व्यक्ति हंसमुख और शर्मीला होगा। आमतौर पर इस तरह की खुशबू का इस्तेमाल पुरूषों में आईआई सेक्टर के एग्जीक्यूटिव इस्तेमाल करते है।

बैंकिंग और इंश्योरेंस क्षेत्रा के युवा एग्जीक्यूटिव भी इस तरह की खुशबू का इस्तेमाल करते हैं मगर सबसे ज्यादा इसे लड़कियां ही इस्तेमाल करती हैं। इस तरह की महक का इस्तेमाल करने वाले आमतौर पर प्यार करने वाले और प्यार करके उसे निभाने वाले होते हैं। यह जो भी बात कहते हैं, उस पर अडिग रहते हैं।

**मस्क, वनीला और चेरी महक:-** कुछ लोगों की पसंद होती है मस्क, वनीला और चेरी जैसी स्ट्रांग महक। यह न सिर्फ तेज बल्कि भड़कीली भी होती है। यह फूलों के एसेंस और सिंथेटिक खुशबू को मिलाकर बनायी जाती है। यह खुशबू आमतौर पर उन लोगों को पसंद आती है जो आत्मविश्वास करने में यकीन करने वाले होते हैं। अक्सर अपनी जिद के पक्के और जुनूनी लोग इस तरह की खुशबू को पसंद करते हैं।

इस तरह की खुशबू पसंद करने वाली महिलाएं पार्टियों की जान होती हैं। ऐसे लोग दोस्ताना मिजाज वाले और एक-दो मुलाकातों में ही अपना दिल खोल देने वाले होते हैं। इस तरह की खुशबू का इस्तेमाल करने वाले लोग बड़े सहज भी होते हैं। वे किसी पर भी यकीन कर लेते हैं लेकिन कोई अगर उनके यकीन को तोड़ें तो वे उसकी परवाह भी नहीं करते और उतनी ही आक्रामकता से मुंहतोड़ जवाब देते हैं।

**ओशनिक महक:-** कुछ लोगों को ओशनिक महक वाली खुशबू पसंद होती है। यह खुशबू आमतौर पर समुद्र, झीलों और नदियों के किनारे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। पहली बारिश के बाद मिट्टी से जो खुशबू आती है उस खुशबू के भी इसमें कुछ तत्व घोले जाते हैं। इसलिए यह बहुत मादक होती है।

इस तरह की खुशबू का इस्तेमाल करने वाले भी आमतौर पर शांत स्वभाव के लोग होते हैं। डॉक्टर, प्रोफेसर, बड़ी कंपनियों के सीईओ इस तरह की खुशबुओं के अक्सर प्रेमी होते है।

ऐसी खुशबू इस्तेमाल करने वाले लोगों के व्यक्तित्व में एक चुंबकीय आकर्षण होता है। वे जहां भी खड़े होते हैं लोग उनके इर्द-गिर्द मंडराने लगते हैं। लोग उनकी पहल का इंतजार करते है। ऐसी खुशबू का इस्तेमाल करने वाले लोगों में जन्मजात नेतृत्व की क्षमता होती है। भले वे नेता न हों लेकिन जिस भी क्षेत्रा में होते हैं, उस क्षेत्रा का नेतृत्व जरूर करते हैं।

**फ्रूटी महक:-** कुछ लोगों को फलों वाली खुशबू आकर्षित करती है। वे ऐसे परफ्यूम पसंद करते है जो फ्रूटी स्मेल वाले होते हैं। आमतौर पर ये बहुत सेंसिटिव लोग होते हैं। ये प्रकृति से अपने को बहुत करीब मानते हैं और बदलाव को जल्दी से नहीं स्वीकारते, खासतौर पर ऐसा बदलाव जिससे किसी चीज का प्राकृतिक स्वरूप ही नष्ट हो रहा हो, उसके लिए तो यह बहुत मुश्किल से तैयार होते हैं। (उर्वशी)

# ऐसे बनें आकर्षक

शिखा चौधरी

यह तो सभी मानते हैं कि जो आकर्षक है वह सभी को अपनी ओर खींचता है और सभी उसके पास जाना चाहते हैं। आज की तारीख में सुंदरता और आकर्षण की परिभाषा बदल चुकी है। पहले आकर्षण का केन्द्र सादगी को माना जाता था यानी पहले सादगी ही सुन्दरता थी किन्तु आजकल ग्लैमरस लुक को भी इसमें शामिल कर लिया गया है।

सुन्दर वही है जिसमें आकर्षण और ग्लैमर दोनों हैं। आजकल सुन्दरता ब्यूटी बन चुकी है और ब्यूटी दिखाने की चीज हो गई है। इसमें एक चीज और जोड़ दी गई है और वह है व्यक्तित्व। मतलब यह कि आप किसी भी तरह अपने व्यक्तित्व को निखार सकते हैं। सिर्फ थोड़ी सी मेहनत की जरूरत है।

संतुलित आहार लेने और खूब पानी पीने से त्वचा की खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं लेकिन इसका यह तात्पर्य नहीं कि आप अपने चेहरे पर कुछ भी और कितना भी पोत लें। मौके के अनुसार ही तैयार होना चाहिए। यदि आप ऐसा नहीं करेंगी तो हंसी का पात्र ही बनेंगी जैसे कि यदि रात के समय आप हैवी मेकअप करती हैं तो आप सुंदर लगेंगी किन्तु यदि दिन के समय आप हैवी मेकअप करेंगी तो बड़ी भद्दी लगेंगी। वही कॉस्मेटिक्स प्रयोग करें जो कि आपकी त्वचा और आप पर सूट करें।

### व्यक्तित्व पर भी ध्यान दें

व्यक्ति की सुन्दरता में अब तन और मन दोनों को शामिल किया जाता है। आपका शरीर ही नहीं वरन आपका मन भी सुंदर होना चाहिए। इसके लिए आपके मन में उत्तम विचार आने चाहिएं। यही आपको प्रदर्शित करते हैं।

आकर्षक दिखना भी जरूरी

व्यक्तित्व के निर्माण में लुक का खास योगदान होता है, इस बात को कोई भी नकार नहीं सकता। जब आप किसी से पहली बार मिलते हैं तो यह नहीं जान सकते कि उसके मन में क्या है। आप उसे देखकर ही उसके विषय में अंदाजा लगा सकते हैं। उस वक्त व्यक्ति की भीतरी सुंदरता काम नहीं आती बल्कि उसकी बाहरी सुंदरता देखकर ही उसके विषय में अंदाजा लगाया जाता है। जैसा उसका बाहरी रूप होता है वही आप पर सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव छोड़ता है।

वह पुराने जमाने की बात थी जब सुंदरता को गॉड गिफ्टिड माना जाता था। माना जाता था कि वह खुद ब खुद लोगों को दिखाई दे जायेगी लेकिन आज लोगों के बीच में अपनी एक जगह बनाने के लिए आकर्षक दिखना बेहद जरूरी है।

### सुंदरता और आकर्षण अलग-अलग

सुंदरता और आकर्षण दो अलग-अलग चीजें हैं। यह जरूरी नहीं कि जो सुंदर हो, वो आकर्षक भी हो। आकर्षण में आपके बोलने पहनने आदि का तरीका आता है जैसे कि कभी -कभी कोई सुंदर लड़की भी आपको अपनी ओर आकर्षित नहीं कर



पाती जबकि कोई साधारण सी लड़की अनायास ही आपका ध्यान अपनी ओर खींचती है। ऐसा शायद उसके व्यवहार या उसके सजने संवरने या पहनने के सलीके के कारण हो सकता है।

### चमकती दमकती त्वचा

आकर्षक दिखाने के लिए जरूरी है कि आप अपनी त्वचा का खास ख्याल रखें। आपकी त्वचा गोरी नहीं है तो क्या हुआ? आप उसमें चमक तो ला सकती हैं। अपनी साधारण सी त्वचा को दाग-धब्बे रहित बनाएं। उस पर झुर्रियां न पड़नें दें।

फिर देखिए आपकी सांवली सूरत भी बेहद आकर्षक दिखेगी। इसके लिए जरूरी है कि संतुलित भोजन लें। इसमें संतुलित मात्रा में अनाज, फल, हरी सब्जियां आदि लें। खूब पानी पिएं। मौसम के अनुसार कास्मेटिक्स को प्रयोग करें। फिर आप ही आकर्षक दिखेंगी, कोई दूसरा नहीं।

### ड्रेसिंग सेंस

आपका पहनावा आपकी सुंदरता व आकर्षण का ही एक हिस्सा है। आपकी डेक्रस आपके व्यक्तित्व को एक पहचान देती है। अपनी फिगर के अनुसार ही डेक्रस पहनें, तभी आकर्षक दिखेंगी। फिगर के अनुसार पोशाक न पहनने पर आप फूहड़ दिखेंगी। वैस्टर्न और ट्रेडीशनल परिधान मौके को ध्यान में रखते हुए ही पहनें। उनके साथ मेल खाती एक्सेसरीज ही पहनें। अपने हेयर स्टाइल को भी अपने लुक के साथ मेल खाता हुआ रखें।

### आत्मविश्वास

आकर्षक दिखने के लिए अपने ऊपर विश्वास भी होना चाहिए यानी कि आपके अन्दर आत्मविश्वास होना चाहिए। आत्म विश्वास आपको और भी खूबसूरत और आकर्षक बनाता है। यह आपके व्यक्तित्व को और भी आकर्षक बनाता है। आपके बोलने का ढंग ऐसा होना चाहिए जिससे किसी को कोई ठेस भी न पहुंचे और आपकी छवि भी उसके सामने खराब न हो। हर समय तरोताजा दिखें। बेवजह कोई टेंशन न पालें। (उर्वशी)

# थैंक यू - कब और कैसे

सुनीता गाबा

थैंक यू, सॉरी ये शब्द ऐसे हैं कि आम भाषा में इनका प्रयोग अधिकतर सभी करने लगे हैं। बड़े से छोटे तक थैंक यू कई अवसरों पर हम बोलते हैं लेकिन इसे कहने का भी एक अंदाज होता है जिसे थैंक यू बोला जाता है उसका मन प्रफुल्लित हो उठता है।




❊ हमें थैंक यू सामने वाले को तब बोलना चाहिए अगर उसने आपको अच्छी सेवा दी हो या दिल से पूरा प्रयास किया हो आपके लिए।

❊ किसी ने कोई उपहार या ट्रीट दी हो।

❊ किसी के साथ काम पूरा करने का अवसर मिला हो और उसके साथ काम करके मजा आया हो।

❊ किसी ने आपकी उम्मीद से काम अच्छा और जल्दी कर दिया हो।

❊ किसी ने आपके जरूरी काम को आउट ऑफ द वे जाकर काम कर दिया हो।

❊ आप किसी को कोई विशेष काम सौंपते हैं और पूरा होने पर थैंक यू तह दिल से बोलें।

❊ थैंक यू काम खत्म होते ही कहें, कुछ देर बाद थैंक यू का वह महत्त्व नहीं रहता। अगर काम करने वाला सामने ना हो तो उसे मेल कर, मैसेज कर या फोन कर तुरंत थैंक यू कहें।

❊ अगर आपके टीम वर्क में किसी विशेष विषय पर चर्चा हो तो उस विषय की जानकारी एकत्रित करने वाले को थैंक यू कहना न भूलें, ताकि उसे लगे उसके काम को नोटिस किया गया है।

❊ अगर आपने कहीं जाना हो, किसी ने आपकी व्यवस्था कर दी हो, पर मजबूरीवश नहीं जा पाये, तब भी उसे थैंक यू अवश्य कहें।

❊ जब किसी का धन्यवाद कर रहे हैं तो अन्य फालतू बातें न करें नहीं तो ध्यान मुद्दे से भटक जाएगा और थैंक यू की कीमत नहीं रहेगी।

❊ थैंक यू जब भी करें। गर्मजोशी से करें, अनमने या बनावटी तरीके से नहीं जैसे कि थैंक यू आपने मेरा जरूरी काम कर दिया।

❊ आवश्यकता पड़ने पर थैंक यू नोट भी भेजा जा सकता है।

❊ चेहरे पर हल्की मुस्कान और बॉडी लैंग्वेज सही रखते हुए थैंक यू कहें। हो सके तो हाथ भी मिलाएं।

❊ मल्टी टास्किंग में व्यस्त रहते हुए थैंक यू ना बोलें। सामने वाले पर पूरा ध्यान केंद्रित करते हुए थैंक यू बोलें।

❊ अगर आप फोन पर थैंक यू कह रहे हैं तो समय का ध्यान अवश्य रखें कि कहीं उनका सोने, खाने या बच्चों को स्कूल भेजने का समय ना हों।

❊ ई मेल करते समय थैंक यू सिंपल शब्दों में कहें, किसी बुक से लाइनों को चुरा कर न लिखें।

❊ अगर संभव हो तो थैंक यू कार्ड पर थैंक यू लिख कर भी भेजा जा सकता है। (उर्वशी)

# मुसीबतों को निमंत्रण है घर से भागना

उषा जैन 'शीरीं'



लड़कियों के घर से भागने के किस्से बहुत पुराने हैं लेकिन जहां पहले ये किस्से इतने आम न थे, आज हो गए हैं। कई बार उनके ऐसे कदम के लिए उनसे ज्यादा उनके घरवालों तथा परिस्थितियां जिम्मेदार होती हैं पर प्रायः इस कदम से लड़कियां ऐसे दुष्चक्र में फंस जाती हैं जहां से निकलना संभव नहीं होता।

कई बार घर में संवादहीनता जैसी स्थिति होती है। किशोरवय अपने साथ, बहुत से प्रश्न, बहुत सी उलझनें व बदलाव लेकर आती हैं। ऐसे में लड़कियों को ऐसे मित्र व अभिभावक की सख्त जरूरत होती है जिनसे वे अपनी उलझनें शेयर कर सकें। घर में मां-बाप का सपोर्ट न मिलने पर बाहर वालों के बहकावे में आते उन्हें देर नहीं लगती। कोई भी सच्चा प्रेमी कभी उन्हें घर से भागने की राय नहीं देगा।

मां बाप चूंकि दुनिया देखे हुए परिपक्व लोग होते हैं, उन पर लड़कियों के मन को समझने की जिम्मेदारी अधिक होती है। युवावस्था जिज्ञासाओं से भरी होती है। उनमें असीम एनर्जी होती है जिसे सही चैनलाइजेशन की जरूरत है। उनकी जिद कब जुनून बन जाए, कह नहीं सकते। मां बाप का अनकंडीशनल लव और उनकी समझदारी ही इसे नियंत्रित कर सकती है। जिद को जिद से टैकल नहीं किया जा सकता। न ही छल कपट और झूठे वायदे काम आते हैं। उनसे तो बात और बिगड़ेगी ही।

प्रकृति ने हर व्यक्ति को अनूठा बनाया है। कोई भी पूरी तरह बुरा या अच्छा नहीं होता। यह जरूर है कि कई लड़कियां बहुत आज्ञाकारी साबित होती हैं। उन्हें अपने कर्तव्यों व मां बाप की इज्जत का पूरी तरह अहसास होता है, कई शुरू से अड़ियल, हठी हमेशा अपनी ही मनमानी करने वाली बेहद खुदगर्ज किस्म की होती हैं। न उन्हें मां बाप से लगाव होता है न उनकी इज्जत की परवाह।

सोचने की बात है कि मां बाप से बढ़कर कौन उनका हितैषी हो सकता है। सो कॉल्डप्रेमी जिसके लिए वो मां बाप को छोड़कर भागने को तैयार हो जाती हैं, उसे वे जानती ही कितना हैं?

यह ठीक है कि एक उम्र ऐसी आती है जब मां बाप के अलावा विपरीत सैक्स का प्यार जरूरत बन जाती है। यह कुदरत है और इसे तो स्वीकार करना ही पड़ेगा लेकिन इसके लिए ईश्वर तुल्य मां बाप के साथ छल करना और उनके प्यार का ऐसा बदला देना, यहां तक कि उनकी ही मेहनत की कमाई भी चोरी कर साथ ले जाना (क्योंकि फटीचर प्रेमी का हुक्म है) नीचता ही होगी।

कई बार प्यार का भूत ऐसा सिर चढ़कर बोलता है कि लड़कियां अपने अच्छे संस्कार भी दरकिनार कर देती है। ऐसे में मां-बाप कहां से कुसूरवार कहलाएंगे। घर में सौतेली मां या सौतेला बाप हो जिनका व्यवहार असहनीय हो, तब लड़कियों का घर से पलायन फिर भी समझ में आता है लेकिन जिस प्रेमी के साथ भागी हों, उसके दगाबाज निकलने पर स्थिति ऐसी ही हो जाती है जैसे आसमान से गिरी खजूर से अटकी हो। घर से बाहर की दुनिया लड़कियों के लिए दुनिया के किसी भी कोने में निरापद नहीं।

जीवन से भले ही कितनी असंतुष्ट हों लेकिन पढ़ने का सुअवसर मिल रहा है तो उसे बिल्कुल न गंवाएं। एक बार पढ़ लिखकर कुछ बन जाएं तो फिर आप में इतना आत्मविश्वास होगा कि अपना जीवन अपनी इच्छा से सुरक्षित गुजार सके।

देखा जाए तो आमतौर से लड़कियों के लिए विवाह कर एक सुखद गृहस्थ जीवन बिताना ही श्रेयस्कर है। फिजूल के एडवेंचर, जानलेवा महत्वाकांक्षाएं, ग्लैमर के पीछे की दौड़ और ओवरस्मार्टनेस उनके लिए सिर्फ मुसीबतें ही पैदा करती हैं और वे कभी सुखी नहीं रहती। बाहर की दुनिया लड़कियों के लिए सो कॉल्ड उन्नति के बावजूद पहले से ज्यादा असुरक्षित है। (उर्वशी)

# करें आंखों का मेकअप

रूबी



यह सच है कि चेहरे का मेकअप चाहे कितना ही आकर्षक हो, आंखें ही व्यक्ति को अपनी ओर बरबस ही आकर्षित कर लेती हैं। अतः आप जब अपना मेकअप करती हैं तो कुछ अन्य बातों का भी ध्यान रखें ताकि मेकअप बेहतर ढंग से किया जा सके।

आंखों के मेकअप के लिए आवश्यक सामग्री में आप रखें-गोल स्पंज ब्रश, आई शैडो लगाने के लिए, तिकोने बालों वाला ब्रश, भौंहों के लिए, ट्वीजर, कनसीलर, मस्कारा, लूज पाउडर।

**मेकअप करने का तरीका:-** सबसे पहले आप आंखों के आस-पास के जगह के काले गड्डों को कनसीलर की सहायता से छिपाएं। आई शैडो का बेस तैयार करने के लिए त्वचा की रंग से मेल खाता लूज पाउडर आंखों के चारों तरफ स्पंज से थपथपाते हुए लगाएं। आई शैडो को लगाने के लिए सदैव बीच वाले शेड हों तो बेहतर होगा। वह न तो अधिक गहरे और न तो अधिक हल्के होने चाहिए।

उदाहरण के लिए देखें कि भूरे रंग का चुनाव करने पर इसके तीन रंग के शेड हल्का, मध्यम व गहरे रंग के शेड को आंखों के गोलाइयों में भौंहों से नीचे उभरे हुए हिस्से एवं सबसे गहरे रंग के शैड को लाइनर के रूप में इस्तेमाल कर आप एक ही रंग से बेहतर परिणाम पा सकते हैं।

गोल स्पंज वाले ब्रश से पलकों से लेकर भौंहों के नीचे तक सबसे हल्के शेड लगाने में भी प्रयोग करें। तिकोने आकार के ब्रश से गहरे रंग के शैडो की लाइन बनाएं। इसी ब्रश द्वारा गहरे भूरे शेड को निचली पलकों पर भी लाइन बनाने के लिए प्रयोग करें। यदि शेड केवल आधे आंखों पर ही लगे तो अधूरा व असंतुलित सा लगता है।

आपकी आंखों का आकार गोल होने पर बाहरी कोनों से लाइन थोड़ी ऊपर की ओर बाहर निकालने से आंखों को लम्बा दिखाया जा सकता है। मस्कारा लगाने के लिए वाटर प्रूफ मस्कारा का ही प्रयोग करें। मस्कारा लगाने के पश्चात आप सूखने का इन्तजार करें। हल्के भूरे, काले व ट्रांस्पेरेन्ट मस्कारा का प्रचलन काफी है। अतः इसे आप प्रयोग कर सकती हैं।

भौंहों के लिए सबसे पहले ट्वीजर से अवांछित बालों को साफ कर लें। तिकोने बालों वाले ब्रश को अपनी भौंहों के काले या भूरे रंग अनुसार उसी रंग के शैडो में डिप कर बालों की उगने की दिशा में फेरते हुए लगाएं। भौंहों को संवरा दिखाने के लिए ब्रश ऊपर से एक बार अवश्य करें। (उर्वशी)

# रेसिपी कार्नर
# आलू के स्वादिष्ट व्यंजन




### दही वाले आलू

**सामग्रीः-** 4 उबले हुए आलू, हरी मिर्च 2, 1 चम्मच अदरक का पेस्ट, 1/4 चम्मच हल्दी, 1/2 चम्मच जीरा, नमक स्वादानुसार, थोड़ा सा हरा धनिया, 1/2 चम्मच लाल मिर्च, 1/2 कप दही, घी या तेल।

**विधिः-** घी में जीरे को भून लें। फिर इसमें अदरक का पेस्ट, हल्दी, नमक, हरी मिर्च व लाल मिर्च को भूनें। हल्का भूरा हो जाने पर उबले हुए आलू के छोटे टुकड़े इसमें डाल दें। थोड़ा सा पानी डाल दें ताकि आलू नीचे न लगें। फिर इसमें दही डाल दें और उबाल आने पर थोड़ा सा धनिया डाल दें। दही वाले आलू तैयार हैं।

### आलू भाजी

**सामग्रीः-** 4 उबले हुए आलू, 2 प्याज महीन कतरे हुए, 2-3 हरी मिर्च, 1 चम्मच अदरक पेस्ट, 8-10 कढ़ी पत्ते, थोड़ा सा कटा हुआ धनिया, 2 टमाटर, 1/4 चम्मच हल्दी, 1 चम्मच नमक, 1/2 चम्मच लाल मिर्च।

**विधिः-** थोड़ा सा तेल ले कर उसमें कढ़ी पत्ता भूनें। फिर प्याज, हरी मिर्च, अदरक का पेस्ट हल्का भूरा कर लें। इसके पश्चात टमाटर के बहुत बारीक टुकड़े या टमाटर का पेस्ट इसमें डालकर अच्छी तरह भून लें। अब इसमें हल्दी, नमक लाल मिर्च और आलू के छोटे कटे टुकड़े मिला दें। इस मिश्रण को तब तक उबलने दें जब तक पानी अच्छी तरह न सूख जाए।



जब मिश्रण में पानी न रह जाए तो इस में धनिए के पत्ते डालें। पूड़ी या प्लेन रोटी के साथ ये आलू भाजी परोसें।

### आलू मटर पनीर

**सामग्रीः-** 200 ग्रा. मटर, 3 आलू, 2 प्याज, 2 टमाटर (मैश), 1) चम्मच गरम मसाला, नमक, मिर्च स्वादानुसार, 1/2 चम्मच हल्दी, 1 चम्मच अदरक का पेस्ट और आधा चम्मच लहसुन का पेस्ट, थोड़ा सा कटा हुआ धनिया, पनीर के छोटे-छोटे स्लाइस।

**विधिः-** 1 बड़े चम्मच तेल में महीन कतरे हुए प्याज, अदरक, लहसुन के पेस्ट को भूनें। हल्का भूरा हो जाने पर इसमें मैश किए हुए टमाटर को मिला दें। अब आलू के 4 बड़े टुकड़े कर इसमें दोनों आलू डाल दें। फिर इसमें मटर डाल दें और नमक, मिर्च, हल्दी स्वादानुसार मिला कर भूनते रहें।

थोड़ा सा गरम मसाला व धनिए की पत्तियां इसमें डाल दें। इसके बाद पानी डालकर प्रेशर कुकर में दो विसल दिलवा लें। प्रेशर कुकर को खोलें और पनीर के छोटे स्लाइसों को भी इस मिश्रण में डाल दें और हल्की आंच पर थोड़ी देर रखें, नहीं तो प्रेशर कुकर पर एक विसल और दिलवा लें। फिर गरमागरम परोसें।

### पोटेटो कटलेट्स

**सामग्रीः-** 4 उबले हुए आलू (मैश), 2-3 बारीक कटी मिर्च, महीन कतरा हुआ अदरक व लहसुन, 1 चम्मच जीरा पाउडर, 1 चम्मच धनिया पाउडर, हरा धनिया बारीक कटा, ब्रेड के चार स्लाइस, टमेटो सॉस।

**विधिः-** मैश आलू और सारी सामग्री को मिश्रित कर कटलेट के आकार में बनाएं। अब नॉन स्टिक तवा लें और आंच पर रखें। कटलेट को तवे पर रोस्ट करें जब तक कि वह हल्का भूरा न हो। एक साइड रोस्ट होने पर उसे उलट कर दूसरी साइड रोस्ट करें। फिर इसे ब्रेड व टमेटो सॉस के साथ गर्म परोसें। (उर्वशी)

## न्यूज इन ब्रीफ

### मुंबई हवाई अड्डे पर यात्री से 61 जीव-जंतु बरामद

**मुंबई :** शहर के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक यात्री से सरीसृप, 'दुर्लभ स्तनधारी' और कीट प्रजातियों के 61 जीव-जंतु बरामद किए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यात्री बैंकॉक से मुंबई आया था। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि 'रेसक्िंक एसोसिएशन फॉर वाइल्ड लाइफ' के विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा बरामद जीवों को चिकित्सा देखभाल प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और लुप्तप्राय प्रजाति के जीवों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार से जुड़ी संधि के प्रावधानों के अनुसार जीव-जंतुओं को उनके संबंधित स्थानों पर वापस भेजा जाएगा।

### दिल्ली: मुकदमे से बचने के लिए अपनी मौत का नाटक रचने वाले व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने चोरी और अवैध हथियार रखने के कई मामलों में मुकदमे से बचने के लिए अपनी मौत का कथित रूप से नाटक रचने वाले 35 वर्षीय एक व्यक्ति को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से गिरफ्तार कर लिया। यहां एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान दिल्ली के मुंगेशपुर गांव निवासी वीरेंद्र विमल के रूप में हुई है और उसने अदालत द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट से बचने के लिए 2021 में जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर खुद को मृत घोषित कर दिया था। विमल एक आदतन अपराधी था, जो बवाना थाने में दर्ज घरों में सेंधमारी, चोरी और अवैध हथियार रखने के कई मामलों में वांछित था। पुलिस उपायुक्त (अपराध) आदित्य गौतम ने कहा, ''उसने कथित रूप से दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का एक जाली मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया, जिसमें उसकी मृत्यु की तारीख 24 अगस्त 2021 दिखाई गई थी। इसके बाद उसके मामलों में अदालत की कार्यवाही समाप्त कर दी गई।''

### हिमाचल: वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण समारोह में शामिल होंगी सोनिया गांधी, प्रियंका

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण 13 अक्टूबर को ऐतिहासिक रिज पर स्थित दौलत सिंह पार्क में होगा। वीरभद्र सिंह ने आठ अप्रैल 1983 को पहली बार मुख्यमंत्री का पद संभाला था तथा लगभग 23 वर्ष और 300 दिन तक वह इस पद पर रहे। इस कार्यक्रम में कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा भी शामिल होंगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, राज्य पार्टी प्रभारी रजनी पाटिल, कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश इकाई की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह (वीरभद्र सिंह की पत्नी) और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इसमें शिरकत करेंगे। समारोह के लिए निमंत्रण लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा दिया गया। विक्रमादित्य सिंह इस कार्यक्रम के आयोजक राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष भी हैं।

### हिमाचल के मुख्यमंत्री ने मंडी में 132.8 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को मंडी के करसोग क्षेत्र में 132.8 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सुक्खू ने 34.25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित संयुक्त कार्यालय भवन तथा 1.67 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित विषयवाद विशेषज्ञ उद्यान कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने 29.51 लाख रुपये की लागत से निर्मित पंचायत सामुदायिक केंद्र तृमण का भी उद्घाटन किया। उन्होंने 90.11 लाख रुपये की लागत से माहूंनाग मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और 71.57 लाख रुपये की लागत से मैंहंडी ग्राम पंचायत के कार्यों का भी शुभारंभ किया।

# प्रधानमंत्री ने ओडिशा में 160 करोड़ रुपये की मत्स्यिकी परियोजनाओं की आधारशिला रखी



**भुवनेश्वर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा में लगभग 160 करोड़ रुपये की दो मत्स्यिकी परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने दिल्ली में 24,000 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना (पीएम-डीडीकेवाई) और दालों में आत्मनिर्भरता के लिए 11,440 करोड़ रुपये के मिशन की शुरुआत करते हुए मत्स्य पालन परियोजनाओं की आधारशिला रखी। मत्स्यिकी परियोजनाओं में संबलपुर जिले के बसंतपुर में 100 करोड़ रुपये का एकीकृत 'एक्का पार्क' और भुवनेश्वर के पंडारा में 59.13 करोड़ रुपये का मछली बाजार शामिल है। मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, उपमुख्यमंत्री के.वी. सिंह देव और अन्य लोग यहां ओयूएटी परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में डिजिटल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। माझी ने कहा कि भुवनेश्वर में मछली बाजार परियोजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत एक और महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा, 59.13 करोड़ रुपये में से 30 करोड़ रुपये केंद्र द्वारा तथा शेष राशि राज्य द्वारा दी जाएगी।

### अमेरिका के नामित राजदूत सर्जियो गोर ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** भारत में अमेरिका के नामित राजदूत सर्जियो गोर ने शनिवार रात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है। शुक्रवार को यहां पहुंचे गोर ने कहा कि उनकी विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिसरी समेत कई अन्य के साथ बैठकें हुईं। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी के साथ मेरी बैठक शानदार रही। हमने रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकी समेत द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।''

## राष्ट्रपति मुर्मू ने द्वारकाधीश मंदिर में पूजा की



**द्वारका (गुजरात) :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को गुजरात के द्वारका शहर में प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर में पूजा-अर्चना की। गुजरात यात्रा के तीसरे और अंतिम दिन, मुर्मू जूनागढ़ से द्वारकाधीश मंदिर गईं। उनके साथ उनकी बेटी इतिश्री मुर्मू और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी थे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने भारत के लोगों की खुशी, शांति और समृद्धि के लिए भगवान द्वारकाधीश से प्रार्थना की। शाम को मुर्मू अहमदाबाद में गुजरात विद्यापीठ के 71वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगी। इससे पहले शुक्रवार को मुर्मू ने जूनागढ़ के गिर राष्ट्रीय उद्यान में शेर सफारी का लुत्फ उठाया और सासन में सिद्दी आदिवासी समुदाय के साथ बातचीत भी की।

## लोकतंत्र भारत की आत्मा और संविधान पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ है: बिरला

**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत लोकतंत्र और समानता का एक जीवंत उदाहरण है तथा संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ रहा है। बिरला ने बारबाडोस में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की आम सभा में राष्ट्रमंडल - एक वैश्विक भागीदार विषय पर प्रतिनिधियों को संबोधित करते इस बात पर ज़ोर भी दिया कि लोकतंत्र भारत की आत्मा है, समानता इसका संकल्प है और न्याय इसकी पहचान है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, महामारी, खाद्य असुरक्षा और असमानता जैसे वैश्विक संकट सीमाओं से परे हैं और इनके लिए सामूहिक समाधान की आवश्यकता है। बिरला ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि समाधान अलग-थलग रहकर नहीं ढूंढे जा सकते। उन्होंने खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा के महत्व पर ज़ोर देते हुए दुनिया के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारत की भूमिका का उल्लेख किया। बिरला का कहना था कि भारत पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समय से पहले पूरा करने वाला पहला प्रमुख देश बन गया है। बिरला ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में भारत के प्रयासों के बारे में बताते हुए पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधानों का उल्लेख किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में 15 साल पूरे करने पर नायडू को बधाई दी

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता एन चंद्रबाबू नायडू को फोन कर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में 15 साल पूरे करने पर उन्हें बधाई दी और उनके दृष्टिकोण की प्रशंसा की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''चंद्रबाबू नायडू गारू से बात की और उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में 15 साल पूरे करने पर बधाई दी। उनका आधुनिक दृष्टिकोण और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता उनके पूरे राजनीतिक जीवन में निरंतर बनी रही है।'' उन्होंने कहा, मैंने चंद्रबाबू के साथ कई मौकों पर निकटता से काम किया है, जिसकी शुरुआत उस समय हुई जब हम दोनों 2000 के दशक के शुरू में मुख्यमंत्री थे।

## मध्यप्रदेश में कफ सिरप से मौतें: कांग्रेस ने सीबीआई जांच और स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग की

**भोपाल :** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को आरोप लगाया कि राज्य सरकार की लापरवाही के कारण जहरीले कफ सिरप के सेवन से 20 से अधिक बच्चों की मौत हो गई। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे और मौतों की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की। इसे गैर इरादतन हत्या का अपराध बताते हुए उन्होंने प्रदेश के औषधि नियंत्रक के खिलाफ मामला दर्ज करने और राज्य के स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को पद से हटाने की भी मांग की। तमिलनाडु के कांचीपुरम में निर्मित 'कोल्ड्रिफ' कफ सिरप के सेवन से कथित तौर पर गुर्दे (किडनी) संबंधी समस्या के कारण अब तक मध्यप्रदेश के कम से कम 22 बच्चों, जिनमें से अधिकतर छिंदवाड़ा के हैं, की मौत हो चुकी है। कुछ अन्य बच्चों का वर्तमान में महाराष्ट्र के नागपुर के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। 'कोल्ड्रिफ' बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मा के मालिक जी रंगनाथन को गिरफ्तार कर लिया गया है। पत्रकारों से बात करते हुए पटवारी ने दावा किया, पिछले तीन महीनों में राज्य के विभिन्न जिलों में 150 से अधिक बच्चों की मौत दर्ज की गई है। ये मौतें किसी बीमारी का परिणाम नहीं, बल्कि इसके लिए सरकार जिम्मेदार है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''नागपुर स्थित प्रयोगशाला ने 19 सितंबर को मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य विभाग को एक रिपोर्ट भेजी थी, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि मौतें किसी बीमारी के कारण नहीं, बल्कि दूषित दवाओं के कारण हुई हैं। लेकिन इसके बावजूद, स्वास्थ्य मंत्री ने रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं की और उत्सवों में भाग लेते रहे।'' छिंदवाड़ा के कई बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए लगभग 150 किलोमीटर दूर नागपुर के अस्पतालों में ले जाया गया, जहां कथित तौर पर गुर्दे की विफलता के कारण उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा, ''जहरीला कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से 25 से अधिक बच्चों की मौत हो चुकी है।''

## जनसांख्यिकी मिशन भारत की पहचान की रक्षा के लिए निर्णायक कदम : हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि केंद्र का जनसांख्यिकी मिशन देश की पहचान और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए एक निर्णायक कदम है। शर्मा ने कहा कि असम अवैध आव्रजन की समस्या से जूझ रहा है और राज्य की 38 प्रतिशत से अधिक आबादी मुस्लिम है। उन्होंने कहा कि जनसांख्यिकी मिशन पर उच्चाधिकार प्राप्त समिति इस राष्ट्रीय चुनौती का ''3-डी नीति - 'डिटेक्ट' (पता लगाओ), 'डिलीट' (नागरिक पंजी से हटाओ) और 'डिपोर्ट' (उनके देश वापस भेजो) के माध्यम से वैज्ञानिक अध्ययन और निपटने के लिए एक ऐतिहासिक और अत्यंत आवश्यक कदम'' है। उन्होंने 'एक्स' पर एक तालिका साझा करते हुए कहा, ''पहचान, सुरक्षा और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए एक निर्णायक कदम।'' इस तालिका में 1971 से राज्य में हिंदुओं और मुसलमानों की जनसंख्या हिस्सेदारी को दर्शाने वाली एक तालिका साझा की गई है। तालिका के अनुसार, 1971 में हिंदुओं की कुल जनसंख्या 72.51 प्रतिशत थी, जो 1991 में घटकर 67.13 प्रतिशत, 2001 में 64.89 प्रतिशत और 2011 में 61.46 प्रतिशत हो गई।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 11 कोरोना योद्धाओं के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि दी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को 11 कोरोना योद्धाओं के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की। गुप्ता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान जब सब कुछ रुक गया था, तब दिल्ली के अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहे और अपनी जान जोखिम में डालकर काम करते रहे। उन्होंने लिखा, ''सेवा और समर्पण की इसी भावना ने हजारों लोगों की जान बचाई। दिल्ली सरकार उन कर्मयोगियों के परिवारों के साथ खड़ी है जिन्होंने अपनी ज़िम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कर्तव्य के लिए अपने प्राणों की



आहुति दे दी।'' जान गंवाने वाले कोरोना योद्धाओं के परिवार के सदस्यों को अनुग्रह राशि के चेक सौंपते हुए गुप्ता ने उनके साथ बातचीत में उन्हें भविष्य में दिल्ली सरकार की ओर से मदद का आश्वासन दिया। एक अक्टूबर को, भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने घोषणा की थी कि वह कोविड-19 महामारी के दौरान अपनी ड्यूटी निभाते हुए जान गंवाने वाले कर्मचारियों के परिवारों के लिए एक-एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि जारी करेगी।

## अमिताभ बच्चन का 83वां जन्मदिन: प्रशंसकों ने पोस्टर, आदमकद कटआउट लेकर 'जलसा' के बाहर जश्न मनाया

**मुंबई :** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन के 83वें जन्मदिन के मौके पर सैकड़ों की तादाद में प्रशंसक शनिवार को उनके आवास 'जलसा' के बाहर इकट्ठा हुए और इस दौरान जुहू की गलियां पोस्टरों व तख्तियां लिए प्रशंसकों के हुजूम से पट गईं। दशकों से अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर देशभर से प्रशंसक 'जलसा' के बाहर एकजुट होते हैं, जो हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता के प्रति प्यार को दर्शाता है। अमिताभ ने अपने प्रशंसकों से मुलाकात की, जैसा कि वह हर रविवार को करते हैं। अमिताभ बच्चन ने अपने आधिकारिक ब्लॉग पर कहा, मैं 11 अक्टूबर 2025 के



दिन की शुभकामना देने वाले सभी लोगों के प्रति अपना प्यार और आभार व्यक्त करता हूं। आपके प्यार और करुणा से अभिभूत हूं। अभिनेता शाम पांच बजे अपने आवास से बाहर निकले और ढेर सारे प्रशंसकों का अभिवादन किया। कई लोगों के लिए अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर उनके घर के पास आना एक वार्षिक रस्म बन गया है और वे अपने पंसदीदा अभिनेता की एक झलक पाने की उम्मीद में घंटों घर के बाहर खड़े रहते हैं। 'जलसा' के बाहर कुछ लोग अपने सबसे पसंदीदा अभिनेता के मशहूर 'ऑन-स्क्रीन' किरदारों की वेशभूषा में आए, तो कुछ ने उनके चित्र और मशहूर संवादों वाले आदमकद कटआउट व बैनर लिए हुए थे। 'आपको 83वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं' लिखी शर्ट पहने एक प्रशंसक ने अमिताभ बच्चन को 'लिविंग लेजेंड' करार दिया। प्रशंसक ने कहा, हर साल, हम अमिताभ बच्चन के परिवार के सदस्य 11 अक्टूबर को उनकी एक झलक पाने के लिए यहां आते हैं।

## जुबिन की मौत से जुड़ी जानकारियों को लेकर सिंगापुर से अभी तक कोई जवाब नहीं मिला: असम पुलिस

**गुवाहाटी :** सिंगापुर में गत माह समुद्र में तैराकी के दौरान हुई गायक जुबिन गर्ग की मौत से संबंधित जानकारियों को लेकर किए गए अनुरोध पर अब तक सिंगापुर के अधिकारियों से कोई जवाब नहीं मिला है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गायक-संगीतकार की मौत की जांच कर रहे राज्य पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने गर्ग के अंतिम क्षणों में उनके साथ मौजूद व सिंगापुर में रह रहे असम के लोगों को सीआईडी के समक्ष उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराने के लिए दूसरी बार समन जारी किया है। सीआईडी के विशेष पुलिस महानिदेशक (एसडीजीपी) मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने यहां एक प्रेस वार्ता में कहा, सिंगापुर के साथ आपसी कानूनी सहायता संधि (एमएलएटी) के तहत मामले में मदद मांगी गई है। हमने उनसे हमारे लिए आवश्यक सहायता के लिए लिखा है, इसमें सीसीटीवी फुटेज आदि शामिल है। यह अनुरोध गृह मंत्रालय के माध्यम से वहां के अधिकारियों को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यहां जांच शुरू होने के तुरंत बाद अनुरोध भेजा गया था। गुप्ता ने कहा, सिंगापुर में, अटॉर्नी जनरल का कार्यालय इस मामले की केंद्रीय नोडल एजेंसी है। उन्हें हमारा अनुरोध प्राप्त हुआ है। इस पर वह विचार कर रहे हैं और वे हमें सूचित करेंगे। गुप्ता, जुबिन गर्ग की मौत के मामले की जांच के लिए गठित 10 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) के प्रमुख हैं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि उचित मंजूरी के बगैर असम पुलिस की कोई टीम सिंगापुर नहीं जा सकती है और वह वहां से जरूरी जानकारी हासिल करने के लिए कानूनी तरीकों से आगे बढ़ रहे हैं। गुप्ता ने दावा किया कि सिंगापुर के अधिकारियों से अभी तक जानकारी नहीं मिली है। इसके बावजूद यहां जांच में किसी भी तरह की बाधा नहीं आई है। अधिकारी ने कहा, ''यह विदेश है। एक देश की पुलिस दूसरे देश में जाकर किसी मामले की जांच यूं ही नहीं कर सकती। हम अंतरराष्ट्रीय संधियों से बंधे हैं और जांच को आगे बढ़ाने के लिए कानूनी तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं।''

### जब तक पता न चल जाए कि जुबिन के साथ क्या हुआ, न्याय की मांग करते रहें: गायक की पत्नी की अपील

**गुवाहाटी :** असम के लोकप्रिय गायक एवं संगीतकार जुबिन गर्ग की पत्नी गरिमा ने लोगों से हैशटैग 'जस्टिस फॉर जुबिन गर्ग' के साथ सोशल मीडिया पर 'पोस्ट' साझा कर उनके पति के लिए न्याय की मांग करते रहने की अपील की। गरिमा ने कहा कि सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय जुबिन की मौत होने के 22 दिन बाद भी उनकी मौत से जुड़ी परिस्थितियों का खुलासा नहीं हो पाया है। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया की शक्ति का इस्तेमाल करने और हैशटैग 'जस्टिस फॉर जुबिन गर्ग' के साथ 'पोस्ट' साझा करते रहने का आह्वान किया। गरिमा शुक्रवार देर रात गुवाहाटी के बाहरी इलाके कमरकुची में उस जगह गईं जहां गर्ग का अंतिम संस्कार किया गया था। उन्होंने अपने पति की मौत के मामले की त्वरित जांच किए जाने की अपील की। वह जुबिन को श्रद्धांजलि देने के लिए आधी रात तक वहां एकत्र लोगों में शामिल रहीं। गरिमा ने हाथ जोड़कर कहा, ''मेरी एक प्रार्थना है... जुबिन को न्याय मिलना चाहिए इसलिए हर बार 'हैशटैग' का इस्तेमाल करते रहें।

### वकील और न्यायाधीश सुनिश्चित करें कि न्याय प्रणाली हर नागरिक के लिए सुलभ हो : न्यायमूर्ति गवई

**नयी दिल्ली :** प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने शनिवार को कहा कि वकीलों और न्यायाधीशों की जिम्मेदारी न्याय प्रणाली को मजबूत करने की है और उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इसकी पहुंच सिर्फ महानगरों तक ही सीमित न रहे, बल्कि देश के दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए भी सुलभ हो। वियतनाम के हनोई में आयोजित 'लॉ एशिया' सम्मेलन में 'विविधता और समावेश को बढ़ावा देने में वकीलों और न्यायालयों की भूमिका' विषय पर संबोधित करते हुए, प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि न्यायाधीश अपने निर्णयों में जिन सिद्धांतों को व्यक्त करते हैं, वे न्यायालय की प्रशासनिक नीतियों में भी परिलक्षित हों। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''मैं यह बताना चाहता हूं कि जब मैंने मई में भारत के प्रधान न्यायाधीश का पदभार ग्रहण किया था, तो मेरी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक यह सुनिश्चित करना था कि न्यायालय में प्रशासनिक पदों की भर्ती में सकारात्मक कार्रवाई न केवल कागजों में, बल्कि पूरी तरह से लागू हो। मैंने निर्देश दिया कि हाशिए पर पड़े समुदायों को सभी प्रशासनिक नियुक्तियों में उनका उचित हिस्सा मिले और इन नीतियों को सुसंगत और पारदर्शी तरीके से लागू किया जाए।'

### ऋषभ शेट्टी अभिनीत 'कांतारा चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर 509.25 करोड़ रुपये बटोरे

**नयी दिल्ली :** ऋषभ शेट्टी द्वारा निर्देशित और अभिनीत 'कांतारा चैप्टर 1' ने दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। 'होम्बले फिल्म्स' के बैनर तले निर्मित यह फिल्म दो अक्टूबर को रिलीज हुई थी और 2022 की कन्नड़ ब्लॉकबस्टर 'कांतारा' का अगला भाग है। दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर 'कांतारा चैप्टर 1' का कुल कलेक्शन 509.25 करोड़ रुपये हो गया है। प्रोडक्शन बैनर ने शुक्रवार को 'एक्स' पर यह खबर साझा की। प्रोडक्शन बैनर ने पोस्ट में कहा, सिनेमाई तूफान बॉक्स ऑफिस पर लगातार नयी ऊंचाइयां छूता जा रहा है। 'कांतारा चैप्टर1' ने पहले सप्ताह में दुनिया भर में 509.25 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर कर ली है! एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, फिल्म समृद्ध पौराणिक कथाओं, सदियों पुराने संघर्षों व दैवीय हस्तक्षेपों की गहराई पर प्रकाश डालती तथा और लोककथाओं, आस्था की एक गाथा रचता है। ऋषभ शेट्टी के अलावा फिल्म में सप्तमी गौड़ा, गुलशन देवैया, रुक्मिणी वसंत, जयराम, पीडी सतीश चंद्रा, प्रकाश थुमिनाद भी अहम भूमिका में हैं। बी. अजनीश लोकनाथ ने फिल्म का संगीत तैयार किया है।

### मीडिया संगठनों ने अफगान विदेश मंत्री की प्रेस वार्ता में महिला पत्रकारों को न बुलाए जाने की निंदा की

**नयी दिल्ली :** मीडिया संगठनों ने यहां अफगान दूतावास में अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी के संवाददाता सम्मेलन में महिला पत्रकारों को शामिल होने की अनुमति न दिए जाने की शनिवार को निंदा की। 'एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया' और 'इंडियन वूमेन प्रेस कॉर्प्स' (आईडब्ल्यूपीसी) ने वियना संधि के तहत राजनयिक विशेषाधिकार का हवाला देते हुए इस कदम को अत्यधिक भेदभावपूर्ण बताया और कहा कि इसे उचित नहीं ठहराया जा सकता। बयान में 'एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया' ने कहा, हालांकि, राजनयिक परिसर वियना संधि के तहत सुरक्षा का दावा कर सकते हैं, लेकिन इससे भारतीय धरती पर प्रेस की पहुंच में स्पष्ट लैंगिक भेदभाव को उचित नहीं ठहराया जा सकता। इसने कहा, विदेश मंत्रालय ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया हो या नहीं, यह बेहद चिंताजनक है कि इस तरह के भेदभावपूर्ण बहिष्कार को बिना किसी आपत्ति के लागू करने की अनुमति दी गई। वहीं, आईडब्ल्यूपीसी ने भारत सरकार से आग्रह किया कि वह इस मामले को अफगान दूतावास के समक्ष उठाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य में मीडिया ब्रीफिंग में लिंग-आधारित बहिष्कार की ऐसी घटना न घटे। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री इन दिनों भारत के दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की थी। बाद में उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन को भी संबोधित किया था, जिसमें महिला पत्रकारों को शामिल होने की अनुमति कथित तौर पर नहीं थी।

### ईडी ने 'फर्जी' बैंक गारंटी से जुड़े पीएमएलए मामले में रिलायंस पावर के सीएफओ को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) को 68 करोड़ रुपये की कथित फर्जी बैंक गारंटी जारी करने से जुड़े धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने अशोक पाल से पूछताछ करने के बाद उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत शुक्रवार रात हिरासत में ले लिया। सूत्रों के अनुसार, उन्हें शनिवार को एक विशेष अदालत में पेश किया जाएगा और उन्हें पूछताछ के लिए उसकी हिरासत में भेजे जाने का अनुरोध किया जाएगा। यह मामला सूचीबद्ध कंपनी रिलायंस पावर की सहायक कंपनी रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड की ओर से सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) को जमा की गई 68.2 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी से संबंधित है, जो ''फर्जी'' पाई गई। यह कंपनी पहले महाराष्ट्र एनर्जी जनरेशन लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी। ईडी ने व्यावसायिक समूहों के लिए कथित रूप से ''फर्जी'' बैंक गारंटी प्रदान करने का गिरोह चलाने वाली आरोपी कंपनी की पहचान ओडिशा स्थित बिस्वाल ट्रेडलिंक के रूप में की है। निदेशालय ने जांच के तहत अगस्त में कंपनी और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ छापेमारी की थी और इसके प्रबंध निदेशक पार्थ सारथी बिस्वाल को गिरफ्तार किया था।

## महाराष्ट्र सरकार का किसानों के लिए राहत पैकेज इतिहास का सबसे बड़ा मजाक : उद्धव

**छत्रपति संभाजीनगर :** शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार द्वारा किसानों के लिए घोषित हालिया राहत पैकेज को शनिवार को इतिहास का ''सबसे बड़ा मजाक'' करार दिया और उनके लिए कर्ज माफी की मांग की। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने छत्रपति संभाजीनगर शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यदि महाराष्ट्र सरकार बाढ़ और बारिश से प्रभावित किसानों के लिए ''पूर्ण ऋण माफी'' की घोषणा करने में विफल रहती है तो किसान सड़कों पर उतरेंगे। वहीं, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्रपति संभाजीनगर में रैली करने का उनका मकसद ''घड़ियाली आंसू'' बहाना है। रैली से पहले, ठाकरे अपनी पार्टी द्वारा क्रांति चौक से गुलमंडी तक आयोजित एक विरोध मार्च में शामिल हुए। बाद में संवाददाता सम्मेलन में ठाकरे ने कहा कि किसान फसल ऋण चुकाने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि वे पिछले सीजन के कर्ज के बोझ तले दबे हुए थे और अगर इस सीजन में फसल अच्छी होती तो वे कर्ज चुका सकते थे और नए ऋण के लिए आवेदन कर सकते थे। शिवसेना (उबाठा) प्रमुख ने कहा, ''महाराष्ट्र सरकार द्वारा किसानों के लिए घोषित वित्तीय सहायता इतिहास का सबसे बड़ा मजाक है।'' उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों की जिम्मेदारी वैसे ही लेनी चाहिए जैसे माता-पिता अपने बच्चों की जिम्मेदारी लेते हैं। ठाकरे ने कहा कि मराठवाड़ा क्षेत्र में बाढ़ के पानी के कारण खेत बुरी तरह बर्बाद हो गए हैं और रबी सीजन की फसल बोने से पहले कृषि भूमि को बहाल करना आवश्यक है। ठाकरे ने मांग की कि सरकार को इस उद्देश्य के लिए घोषित तीन लाख रुपये की सहायता में से एक लाख रुपये तुरंत वितरित करने चाहिए। मराठवाड़ा के छत्रपति संभाजीनगर, जालना, नांदेड़, बीड, धाराशिव, लातूर, परभणी और हिंगोली जिले पिछले महीने विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित रहे। इस सप्ताह की शुरुआत में, राज्य सरकार ने 31,628 करोड़ रुपये के मुआवजा पैकेज की घोषणा की, जिसमें प्रति हेक्टेयर 48,000 रुपये की कुल सहायता का आश्वासन दिया गया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि सरकार उचित समय पर ऋण माफी की घोषणा करेगी।

## वेलेंटिन वाशरो शंघाई मास्टर्स में जोकोविच के खिलाफ उलटफेर कर फाइनल में पहुंचे

**शंघाई:** वेलेंटिन वाशरो ने 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-4 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज कर शनिवार को शंघाई मास्टर्स के फाइनल में जगह बना ली। मोनाको के रहने वाले 204वें रैंकिंग वाले वाशरो टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाइंग में वैकल्पिक खेलाड़ी के रूप में आए थे, लेकिन अब वे अपने करियर के सबसे शानदार सप्ताह का अनुभव कर रहे हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने इस जीत पर हैरानी जताते हुए कहा, 'क्या यह सच है? मुझे नहीं पता। कोर्ट के दूसरी तरफ नोवाक को देखना, मेरे लिए सबसे पहले एक अविश्वसनीय अनुभव था।' वाशरे के सामने फाइनल में उनके चचेरे भाई आर्थर रिंदरनेश की चुनौती हो सकती है। रिंदरनेश के सामने सेमीफाइनल में 16वें वरीय दानिल मेदवेदेव की चुनौती होगी। पूर्व नंबर एक खिलाड़ी 38 वर्षीय जोकोविच इस मैच में कूल्हे की चोट से जूझते नजर आए। पहले सेट में 3-4 से पीछे होने के बाद उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया, लेकिन इसके बाद अगले दो गेम में केवल एक ही अंक जीत सके।

## एमबाप्पे ने दिलाई फ्रांस को जीत, जर्मनी भी जीता

**पेरिस:** काइलियन एम्बाप्पे ने हाल ही में लगी टखने की चोट से उबरते हुए फ्रांस की विश्व कप क्वालीफाइंग में अजरबैजान पर 3-0 से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस स्टार फुटबॉलर ने एक गोल किया तथा एक अन्य गोल करने में मदद की जिससे फ्रांस ने यूरोपीय क्वालीफाइंग में लगातार तीसरा मैच जीत कर अपना शानदार रिकार्ड बरकरार रखा। एमबाप्पे ने इस तरह से फ्रांस की तरफ से 53 गोल कर लिए हैं और वह अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्हें ओलिवियर गिरौड को पछाड़कर नंबर एक स्थान पर पहुंचने के लिए पांच गोल और करने की जरूरत है। एमबाप्पे को हालांकि मैच के अंतिम समय में विरोधी खिलाड़ी से टकराने के कारण लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर जाना पड़ा।

# गिल के शतक से भारत का विशाल स्कोर, जडेजा ने वेस्टइंडीज का शीर्ष क्रम झकझोरा



**नई दिल्ली :** कप्तान शुभमन गिल के करियर के 10वें टेस्ट शतक और रविंद्र जडेजा की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ने वेस्टइंडीज को बैकफुट पर धकेल दिया और दूसरे व अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को एक और बड़ी जीत की उम्मीद जगा दी। भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन बनाकर घोषित की। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 140 रन बनाए हैं और वह भारत से अभी 378 रन पीछे है। भारत ने पहला टेस्ट पारी और 140 रन से जीता था और यदि यहां फॉलोऑन का मौका मिलता है, तो कप्तान गिल इसे देने में संकोच नहीं करेंगे। भारत की पारी में यशस्वी जायसवाल (175) और शुभमन गिल (नाबाद 129) ने शतक जड़े, जबकि साई सुदर्शन ने 87 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से जोमेल वारिकन ने तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल (10) जडेजा की गेंद पर साई सुदर्शन को कैच दे बैठे। इसके बाद जडेजा ने चंद्रपाल (34) और कप्तान रोस्टन चेज़ (0) को आउट किया, जबकि कुलदीप यादव ने एलिस अथांजे (41) को पवेलियन भेजा। दिन का खेल समाप्त होने तक शाई होप 31 और टेविन इमलाच 14 रन पर खेल रहे थे। भारत की पारी में ध्रुव जुरेल (44) ने गिल के साथ पांचवें विकेट के लिए 102 रन जोड़े। गिल ने 196 गेंदों पर 16 चौके और दो छक्के लगाए। कप्तान बनने के बाद गिल का यह पांचवां शतक है, और वह एक कैलेंडर वर्ष में पांच टेस्ट शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय कप्तान बने-विराट कोहली के बाद। जडेजा ने 37 रन देकर तीन और कुलदीप ने 45 रन देकर एक विकेट लिया। भारत अब मैच पर पूरी तरह हावी नजर आ रहा है।

## नटाली साइवर ब्रंट का रिकॉर्ड शतक, इंग्लैंड ने बनाए नौ विकेट पर 253 रन

**कोलंबो :** कप्तान नटाली साइवर ब्रंट (117 रन) ने आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में रिकॉर्ड पांचवां शतक जड़कर इंग्लैंड को शनिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ ग्रुप मैच में नौ विकेट पर 253 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में मदद की। श्रीलंका की गेंदबाजों के नियमित अंतराल पर विकेट झटकने के बावजूद साइवर ब्रंट डटी रहीं। बाएं हाथ की स्पिनर इनोका रणवीरा ने 10 ओवर में एक मेडन से 33 रन देकर तीन विकेट झटके। सुगंधिका कुमारी और उदेशिका प्रबोधनी ने दो दो विकेट झटके। साइवर ब्रंट ने 117 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और दो छक्के जड़े। महिला क्रिकेट के 50 ओवर के विश्व कप में किसी भी अन्य खिलाड़ी ने पांच शतक नहीं बनाए हैं। उन्होंने पिछले दो विश्व कप में दो-दो शतक लगाए थे। साइवर ब्रंट एक छोर पर डटी रहीं और अंतिम ओवर में आउट हुईं। उनके अलावा टैमी ब्यूमोंट ने 32 और हीथर नाइट ने 29 रन का योगदान दिया।




## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयन नहीं होने का कारण चयन समिति और कप्तान ने मुझे बता दिया है: जडेजा



**नयी दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय वनडे टीम में रविंद्र जडेजा को शामिल नहीं किये जाने पर कई लोगों को हैरानी हुई लेकिन यह अनुभवी ऑलराउंडर इस फैसले से आश्चर्यचकित नहीं है क्योंकि चयन समिति और टीम प्रबंधन ने उन्हें राष्ट्रीय टीम में चुनने में अपनी असमर्थता के बारे में बता दिया था। जडेजा ने कहा कि वह 2027 विश्व कप खेलने के इच्छुक हैं क्योंकि 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली करारी हार के बाद 50 ओवर का विश्व कप उनके लिए किसी 'अधूरे काम' की तरह है। जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन के खेल के बाद शनिवार को यहां कहा, 'यह मेरे हाथ में नहीं है लेकिन मैं 2027 विश्व कप खेलना चाहता हूं। टीम प्रबंधन, चयनकर्ताओं ने कुछ सोच कर ही मुझे ऑस्ट्रेलिया दौरे की वनडे श्रृंखला के लिए नहीं चुना होगा।' चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने कहा है कि उन्होंने जडेजा को इसलिए नहीं चुना क्योंकि उन्हें तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए बायें हाथ के दो स्पिनर (अक्षर पटेल टीम में हैं) को चुनने में कोई तर्क नजर नहीं आया। जडेजा ने हालांकि अपने, अगरकर, मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल के बीच हुई बातचीत का खुलासा नहीं किया लेकिन उन्हें इस बात की खुशी है कि कम से कम उन्हें टीम की योजना के बारे में तो बताया गया। उन्होंने कहा, 'कोई कारण जरूर होगा और उन्होंने मुझसे बात भी की है।

### टर्निंग पिच की मांग नहीं की थी, उछाल और टर्न लिए और मेहनत करनी होगी: जडेजा

**नयी दिल्ली :** पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ टर्निंग पिचों की मांग करना उल्टा पड़ गया था और भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह गंवानी पड़ी थी इसलिए हैरानी की बात नहीं है कि टीम प्रबंधन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला के लिए स्पिनरों के मुफीद पिचों की मांग नहीं की। सीनियर स्पिनर रविंद्र जडेजा ने शनिवार को कहा कि टीम ने केवल धीमी टर्निंग पिच की मांग की थी इसलिए कोटला पर पिच से फायदा उठाने के लिए अधिक शारीरिक प्रयास की जरूरत होगी। जडेजा ने दूसरे दिन तीन विकेट लिए लेकिन वह परेशान नहीं थे कि पिच से मदद नहीं मिल रही।

## खेल मंत्री ने विश्व पैरा एथलेटिक्स पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया




**नयी दिल्ली :** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल में संपन्न विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पदक विजेताओं को शनिवार को सम्मानित किया और उनके अथक साहस की सराहना करते हुए 1.09 करोड़ रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार प्रदान किए। हालांकि टी12 वर्ग में 100 मीटर स्वर्ण और 200 मीटर रजत पदक जीतने वाली दृष्टिबाधित धाविका सिमरन शर्मा समारोह में शामिल नहीं हुईं क्योंकि उनके गाइड उमर सैफी को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने डोप जांच में विफल होने के कारण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था। एक विश्वसनीय सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह नहीं आ सकीं। हमें जो पता चला है, उनके अनुसार वह इस घटनाक्रम से काफी स्तब्ध हैं।' राष्ट्रीय राजधानी में 27 सितंबर से पांच अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में भारत ने छह स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य सहित 22 पदक जीते। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के एक बयान में कहा, 'युवा मामले और खेल मंत्रालय के खेल विभाग ने पैरा एथलीटों को 1.09 करोड़ रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार प्रदान किए।' लेकिन सैफी अगर प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड ड्रोस्टेनोलोन के लिए अपनी बेगुनाही साबित करने में विफल रहते हैं तो सिमरन के दोनों पदक छिन जाने का खतरा है। उनके पास 'बी' नमूने की जांच की मांग करके अपील करने का विकल्प है।

## भारत की जूनियर टीम ने सुल्तान जोहोर कप में ग्रेट ब्रिटेन को 3-2 से हराया



**जोहोर बाहरु (मलेशिया) :** कप्तान रोहित के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां ग्रेट ब्रिटेन पर 3-2 से जीत के साथ सुल्तान जोहोर कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। रोहित (45वें और 52वें मिनट') और रवनीत सिंह (23) ने भारत के लिए गोल किए जबकि माइकल रॉयडेन (26) और कैडेन ड्रेसी (46) ने ग्रेट ब्रिटेन के लिए गोल किए। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने अंत तक रोमांचक हॉकी का प्रदर्शन किया लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारत को 13वें मिनट में दिन का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन ग्रेट ब्रिटेन ने यह खतरा टाल दिया। भारत ने गोल करने के अच्छे प्रयासों के साथ शानदार आक्रामक रुख दिखाया, लेकिन ग्रेट ब्रिटेन ने भी अपनी रक्षापंक्ति में मज़बूती दिखाई। भारत को 16वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन ग्रेट ब्रिटेन के गोलकीपर ने बड़ी बहादुरी से उसे भी बचा दिया। भारत 22वें मिनट में गोल करने के करीब पहुंच गया था, लेकिन मनमीत सिंह के शॉट को ग्रेट ब्रिटेन के डिफेंस ने रोक दिया। भारत ने आखिरकार अगले ही मिनट में अपना पहला गोल कर दिया। गुरजोत सिंह ने दाईं ओर से सर्कल में ज़ोरदार दौड़ लगाई और ग्रेट ब्रिटेन की रक्षा पंक्ति को चीरते हुए दूर पोस्ट तक गेंद पहुंचाई, जहां रवनीत (23वें मिनट) ने शानदार अंदाज़ में गेंद को नेट में डाल दिया। ग्रेट ब्रिटेन ने हालांकि जल्द ही स्कोर बराबर कर दिया। कप्तान मैक्स एंडरसन ने दाईं ओर से दौड़कर गेंद को सेंटर में माइकल रॉयडेन (26वें मिनट) की ओर पास किया, जिन्होंने गोल करने में कोई गलती नहीं की।



# मजबूत घरेलू मांग, आर्थिक नीतियों के कारण भारत बाहरी आर्थिक झटकों से निपटने में सक्षम: दास



**पुणे :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव-2 शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत मजबूत घरेलू मांग और सतर्क व्यापक आर्थिक तथा वित्तीय नीतियों के दम पर वैश्विक जीडीपी वृद्धि में लगभग पांचवें हिस्से का योगदान करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि इन नीतियों की वजह से भारत ने बाहरी आर्थिक संकटों का सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका और अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता वार्ता में भारत की अंतर्निहित प्राथमिकता भारतीय लोगों के सर्वोत्तम हित में निष्पक्ष और संतुलित समझौते सुनिश्चित करना है। दास ने कहा, ''अनिश्चित वैश्विक परिवेश के बीच भारत उल्लेखनीय गतिशीलता और लचीलापन प्रदर्शित कर रहा है।'' दास ने पुणे स्थित गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स के दीक्षांत समारोह के दौरान 'बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था' विषय पर 85वें काले स्मारक व्याख्यान के दौरान यह बात कही। दास ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अभूतपूर्व अनिश्चितता और बुनियादी बदलाव के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि आठ दशकों से अधिक समय से वैश्वीकरण और मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने वाला नियम-आधारित व्यापार ढांचा चुनौती का सामना कर रहा है। दास ने कहा कि वैश्विक व्यापार के संदर्भ में पहले यह माना जाता था कि दुनिया समतल है और इसे एक बाजार बनाना चाहिए, लेकिन अब यह स्थिति बदल चुकी है। उन्होंने कहा, ''हालात बुनियादी रूप से बदल गए हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था और व्यापार व्यवस्था काफी हद तक खंडित हो चुकी है। स्थापित नियमों पर लगातार सवाल उठ रहे हैं, जबकि नए मानदंड अभी तक दृढ़ता से स्थापित नहीं हुए हैं। कोविड महामारी और यूक्रेन-रूस संघर्ष ने आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी लाई है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की कमजोरी के कारण कई राष्ट्रों को अपनी बाहरी निर्भरता पर पुनर्विचार करना पड़ा है तथा लागत दक्षता की तुलना में आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन को अधिक महत्व देना पड़ा है। उन्होंने कहा, रणनीतिक स्वायत्तता अब एक शीर्ष प्राथमिकता है। यह परिवर्तन क्षेत्रीय व्यापार समझौतों के बढ़ते प्रभाव में भी स्पष्ट है, जो अधिक खंडित फिर भी व्यावहारिक व्यापार गठबंधनों की ओर बदलाव को दर्शाता है। दास ने कहा कि एक दशक के संरचनात्मक सुधारों और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के तहत रणनीतिक वैश्विक स्थिति के बीच देश ने कई वैश्विक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने आगे कहा, ''मजबूत घरेलू मांग और विवेकपूर्ण व्यापक आर्थिक एवं वित्तीय नीतियों ने देश को कई बाहरी झटकों का सामना करने में सक्षम बनाया है। भारत अब वैश्विक जीडीपी वृद्धि में लगभग पांचवें हिस्से का योगदान करने के लिए तैयार है।''

## अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध बढ़ने से भारतीय निर्यातकों को लाभ होने की संभावना: विशेषज्ञ

**नयी दिल्ली :** अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध से भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में अपना निर्यात बढ़ाने में लाभ मिलने की उम्मीद है। विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि अमेरिका द्वारा चीन पर अधिक शुल्क लगाने से मांग भारत की ओर स्थानांतरित हो जाएगी। भारत ने 2024-25 में अमेरिका को 86 अरब डॉलर के सामान निर्यात किए हैं। रल्हन ने कहा, ''इस वृद्धि से हमें लाभ हो सकता है।'' अमेरिका ने एक नवंबर, 2025 से चीनी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की है जिससे चीनी आयात पर कुल शुल्क दर लगभग 130 प्रतिशत हो जाएगी। यह कदम बीजिंग के नौ अक्टूबर 2025 के फैसले के जवाब में लिया गया, जिसमें दुर्लभ खनिज के निर्यात पर कड़े नए नियम लगाए गए हैं। ये दुर्लभ खनिज अमेरिकी रक्षा, इलेक्ट्रिक वाहन और स्वच्छ ऊर्जा उद्योगों के लिए बहुत जरूरी हैं। वर्तमान में भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क 50 प्रतिशत है, जो चीन के 30 प्रतिशत से अधिक है। एक कपड़ा निर्यातक ने कहा, ''अब चीनी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने से हमें बढ़त मिलेगी।'' उन्होंने कहा कि चीन से आयात पर अमेरिका द्वारा उच्च सीमा शुल्क लगाने से भारत के लिए अमेरिका को निर्यात के बड़े अवसर पैदा होंगे। एक अन्य निर्यातक ने कहा कि शुल्क से चीन से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर असर पड़ेगा, क्योंकि इससे अमेरिकी बाजार में उनके माल की कीमतें बढ़ जाएंगी, जिससे वे कम प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे।

## न्यूज अपडेट

### भारत 6जी गठबंधन, नौ वैश्विक निकायों ने दिल्ली घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए

**नयी दिल्ली :** सरकार समर्थित भारत 6जी गठबंधन ने नौ अंतरराष्ट्रीय निकायों के साथ मिलकर दिल्ली घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जो 6जी पारिस्थितिकी तंत्र के सिद्धांतों का समर्थन करता है। इसमें 6जी प्रौद्योगिकी को सुरक्षित, खुला, लचीला, समावेशी और टिकाऊ बनाने की प्रतिबद्धता जताई गई है। दिल्ली घोषणापत्र को 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025' में आयोजित अंतरराष्ट्रीय भारत 6जी संगोष्ठी 2025 में जारी किया गया। भारत 6जी गठबंधन के महानिदेशक आर के पाठक ने कहा, 'जैसे-जैसे दुनिया भर में 6जी अनुसंधान में तेजी आ रही है, यह घोषणापत्र विश्वसनीय तकनीकों, खुले मानकों और टिकाऊ नेटवर्क विकसित करने की हमारी सामूहिक जिम्मेदारी को रेखांकित करता है। भारत 6जी गठबंधन को इन साझा सिद्धांतों का समर्थन करने में वैश्विक 6जी गठबंधनों के साथ खड़े होने पर गर्व है।'' नेक्स्टजी एलायंस, 6जी स्मार्ट नेटवर्क्स एंड सर्विसेज इंडस्ट्री एसोसिएशन, फिनलैंड की ओउलू यूनिवर्सिटी का 6जी फ्लैगशिप, दक्षिण कोरिया स्थित 6जी फोरम, 6जी ब्रासिल, नेक्स्ट जेनरेशन मोबाइल नेटवर्क्स एलायंस (एनजीएमएन), जर्मनी स्थित 5जी एलायंस फॉर कनेक्टेड इंडस्ट्रीज एंड ऑटोमेशन (5जी-एसीआईए), यूके इंडिया फ्यूचर नेटवर्क्स इनिशिएटिव (यूकेआई-एफएनआई), यूके टेलीकम्युनिकेशंस इनोवेशन नेटवर्क (यूकेटीआईएन), जापान का एक्सजी मोबाइल प्रमोशन फोरम, ईएसए यूरोप और भारत के टीएसडीएसआई तथा नैसकॉम दिल्ली घोषणापत्र का हिस्सा हैं।

### त्योहारी, शादी के मौसम में सेंको गोल्ड को मजबूत बिक्री की उम्मीद

**कोलकाता :** प्रमुख आभूषण खुदरा विक्रेता सेंको गोल्ड लिमिटेड को वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में मजबूत बिक्री की उम्मीद है। कंपनी का मानना है कि इस दौरान त्योहारी और शादी के मौसम से उसे लाभ होगा। सेंको गोल्ड ने भरोसा जताया कि इस साल सोने की कीमतों में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद उसकी बिक्री में 18-20 प्रतिशत की वृद्धि बनी रहेगी। कंपनी ने बताया कि उसने त्योहारों और शादी के लिए अलग-अलग तरह के आभूषण तैयार किए हैं। उसे उम्मीद है कि तीसरा तिमाही साल की सबसे अच्छी बिक्री वाली तिमाही होगी, क्योंकि इस दौरान धनतेरस, दिवाली और शादी का मौसम होता है। सेंको गोल्ड के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुवंकर सेन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''सालाना आधार पर सोने की कीमतें पहले ही 14-15 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं। इसके बावजूद तीसरी और चौथी तिमाही में उपभोक्ता मांग के लिए हमारा नजरिया आशावादी है, क्योंकि आर्थिक स्थिति अच्छी है और हाल ही में जीएसटी दर में कटौती हुई है। हमें वित्त वर्ष 2025-26 में 18-20 प्रतिशत राजस्व वृद्धि हासिल होने की उम्मीद है।'

### एआई दूरसंचार नेटवर्क को अपने आप ठीक करने में मदद करेगा: दूरसंचार सचिव

**नयी दिल्ली :** दूरसंचार विभाग के सचिव नीरज मित्तल ने शनिवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) दूरसंचार नेटवर्क को अपने आप ठीक करने में सहायक होगी और ग्राहक सेवाओं में सुधार लाएगी। इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025 में मित्तल ने कहा कि सरकार तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया के साथ तालमेल बनाए रखने और आईटीयू (अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ) के साथ मिलकर एक संगठित प्रतिक्रिया देने की कोशिश कर रही है, ताकि यह देखा जा सके कि एआई और दूरसंचार विकास को कैसे सकारात्मक रूप से समन्वित किया जा सकता है। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे हम 5जी से 6जी की तरफ बढ़ रहे हैं, कृत्रिम मेधा (एआई) का बहुत बड़ा काम होगा। यह नेटवर्क में बुद्धिमता को बेहतर बनाएगी, अपने आप ठीक होने में मदद करेगी, और एआई के पुराने तरीके से नए और बेहतर तरीके पर ले जाएगी। नेटवर्क के हर हिस्से में एआई कई काम खुद करेगी और इससे ग्राहक सेवा भी बेहतर होगी। दूरसंचार उद्योग के जानकारों के अनुसार, 6जी परीक्षण के 2028 में शुरू होने की उम्मीद है और इसका व्यावसायिक उपयोग शुरू होने में कुछ और समय लगेगा।

## योगी आदित्यनाथ ने कालीन व्यापारियों से कहा, अमेरिकी शुल्क नए बाजार तलाशने का एक अवसर



**भदोही (उप्र) :** अमेरिकी शुल्क के कारण पैदा हुई चुनौतियों के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कालीन निर्यातकों को सरकार के पूर्ण समर्थन का भरोसा दिया। उन्होंने कालीन निर्यातकों ने कहा कि इस चुनौती को नए बाजार तलाशने के लिए एक अवसर के रूप में लेना चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बयान में कहा कि आदित्यनाथ ने शनिवार को भदोही में 49वें अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले और चौथी कालीन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा, ''जब भी चुनौतियां आती हैं, तो अपने साथ अवसर भी लेकर आती हैं। अमेरिका ने शुल्क लगाया है, लेकिन यह केवल एक देश का निर्णय है। हम यूएई, ब्रिटेन और अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे हमारे उद्योगों के लिए नए रास्ते खुलेंगे।'' उन्होंने उद्योग पर शुल्क के प्रभाव की निगरानी और समाधान के लिए एक उच्च स्तरीय सरकारी समिति के गठन की भी घोषणा की। आदित्यनाथ ने कहा, ''हमारा लक्ष्य सिर्फ उद्योग को बचाना नहीं, बल्कि इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। जब एक देश शुल्क लगाता है, तो हम 10 नए देशों के लिए रास्ते खोलेंगे। यही आत्मनिर्भर भारत की भावना है। हमें चुनौतियों से डरना नहीं चाहिए, बल्कि उन्हें अवसरों में बदलना चाहिए। सरकार आपके साथ है और आपका भविष्य उज्ज्वल है।'' बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 साल पहले कालीन उद्योग बंदी के कगार पर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भदोही, मिर्जापुर और वाराणसी के कालीन क्लस्टर को नई ऊर्जा मिली। भदोही को केंद्र बनाकर कालीन एक्सपो मार्ट की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि जब पहली प्रदर्शनी का आयोजन हुआ था, तब विदेशी खरीदारों की संख्या बहुत कम थी, लेकिन आज 88 देशों से बड़ी संख्या में खरीददार यहां आ रहे हैं। यह बताता है कि वैश्विक बाजार में आपके कालीनों की मांग कितनी बढ़ी है।

## भारतीय बाजारों में एनआरआई निवेश को आसान बनाना सेबी का मुख्य लक्ष्य: पांडेय

**मुंबई :** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को कहा कि प्रवासी भारतीयों के लिए भारतीय बाजारों में निवेश को सुविधाजनक बनाना पूंजी बाजार नियामक का एक प्रमुख लक्ष्य है। नियामक ऐसे उपायों पर विचार कर रहा है, जिससे अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) को केवाईसी आवश्यकताओं के अनुपालन के लिए अपने देश की यात्रा न करनी पड़े। पांडेय ने यहां बीएसई ब्रोकर्स फोरम के एक कार्यक्रम में कहा, ''हम अभी तक प्रतिभूति बाजार में एनआरआई की भागीदारी को आसान बनाने के लिए सरल और सुरक्षित केवाईसी प्रक्रिया स्थापित नहीं कर पाए हैं। यह हमारे लिए एक जरूरी लक्ष्य होगा।'

## समुद्री खाद्य मांग को पूरा करने के लिए समुद्री कृषि उत्पादन बढ़ाने की जरूरत: सीएमएफआरआई

**कोच्चि :** देश की तेजी से बढ़ती समुद्री खाद्य मांग को पूरा करने के लिए समुद्री कृषि उत्पादन को मौजूदा 1.5 लाख टन से बढ़ाकर 2047 तक 25 लाख टन करने की आवश्यकता है। केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) के निदेशक ग्रिंसन जॉर्ज ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत के समुद्री मत्स्य पालन क्षेत्र में समुद्री कृषि अगली बड़ी घटना है। सीएमएफआरआई ने एक बयान में जॉर्ज के हवाले से कहा कि समुद्री मछली उत्पादन बढ़ाने के लिए केज (बाड़) कल्चर और एकीकृत बहुपोषी जलीय कृषि (आईएमटीए) जैसी विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है। वह सीएमएफआरआई में मत्स्य किसानों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) के राष्ट्रव्यापी शुभारंभ के अवसर पर आयोजित किया गया।

## एआई समाज और कृषि में बदलाव लाने को तैयार: फडणवीस

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) समाज और कृषि में बदलाव लाने के लिए तैयार है और इससे भाषा, वर्ग और भूगोल का अंतर पाटने में मदद मिल रही है। वह यहां बांद्रा स्थित महबूब स्टूडियो में एचपी और इंटेल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'एचपी ड्रीम्स अनलॉक्ड' उत्सव के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। फडणवीस ने कहा, 'एआई, डिजिटलीकरण और तकनीक हर भारतीय को सशक्त बना सकती है और कल्पना को हकीकत में बदल सकती है।' उन्होंने कहा कि कृषि में एआई का इस्तेमाल पहले से ही किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'पुणे में 'एग्री-हैकाथॉन' के दौरान युवा नवप्रवर्तकों ने ऐसे एआई मॉडल विकसित किए, जो कीटों के संक्रमण का पूर्वानुमान लगाने के लिए वायु कारकों का विश्लेषण करते हैं और समय पर चेतावनी देते हैं। यह किसानों के लिए एक बड़ा बदलाव है।' उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के हस्तक्षेप नुकसान कम करते हैं, लागत घटाते हैं और मुनाफा बढ़ाते हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 3381 अंक 191, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in